खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 03°C

बरेली, शनिवार 10 जनवरी 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 42 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 20 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देशभर में लोग भ्रष्टाचार तथा अन्याय से पीड़ित: राहुल गांधी पेज 2



पीवी सिंधु 13 महीनों में अपने पहले सेमीफाइनल में, सात्विक-चिराग बाहर खेल टाइम्स



वाई क्रोमोसोम रहित ट्यूमर अधिक घातक होते हैं सम्पादकीय



खामेनेई ने दी ट्रम्प को अमेरिका पर ध्यान देने की नसीहत पेज 12

# बांग्लादेश हिंसा पर भारत की दो टूक

## विदेश मंत्रालय ने कहा: बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न निंदनीय, खतरे में सुरक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न पर चिंता जताई।

जायसवाल ने कहा कि हम लगातार देख रहे हैं कि चरमपंथियों की ओर से अल्पसंख्यकों के साथ-साथ उनके घरों और व्यवसायों पर बार-बार हमले हो रहे हैं। यह चिंताजनक सिलसिला है। ऐसी सांप्रदायिक घटनाओं से तत्काल और



सख्ती से निपटना जरूरी है। ऐसी घटनाओं को व्यक्तिगत प्रतिद्वंद्विता, राजनीतिक मतभेद या बाहरी कारणों से जोड़ने की प्रवृत्ति चिंताजनक है। इस तरह की अनदेखी अपराधियों को और भी

- **अमेरिकी संसद में पेश बिल पर भी प्रतिक्रिया दी**
- **शक्सगाम घाटी में चीनी गतिविधियों पर जताया विरोध**

बेखौफ बनाती है और अल्पसंख्यकों के बीच खौफ और असुरक्षा की भावना को और गहरा करती है। अमेरिकी संसद में रूसी तेल की खरीद को लेकर 500 फीसदी टैरिफ का प्रावधान करने वाले विधेयक को लेकर भी विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी। हम प्रस्तावित विधेयक से अवगत हैं। हम घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। ऊर्जा स्रोतों के व्यापक मुद्दे पर हमारा रुख सर्वविदित है। इस प्रयास में हम वैश्विक बाजार की बदलती परिस्थितियों और 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा जरूरतों दोनों से अवगत हैं कि इन्हें पूरा करने के लिए सस्ती ऊर्जा विभिन्न स्रोतों से उपलब्ध हो। एमईए के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शक्सगाम घाटी में चीनी गतिविधियों पर भी चिंता व्यक्त की।

# देश की आंतरिक सुरक्षा और मजबूत होगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भारत के पहले राष्ट्रीय आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम का उद्घाटन किया। यह कदम देश की काउंटर-आईईडी और आंतरिक सुरक्षा संरचना को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

एनआईडीएमएस को नेशनल सिक्योरिटी गार्ड द्वारा विकसित किया गया है। यह एक सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो आईईडी से संबंधित डेटा के संग्रह, समेकन और वितरण को व्यवस्थित करने में मदद करेगा। वर्चुअल उद्घाटन के दौरान अमित



- **केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लॉन्च किया देश का पहला राष्ट्रीय आईईडी डेटा मैनेजमेंट सिस्टम**

शाह ने कहा कि इंटर-एजेंसी समन्वय भी अब और बेहतर होगा। यह सही समय और सही जगह पर सही जानकारी पहुंचाने का एक बहुत प्रभावी तरीका होगा। एनएसजी की स्थापना 1984 में हुई थी और तब से इसने दुनिया भर में हुए आतंकवादी हमलों का विश्लेषण किया है और किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार किया है। आतंकवाद रोधी गतिविधियां, हाइजैकिंग विरोधी आपरेशन, बम निष्कासन की उन्नत प्रणाली और अब सभी एजेंसियों के साथ डेटा साझा करने के लिए प्लेटफॉर्म तैयार करना ये सभी एनएसजी के महत्वपूर्ण कार्य हैं। एनएसजी के डायरेक्टर जनरल ब्रिघु श्रीनिवासन ने बताया कि पिछले 11 महीनों में एनएसजी ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर इस सिस्टम को तैयार किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से संभव एक फरवरी को बजट

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू हो सकता है। केंद्रीय बजट एक फरवरी, रविवार को पेश किया जा सकता है। संसद के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि यह संभावित कार्यक्रम संसदीय मामलों की कैबिनेट कमिटी ने बनाया है। इसके अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 जनवरी को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का पारंपरिक संबोधन साल के पहले संसद सत्र के पहले दिन होता है। दोनों सदन 29 जनवरी को नहीं मिलेंगे, क्योंकि उसी दिन बीटिंग रिट्रीट समारोह आयोजित होगा। संसद में 30 जनवरी को बैठक करेगी। उस दिन इकानॉमिक सर्वे पेश किया जा सकता है।

### हिमाचल में बस दुर्घटनाग्रस्त, हादसे में 12 लोगों की मौत

**नाहन।** हिमाचल के सिरमौर जिले के हरिपुरधार में निजी बस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई है। जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को घटनास्थल से निकाला जा रहा है। वहीं बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। ये बस कुपवी से शिमला जा रही थी। जो हरिपुरधार के पास 50 मीटर गहरी खाई में गिर गई। जानकारी के अनुसार बस में 45 लोग सवार थे।

### लालू यादव, राबड़ी और तेजस्वी के खिलाफ आरोप तय

**नई दिल्ली।** आगामी बिहार चुनाव के बीच आईआरसीटीसी होटल भ्रष्टाचार मामले में लालू प्रसाद यादव के खिलाफ आरोप तय हो गए। राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने आईआरसीटीसी होटल भ्रष्टाचार मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, धारा 120 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसी एक्ट) के तहत आरोप तय कर दिए हैं।

### गुजरात के राजकोट में 12 घंटे में सात भूकंप आए

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में पिछले 24 घंटे में भूकंप के 7 झटके महसूस किए गए। झटके हल्के थे, जिससे किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक इन झटकों की तीव्रता 2.7 से 3.8 के बीच दर्ज की गई। एहतियात के तौर पर आसपास के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

## आवारा कुत्तों के मामले में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन सुनवाई

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाई शर्मिला टैगोर के वकील को फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों के मामले में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं में से एक एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर ने इस समस्या से निपटने के लिए हाल ही में उठाए गए कदमों का विरोध किया। उनके वकील ने कहा कि सभी कुत्ते आक्रामक नहीं होते।

दिल्ली एम्स में गोल्डी नाम का एक कुत्ता है, जो सालों से वहां है लेकिन कभी किसी को नहीं काटा। इस बात पर कोर्ट ने टैगोर के वकील को फटकार लगाते हुए कहा कि क्या उस कुत्ते को हॉस्पिटल के ऑपरेशन थिएटर भी ले जाया गया है? सड़कों पर रहने वाले कुत्तों में अक्सर कीड़े-मकोड़े

**याचिकाकर्ताओं में से एक एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर ने इस समस्या से निपटने के लिए हाल ही में उठाए गए कदमों का किया विरोध**



**कहा: सभी कुत्ते आक्रामक नहीं होते, दिल्ली एम्स में गोल्डी नाम का एक कुत्ता है, जो सालों से है, कभी किसी को नहीं काटा**

होते हैं और हॉस्पिटल में ऐसे संक्रमित कुत्तों की मौजूदगी से भयावह स्थिति हो सकती है। क्या आपको इसकी समझ है? हम आपको इस बहस की वास्तविकता से अवगत कराएंगे। आप सच्चाई से बिल्कुल परे हैं और हॉस्पिटल में ऐसे कुत्तों को अच्छा दिखाने या महान साबित करने की कोशिश न करें। वहीं ऑल क्रिएचर्स ग्रेट एंड स्मॉल (एसीजीएस) संस्था की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इस मामले में कानून पहले से मौजूद हैं, इसलिए कोर्ट को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। जब संसद ने दखल नहीं दिया है, तो अदालत भी इसमें न आए। सिंघवी ने आगे कहा कि एमीकस क्यूरी (अदालत के सलाहकार) अच्छे तो होते हैं, लेकिन वे कानून के सलाहकार होते हैं। किसी सब्जेक्ट के एक्सपर्ट नहीं। ऐसे मामलों में डोमेन एक्सपर्ट्स (जैसे पशु, पर्यावरण या स्वास्थ्य विशेषज्ञ) को भी शामिल किया जाना चाहिए। सिंघवी ने अरावली केस का उदाहरण दिया, जहां पहले बनी समिति में ज्यादातर अफसर थे एक्सपर्ट नहीं। इसी वजह से उस फैसले पर दोबारा विचार करना पड़ा। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवम्बर 2025 को अरावली पहाड़ियों को लेकर फैसला सुनाया था। उसके अनुसार 100 मीटर से ऊपर की ऊंचाई वाली पहाड़ियों को ही 'अरावली हिल्स' माना जाना था। 29 दिसम्बर 2025 को कोर्ट ने अपने फैसले पर रोक लगाते हुए कहा कि पहले एक्सपर्ट राय -शेष पृष्ठ दो पर

# चर्चित अंकिता भंडारी प्रकरण में होगी CBI जांच

## उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने की संस्तुति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्व. अंकिता भंडारी के माता-पिता के अनुरोध व उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए अंकिता भंडारी प्रकरण की सीबीआई जांच कराए जाने की संस्तुति प्रदान की है ।

मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य शुरू से अंत तक निष्पक्ष, पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से न्याय सुनिश्चित करना रहा है और आगे भी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय बहन अंकिता भंडारी के साथ हुई इस अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक घटना की जानकारी मिलते ही राज्य सरकार ने बिना किसी विलंब के पूर्ण संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ कार्रवाई की। मामले की



फाइल फोटो

- **स्व. अंकिता भंडारी के माता-पिता के अनुरोध का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने लिया फैसला**

गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक महिला आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रकरण से जुड़े सभी अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार किया गया तथा राज्य सरकार की ओर से प्रभावी एवं सशक्त पैरवी सुनिश्चित की गई, जिसका परिणाम यह रहा कि विवेचना और ट्रायल के दौरान किसी भी अभियुक्त को जमानत नहीं मिल सकी। एसआईटी द्वारा गहन विवेचना के बाद अभियुक्तों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की गई और निचली -शेष पृष्ठ दो पर

# नेहरू की गलतियां स्वीकार करना जरूरी: शशि थरूर

**तिरुवनंतपुरम/कोच्चि।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि नेहरू की गलतियों को स्वीकार करना जरूरी है, लेकिन देश की हर समस्या के लिए उन्हें अकेले दोषी ठहराना पूरी तरह गलत और अनुचित है।

थरूर ने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि मोदी सरकार लोकतंत्र-विरोधी है, लेकिन वे निश्चित रूप से नेहरू-विरोधी हैं। नेहरू को एक सुविधाजनक बलि का बकरा बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि मैं भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के विचारों और दृष्टिकोण की गहरी

- **कहा: लेकिन हर समस्या के लिए उन्हें अकेले दोषी ठहराना गलत, मोदी सरकार उनकी विरोधी**

प्रशंसा करता हूं, लेकिन नेहरू की हर मान्यता और नीति का बिना आलोचना समर्थन नहीं कर सकता। थरूर केरल विधानसभा अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव के चौथे संस्करण में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि नेहरू भारतीय लोकतंत्र के संस्थापक थे। उन्होंने इसे मजबूती से स्थापित किया।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में आई-पीएसी कार्यालय पर ईडी की छापेमारी के विरोध में जादवपुर से हाजरा क्रॉसिंग तक एक विरोध रैली का नेतृत्व किया।

# मेरे पास शाह के खिलाफ पेन ड्राइव, मुझे छेड़ोंगे, तो छोड़ूंगी नहीं: ममता

**कोलकाता/नई दिल्ली।** प. बंगाल में टीएमसी के आईटी सेल के चीफ के ठिकानों पर गुरुवार को हुई ईडी रेड के विरोध में टीएमसी दिल्ली से कोलकाता तक विरोध प्रदर्शन कर रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ईडी पर दो एफआईआर भी दर्ज कराई हैं। उन्होंने कोलकाता में मार्च भी निकाला।

इस दौरान ममता बनर्जी ने दावा किया कि उनके पास गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ पेन ड्राइव हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं तक कोयला घोटाले की रकम पहुंचती है। मेरे पास इसके सबूत हैं। जरूरत पड़ी तो मैं इन्हें जनता के सामने पेश कर सकती हूं। ममता ने कहा कि कोयला घोटाले का पैसा सुवेंदु अधिकारी ने इस्तेमाल किया और अमित शाह को भेजा। मैं आमतौर पर प्रतिक्रिया नहीं देतीं, लेकिन अगर कोई मुझे छेड़ता है, तो मैं छोड़ती नहीं हूं। इधर कलकत्ता हाईकोर्ट ने कोर्ट परिसर में भारी भीड़ और हंगामे की वजह से ईडी की याचिका पर सुनवाई टाल दी है। याचिका में ममता बनर्जी के खिलाफ छापेमारी के दौरान हस्तक्षेप करने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।

- **ईडी की रेड के बाद कोलकाता में रैली की**
- **कलकत्ता हाईकोर्ट ने कोर्ट परिसर में भारी भीड़ व हंगामे की वजह से ईडी की याचिका पर सुनवाई टाली**

### पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को बम से उड़ाने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को गुरुवार देर रात ई-मेल के जरिये जान से मारने की धमकी दी गई। ई-मेल में राज्यपाल को बम से उड़ाने की बात लिखी थी। पुलिस ने कुछ ही घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोलकाता के पास साल्ट लेक इलाके से पकड़ा गया है। उससे पूछताछ की जा रही है कि उसने धमकी क्यों दी और इसके पीछे क्या साजिश हो सकती है।

# सिर्फ एक कॉल की वजह से अटका व्यापार समझौता

वाशिंगटन, वार्ता

**डोनाल्ड ट्रम्प** ने जब से अमेरिकी राष्ट्रपति पद संभाला है, तब से उनकी भारत के साथ रिश्तों में तल्खी सामने आ रही है। भारत पर अमेरिकी टैरिफ का दबाव जारी है। इसी के साथ हालिया टिप्पणी में इस भार को और बढ़ाने की आशंका जताई है।

भारत के साथ चल रहे ट्रम्प के रिश्तों के बीच अब अमेरिका के वाणिज्य सचिव हावर्ड लुटनिक ने भारत- अमेरिका ट्रेड डील को लेकर एक बड़ा और नया खुलासा किया है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अभी तक अंतिम रूप न दिए जाने के कारण पर उन्होंने दावा करते हुए कहा कि



- **अमेरिका के वाणिज्य सचिव हावर्ड लुटनिक ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर एक बड़ा और नया खुलासा किया**

व्यापार समझौता इसलिए अटका हुआ है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बात नहीं की। उन्होंने दावे के साथ कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी की ओर से ट्रम्प को फोन न करने के कारण यह समझौता अटका हुआ है। हावर्ड लुटनिक ने साफ कहा कि ट्रेड डील के अटकने के पीछे की वजह कोई नीतिगत मतभेद नहीं, बल्कि पीएम मोदी का ट्रम्प को सीधे फोन नहीं करना है। ऑल-इन पॉडकास्ट में बोलते हुए अमेरिकी वाणिज्य मंत्री लुटनिक ने दावा किया कि ट्रेड डील की रूपरेखा पूरी तरह से तैयार थी, लेकिन उसे अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी को डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बात करनी थी। बकौल लुटनिक भारत सरकार इसके लिए सहज नहीं थी और आखिरकार यह कॉल नहीं की गई, जिसके चलते व्यापार समझौता अटक गया। इंटरव्यू में लुटनिक ने कहा कि चलिए साफ कर देता हूं, यह उनकी (ट्रम्प) डील थी, वही अंतिम फैसला लेते हैं। वही सब कुछ करते हैं। सब कुछ पहले से तय था, इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी को सिर्फ राष्ट्रपति ट्रम्प को फोन करना था। वे ऐसा करने में असहज महसूस कर रहे थे। पीएम मोदी ने फोन नहीं किया, इसलिए सौदा नहीं हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा विधायक विजय सिंह गौड़ पंचतत्व में विलीन हुए

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले में विधान सभा क्षेत्र दुद्धी के दिवंगत विधायक विजय सिंह गोंड़ की अंत्येष्टि गमगीन माहौल के बीच शुक्रवार को गोंड़ीय आदिवासी परंपरा के अनुसार दी गई। उक्त परंपरा में शव को दफनाने का रिवाज है। लंबी बीमारी के बाद विधायक विजय सिंह गोंड़ ने एसजी पीजीआई लखनऊ में गुरुवार को अंतिम सांस ली थी। गोंड़ का पार्थिव शरीर गुरुवार को देर रात उनके दुद्धी स्थित आवास पर पहुंचा, जहां भारी संख्या में लोग मौजूद थे। आदिवासी नेता का शव शुक्रवार को उनके आवास पर आमजनता के दर्शनार्थ रखा गया जहां भारी भीड़ उमड़ पड़ी तथा आमजनता के साथ ही जिलाधिकारी बीएन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कीया। दिवंगत नेता को प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ आनर भी पेश किया गया। प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड भी दिवंगत विधायक को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे।

### रात्रि गश्त के दौरान फिसल जाने से एक सैनिक की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में तैनात हरियाणा के एक सैन्य कर्मी की रात्रि गश्त ड्यूटी के दौरान फिसलकर गिरने से मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फतेहगढ़ शीरी कैंप में तैनात सेना की 46 राष्ट्रीय राइफल्स का जवान घटना के बाद बेहोश हो गया और उसे तुरंत सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) बारामूला ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की चिकित्सा-विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# सियासी दलों ने की बूथ स्तर पर मतदाता जोड़ने की कवायद तेज

## उप्र में मतदाता सूची से 2.89 करोड़ नाम हटने के बाद राजनीतिक दलों ने सक्रियता बढ़ाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




■ पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने पर जोर दिया जा रहा

**लखनऊ।** निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश की मसौदा मतदाता सूची जारी किए जाने के बाद राज्य में सियासी दलों ने बूथ स्तर पर मतदाता जोड़ने की कवायद तेज कर दी है।

मसौदा सूची में 2.89 करोड़ नाम हटाए जाने के बाद एक माह की दावे एवं आपत्तियां (क्लेम्स एंड ऑब्जेक्शंस) अवधि के दौरान पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने पर जोर दिया जा रहा है। यह अवधि छह फरवरी तक चलेगी। अधिकारियों की मानें, तो इस प्रक्रिया में विशेष रूप से उन नए युवा मतदाताओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जिन्होंने एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी की है। इसके अलावा वे मतदाता जिनके नाम दस्तावेजों की कमी, अनमैप्ड स्थिति या गणना के दौरान बूथ लेवल ऑफिसरों (बीएलओ) को अनुपस्थित या अप्राप्य पाए जाने के कारण हटाए गए थे, उन्हें भी दोबारा जोड़ने की कोशिश की जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मतदाता नामांकन के मामले में भारतीय जनता पार्टी ने अन्य दलों पर स्पष्ट बढ़त बना ली है। भाजपा ने अब तक 1121 आवेदन जमा किए हैं, जबकि समाजवादी पार्टी ने 26 और बहुजन समाज पार्टी ने केवल 19 आवेदन दिए हैं। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि जिन पात्र मतदाताओं के नाम मसौदा सूची में शामिल नहीं हैं, वे आवश्यक दस्तावेजों और घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा भी इस फॉर्म के जरिए अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण में 6 जनवरी से 6 फरवरी तक दावे और आपत्तियां दाखिल की जा सकती हैं। राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) प्रतिदिन 10 फॉर्म तक जमा कर सकते हैं। इस प्रक्रिया के तहत 27 फरवरी तक इन दावों और आपत्तियों की सुनवाई और सत्यापन किया जाएगा, जिसके बाद अंतिम मतदाता सूची 6 मार्च को प्रकाशित होगी। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पार्टी ने उन पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए संगठनात्मक स्तर पर पूरी मशीनरी सक्रिय कर दी है, जिनके नाम मसौदा सूची में शामिल नहीं हो पाए। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची की प्रतियां दी गई हैं और सभी मोर्चों व प्रकोष्ठों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बीएलओ के साथ समन्वय कर सूची की समीक्षा करें। पार्टी ने प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 200 मतदाताओं के नाम जुड़वाने का लक्ष्य तय किया है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पिछले महीने पार्टी की एक बैठक में लापता मतदाताओं का मुद्दा उठाया था। उन्होंने 14 दिसम्बर को कहा था कि ये आपके विरोधियों के मतदाता नहीं हैं, इनमें से 85 से 90 प्रतिशत हमारे मतदाता हैं।

# नमामि गंगे मिशन के तहत गंगा यमुना में पांच सीवरेज परियोजनाएं शुरू

**नई दिल्ली, वार्ता**

जल शक्ति मंत्रालय ने नमामि गंगे मिशन चरण-दो के तहत गंगा और यमुना नदियों की सफाई के क्रम में पांच प्रमुख सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू कर दी हैं। मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में पांच सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के संचालन को महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा है कि इससे कई राज्यों में प्रदूषण उन्मूलन और नदी कायाकल्प प्रयासों को मजबूती मिलेगी।

गंगा सफाई की योजनाओं के तहत शुरु की गई इन परियोजनाओं पर मंत्रालय का कहना है कि वित्त वर्ष के दौरान अब तक प्रमुख शहरी केंद्रों में सीवेज उपचार क्षमता को बढ़ाते हुए 9 परियोजनाएं चालू की गई हैं। दूसरी तमाही तक जिन परियोजनाओं का संचालन हुआ है, उनमें उत्तराखंड के उधम सिंह नगर तथा उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के साथ ही पश्चिम बंगाल के महेशतला और जंगीपुर शामिल है। मंत्रालय का कहना है कि नमामी गंगे मिशन के तहत इन 5 परियोजनाओं के चालू होने के साथ ही शुरू की गई कुल एसटीपी क्षमता 3,976 एमएलडी तक पहुंच गई है और चालू सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की कुल संख्या अब 173 हो गई है। ये उपलब्धियां अनुपचारित सीवेज को नदियों में डालने से रोकने और शहरी स्वच्छता बुनियादी ढांचे में सुधार करने के मिशन के उद्देश्य का परिणाम है।

# विशाखा कमेटी की जांच में डा. रमीज दोषी, निष्कासन की सिफारिश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ कमेटी की फाइंडिंग के आधार पर उसे निष्कासित करने का निर्णय लिया

**लखनऊ।** लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में सामने आए लव जिहाद के मामले में विशाखा कमेटी ने रेजिडेंट डॉक्टर रमीज उद्दीन नायक उर्फ रमीज मलिक को दोषी पाया है। कमेटी की जांच में फिजिकल, इमोशनल और मेंटल हरासमेंट के आरोप सही पाए गए हैं। इसके बाद आरोपी डॉक्टर को निलंबित कर दिया गया है और उसके निष्कासन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

शुक्रवार को परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में प्रेस कांफ्रेस में विवि की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि डॉक्टर रमीज उद्दीन अभी निलंबित चल रहे हैं। कमेटी की फाइंडिंग के आधार पर उसे निष्कासित करने का निर्णय लिया गया है। सोनिया नित्यानंद ने कहा कि विवि में नीट के जरिए एमबीबीएस में प्रवेश होता है। यह प्रवेश चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा दिया जाता है। इसलिए रमीज के निष्कासन की संस्तुति उन्होंने चिकित्सा शिक्षा विभाग से की है।

विवि के चीफ प्रॉक्टर प्रो. आरएस कुशवाहा ने बताया कि जांच के दौरान रमीज एक बार कमेटी के सामने उपस्थित हुआ, लेकिन इसके बाद उसका मोबा. इल फोन लगातार स्विच ऑफ जाने लगा। रमीज के पिता ने कमेटी के समक्ष दावा किया कि उनका बेटा शादीशुदा नहीं है। इस दावे की पुष्टि के लिए कमेटी ने हलफनामा मांगा, लेकिन वह प्रस्तुत नहीं किया गया। चीफ प्रॉक्टर सुरेश कुशवाहा ने बताया कि पीड़िता की सुरक्षा को देखते हुए 23 तारीख को उसे हॉस्टल में रहने का अनुरोध किया गया था। सुरक्षा के लिए अतिरिक्त गार्ड भी तैनात किए गए थे। पहले तो दो दिन छात्रा के पिता ने भी शिकायत नहीं दर्ज कराई थी।

## भाजपा सरकार हर दिन कुचल रही आम लोगों की जिंदगी: राहुल गांधी

# देशभर में लोग भ्रष्टाचार वा अन्याय से पीड़ित

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ देशभर में 'भ्रष्ट' भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकारों ने जनता की जिंदगी तबाह की

■ सरदार वल्लभभाई पटेल की झांकी बनाने के नाम पर हुए भ्रष्टाचार पर माफी मांगे भाजपा: कांग्रेस

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला करते हुए आरा. `प लगाया है कि उसके शासन में देशभर में लोग भ्रष्टाचार तथा अन्याय से पीड़ित हैं और विकास की बात करने वाली भाजपा की 'डबल इंजन सरकार तबाही की रफ्तार' का प्रतीक बन गई है।

गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, देश भर में 'भ्रष्ट' भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरक. ारों ने जनता की जिंदगी तबाह कर दी है। भ्रष्टाचार के साथ सत्ता का दुरुपयोग और अहंकार का जहर भाजपा की राजनीति में ऊपर से नीचे तक फैल चुका है। इनके सिस्टम में गरीब, असहाय, मजदूर और मध्यम वर्ग की जिंदगी सिफ आंकड़ा है और 'विकास' के नाम पर वसूली-तंत्र चल रहा है। उन्होंने देशभर की विभिन्न घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तराखंड में अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था, लेकिन सवाल आज भी वही है, सत्ता का संरक्षण भाजपा के किस 'अति महत्वपूर्ण व्यक्ति' को बचा रहा है। यह सरकार बताए कि कानून सबके लिए बराबर कब होगा। इसी तरह उत्तर प्रदेश के उन्नाव कांड को भी पूरा देश देख चुका है कि सत्ता के गुरूर में अपराधियों को कैसे बचाया गया और पीड़िता को न्याय के लिए कितनी कीमत चुकानी पड़ी। गांधी ने मध्य प्रदेश में देश की सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में गंदा पानी पीने से लोगों की मृत्यु पर दुख जताया और कहा कि इंदौर में जहरीला पानी पीकर मौतें हों या गुजरात, हरियाणा, दिल्ली तक 'काले पानी' और दूषित पानी की आपूर्ति की शिकायतें, हर तरफ बीमारियों का डर है। राजस्थान की अरावली हो या अन्य प्राकृतिक संसाधन, जहां-जहां अरबपतियों का लालच और स्वार्थ पहुंचा, वहां-वहां नियमों को रौंद दिया गया। पहाड़ काटे जा रहे हैं, जंगल उजाड़े जा रहे हैं और जनता को बदले में मिल रहा है धूल, प्रदूषण और आपदा। उन्होंने खांसी के सिरप से राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में बच्चों की मौत को सरकार की लापरवाही बताया और कहा कि खांसी के सिरप से बच्चों की मौतें, सरकारी अस्पतालों में नवजातों पर चूहों का हमला और सरकारी स्कूलों की गिरती छतें, ये 'लापरवाही' नहीं, भ्रष्टाचार की सीधी मार है। पुल गिरते हैं, सड़कें धंसती हैं, ट्रेन हादसों में परिवार मिट जाते हैं और भाजपा सरकार हर बार वही करती है, फोटो-अप, ट्वीट और मुआवजे की औपचारिकता। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला किया और कहा कि मोदी जी का 'डबल इंजन' चल रहा है, लेकिन सिफ अरबपतियों के लिए। आम भारतीयों के लिए ये भ्रष्टाचार की डबल इंजन सरकार विकास नहीं, तबाही की रफ्तार है, जो हर दिन किसी न किसी की जिंदगी कुचल रहा है।

### मोदी ने विदेश नीति को गहरी चोट पहुंचाई: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार ने भारत की गुटनिरपेक्षता और सामरिक स्वायत्तता की विदेश नीति को गहरी चोट पहुंचाई है। खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि श्री मोदी का नारा था, मैं देश नहीं झुकने दूंगा, लेकिन आज जो कुछ भी हो रहा है, वह इसके बिल्कुल उल्टा है। दो ताजा उदाहरणों में पहला है कि पांच साल से चीनी कंपनियों पर लगा प्रतिबंध हटाया जा रहा है। गलवान में भारतीय वीर सैनिकों ने जो आहुति दी, उनके बलिदान का अपमान तो मोदी जी ने पहले ही चीन को 'क्लीन चिट' थमाकर किया था।



**सेंसेक्स** 85683.30
**निफ्टी** 26140.75



**सोना रु.** 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 254620
प्रति किलो



# शेयर बाजार लगातार पांचवें दिन टूटे, सेंसेक्स 605 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 604.72 अंक (0.72 प्रतिशत) लुढ़ककर 83,576.24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 193.55 अंक यानी 0.75 फीसदी गिरकर 25,683.30 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का दो महीने का निचला स्तर है।

तेल एवं गैस, आईटी और सार्वजनिक बैंकों को छोड़कर अन्य सभी समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। ऑटो, एफएमसीजी, रियलिटी, फार्मा, निजी बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, वित्त, स्वास्थ्य और रसायन समूहों के सूचकांकों पर अधिक दबाव देखा गया। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.69 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.81 प्रतिशत की गिरावट में रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूटे। अडानी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, सनफार्मा, इंडिगो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, टाइटन, आईटीसी और टाटा स्टील के शेयरों में एक से दो प्रतिशत के बीच गिरावट रही। मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनी. लिवर, पावरग्रिड और ट्रेंट के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। एशियन पेंट्स का शेयर एक फीसदी से अधिक चढ़ा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बीईएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इटरनल में भी तेजी रही।

# उप्र में आलू उत्पादन की स्थिति सुदृढ़, भण्डारण क्षमता पर्याप्त

**लखनऊ।** देश के प्रमुख आलू उत्पादक राज्यों में अग्रणी उत्तर प्रदेश में पिछले साल की तरह इस बार भी आलू की अच्छी उपज होने की संभावना है, जिसको देखते हुए आलू के भंडारण के पर्याप्त उपाय कर लिए गए हैं। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि प्रदेश में लगभग छह लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में आलू की खेती की जाती है।

उत्पादन की अधिकता के कारण उत्तर प्रदेश से देश के अन्य राज्यों के साथ-साथ विदेशों में भी आलू की आपूर्ति की जाती है। नए आलू की आवक मंडियों में लगभग मध्य दिसम्बर से प्रारम्भ हो जाती है। नए आलू का छिलका पूर्ण रूप से परिपक्व न होने के कारण यह भण्डारण योग्य नहीं होता तथा मुख्यतघ भोज्य आलू के रूप में उपभोग किया जाता है। मंडियों में नए आलू की अधिक आवक होने से मांग-आपूर्ति के सिद्धान्त के अनुसार बाजार भाव पर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में कुल 2243 निजी शीतगृह संचालित हैं, जिनकी कुल भण्डारण क्षमता लगभग 192 लाख मीट्रिक टन है। वर्ष 2025 में लगभग 159 लाख मीट्रिक टन आलू का भण्डारण किया गया था, जबकि लगभग 33 लाख मीट्रिक टन भण्डारण क्षमता अवशेष रूप में उपलब्ध रही। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश में आलू भण्डारण के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। शीतगृहों में आलू भण्डारण का कार्य सामान्यत: मध्य फरवरी से आरम्भ होता है। उद्यान विभाग के निदेशक भानु प्रकाश राम ने आलू उत्पादक कृषकों को सलाह दी है कि वे अपनी उपज की खुदाई, विपणन एवं भण्डारण की समुचित योजना बनाएं तथा बाजार भाव की अनुकूलता के अनुसार आलू का विक्रय अथवा भण्डारण कर अधिकतम लाभ प्राप्त करें।

# चावल, चीनी नरमद्ध खाद्य तेलों, दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ चीनी भी सस्ती हुई। वहीं गेहूं में टिकाव रहा जबकि खाद्य तेलों और दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत चार रुपये घटकर 3,856 रुपये प्रति क्विटंल रह गई। गेहूं 2,852 रुपये प्रति क्विटंल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत पांच रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में उतार.चढ़ाव देखा गया। मसूर दाल औसतन 14 रुपये और मूंग दाल छह रुपये प्रति क्विटंल सस्ती हुई। वहीं उड़द दाल की कीमत नौ रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। चना दाल और तुअर दाल के भाव कमोबेश स्थिर रहे। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा पांच रिंगिट गिरकर 4,038 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.53 प्रतिशत की बढ़त में 49.71 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की कीमत 65 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल 55 रुपये और सूरजमुखी तेल 46 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल 22 रुपये और सरसों तेल दो रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति की कीमत में टिकाव देखा गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 14 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7785.40 रुपये, मसूर काली 8130.13 रुपये, मूंग दाल 1092.84 रुपये, उड़द दाल 10416.68 रुपये, तुअर दाल 10612.4 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2851.51 रुपये और चावल 3851.94 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3303.39 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4298.24 रुपये और गुड़ 4978.33 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...**

जरूरी है। सीनियर एडवोकेट महालक्ष्मी पावनी (एनीमल राइट्स एक्टिविस्ट) ने कहा कि लोग कुत्ते रखने वाली महिलाओं के लिए अपमानजनक बातें करते हैं। कह रहे हैं कि महिलाएं संतुष्टि के लिए कुत्तों के साथ सोती हैं। एक अन्य याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि कुत्तों के माइक्रो-चिप लगवाने की सलाह भी ठीक है। इसकी कीमत 100-200 रुपये है। एक बार जब यह लग जाएगी, तो अगर कोई आक्रामक कुत्ता लोगों के पीछे भागता है। तो उसे ट्रैक कर ऑरेंज कैटेगरी में डाला जा सकता है। अगर काटने की घटना होती है, तो रेड फ्लैग लगाया जा सकता है। दूसरे देशों में यह कारगर है। इस पर जस्टिस मेहता ने कहा कि उन देशों की आबादी कितनी है? जरा प्रैक्टिकल बातें करें। टैगोर के वकील ने आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए हाल ही में उठाए गए कदमों का विरोध किया और एग्रेसिव और नॉर्मल कुत्तों का पता लगाने के लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाने जैसे तर्क दिए। वकील ने कोर्ट में यह भी सुझाव दिया कि काटने वाले कुत्तों की पहचान के लिए कॉलर को रंग के आधार पर कोडित किया जाए, जैसे जॉर्जिया और अर्मेनिया जैसे देशों में होता है। इस पर कोर्ट ने उनसे पूछा कि इन देशों की आबादी कितनी है। वकील आप थोड़ा वास्तविक बातें करें।

**चर्चित अंकिता...**

अदालत द्वारा सुनवाई पूर्ण होने पर अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह पूरे प्रकरण में इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि राज्य सरकार ने आरंभ से लेकर अंत तक निष्पक्षता, पारदर्शिता और दृढ़ता के साथ न्याय सुनिश्चित किया है। साथ ही, हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही कुछ ऑडियो क्लिप्स के संबंध में भी अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिन पर जांच की प्रक्रिया निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि सरकार की मंशा पूरी तरह स्पष्ट है और किसी भी तथ्य या साक्ष्य की अनदेखी नहीं की जाएगी।

उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि अंकिता केवल एक पीड़िता नहीं थी, बल्कि वह हमारी भी बहन और बेटी थी। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि हाल ही में उन्होंने स्वयं स्वर्गीय अंकिता भंडारी के माता-पिता से मुलाकात की, जिसमें बातचीत के दौरान उन्होंने मामले की सीबीआई जांच कराए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय अंकिता के माता-पिता के इस अनुरोध और उनकी भावनाओं का पूर्ण सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने इस प्रकरण की सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री धामी ने पुन: दोहराया कि राज्य सरकार पहले भी न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी पूरी दृढ़ता एवं संवेदनशीलता के साथ स्वर्गीय बहन अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए संकल्पबद्ध रहेगी।

# कोडीन कफ सिरप मामले में मुख्य आरोपी के घर पुलिस का छापा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में गुरुवार को मंडुआडीह थाना क्षेत्र के मड़ौली निवासी मुख्य आरोपी प्रशांत उपाध्याय के घर कोतवाली, रामनगर और आदमपुर पुलिस ने घंटों छापेमारी की तथा जांच की। पुलिस को प्रशांत उपाध्याय घर पर नहीं मिला। जांच के दौरान पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं, जो शुभम जायसवाल से जुड़े नेटवर्क को पकड़ने में काफी मदद करेंगे। प्रशांत उपाध्याय की फर्म और शैली ट्रेडर्स के बीच किए गए लेन-देन की कड़ी को पुलिस तलाश रही है। राधिका इंटरप्राइजेज और राजेंद्र ड्रग एजेंसी के मालिक प्रशांत उपाध्याय को भी प्रतिबंधित कफ सिरप मामले से जुड़े काले कारोबार का बड़ा खिलाड़ी माना जा रहा है। प्रशांत उपाध्याय के खिलाफ ड्रग विभाग द्वारा पहले ही कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्रशांत उपाध्याय की कारोबारियों में अच्छी पैठ मानी जाती रही है।

# गो-आश्रय स्थलों पर मजबूत मॉनिटरिंग सिस्टम लागू

**लखनऊ, वार्ता**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के गो-आश्रय स्थलों पर लगातार निगरानी, प्रबंधन और सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण का कार्य तेज गति से जारी है।

अधिकारियों की मानें तो प्रदेश के 75 जनपदों के कुल 6718 ग्रामीण गौ-आश्रय स्थलों में से 65 जनपदों के 4366 गो-आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी तंत्र को मजबूत किया गया है। बाकी जनपदों में भी निगरानी तंत्र को सुदृढ़ किए जाने की कार्रवाई प्रक्रिया में है। साथ ही प्रदेश के हरदोई, आगरा, जालौन सहित 20 जनपदों के विकास भवनों में केंद्रीकृत निगरानी कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं, जिसके माध्यम से आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं पर सतत नजर रखी जा रही है। योगी सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। गौ-आश्रय स्थलों पर गोवंश के लिए शेड, स्वच्छ भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था, खड़ंजा, भूसा भंडार गृह, उपचार कक्ष, प्रकाश और सोलर लाइट जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ और व्यवस्थित ढंग से विकसित किया जा रहा है।

पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि गो-आश्रय स्थलों की बेहतर निगरानी एवं व्यवस्था के समन्वय के लिए राज्य के 20 जनपदों के विकास भवनों में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। हरदोई, आगरा, जालौन, झांसी, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली, जौनपुर, अयोध्या, आजमगढ़, पीलीभीत, कौशांबी, शामली, बस्ती, अंबेडकरनगर, बलिया, एटा, अमरोहा, फर्रुखाबाद और चंदौली में ए कंट्रोल रूम कार्यरत हैं। शेष जनपदों में भी चरणबद्ध ढंग से यह व्यवस्था सुदृढ़ की जा रही है। उन्होंने कहा कि निगरानी तंत्र मजबूत होने से गोवंश की देखभाल अधिक व्यवस्थित और जिम्मेदाराना ढंग से हो रही है। किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में तत्काल कार्रवाई संभव हो रही है। गो-आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने के साथ-साथ ठंड से सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्थलों पर हरा चारा, तिरपाल, काउ-कोट, अलाव, औषधियां, उपचार सुविधा और पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ठंड अथवा अव्यवस्था के कारण किसी भी गोवंश की मृत्यु न हो।

# महिला की आपत्तिजनक वीडियो अपलोड की

## ब्लैकमेलिंग का आरोप, दो पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। राजस्थान में नौकरी कर रही अमरोहा की एक महिला को सोशल मीडिया पर बदनाम करने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ लोगों ने महिला की फोटो का दुरुपयोग कर आपत्तिजनक वीडियो तैयार किया और उसे इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। वीडियो को अब तक 50 हजार से अधिक लोग देख चुके हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों इंस्टाग्राम आईडी संचालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला नगर कोतवाली क्षेत्र का है। अमरोहा निवासी एक कारोबारी की शादीशुदा बेटी राजस्थान में नौकरी करती है। पीड़िता के अनुसार इंस्टाग्राम यूजर आईडी "रिश्ते मुस्लिम दल ऑफिशल" और "हैदरी दल-00" के जरिए उसे लगातार परेशान किया जा रहा है। आरोप है कि उसकी तस्वीरों से आपत्तिजनक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए गए, जिन पर बड़ी संख्या में आपत्तिजनक टिप्पणियां भी की गईं। पीड़िता का कहना है कि दोनों आईडी संचालक उस पर दबाव बना रहे हैं कि वह एक युवक अनुज पर झूठा आरोप लगाए कि वह उसे हिंदू बनने के लिए मजबूर कर रहा है। ऐसा न करने पर आरोपियों ने नौकरी छोड़ने का दबाव बनाने और और अधिक बदनाम करने की धमकी दी है। सोशल मीडिया पर बदनामी के चलते महिला मानसिक और शारीरिक रूप से बेहद परेशान है। पीड़िता ने पूरे मामले की शिकायत नगर कोतवाली पुलिस से की, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर दोनों इंस्टाग्राम आईडी संचालकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# क्रेशर-कोल्हू की दूरी बढ़ाने पर भड़की भाकियू

## किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक पंचायत में शुगर मिल से गन्ना क्रेशर व कोल्हुओं की दूरी 7 किलोमीटर से बढ़ाकर 15 किलोमीटर किए जाने के प्रस्ताव का जोरदार विरोध किया गया। पंचायत में मौजूद किसानों ने इसे किसान हितों के खिलाफ बताते हुए एक स्वर में इसे वापस लेने की मांग की। किसानों ने एकजुट होकर चेतावनी दी कि यदि क्रेशरख्रकोल्हुओं की दूरी बढ़ाने का फैसला वापस नहीं लिया गया तो भाकियू (असली) मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाएगी।

पंचायत को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने कहा कि दूरी बढ़ाने से किसानों को गन्ने की पेराई के लिए दूर जाना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होगी। उन्होंने कहा कि यह फैसला सीधे तौर पर शुगर मिलों की मनमानी को बढ़ावा देगा। यदि दायरा बढ़ाया गया तो भाकियू (असली) आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। जिला प्रवक्ता नरेश कुमार ने कहा कि किसान पहले से ही महंगी खेती, गन्ना भुगतान में देरी और आवारा पशुओं की समस्या से परेशान हैं। ऐसे में क्रेशर और कोल्हुओं की दूरी बढ़ाना किसानों पर अतिरिक्त बोझ डालने जैसा है। उन्होंने कहा कि संगठन किसी भी कीमत पर यह फैसला लागू नहीं होने देगा। ब्लॉक अध्यक्ष जसपाल गिल ने पंचायत में कहा कि सरकार और प्रशासन को किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने क्रेशरख्रकोल्हुओं का दायरा पूर्ववत रखने के साथ-साथ आवारा पशुओं से किसानों व फसलों की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई। तहसील अध्यक्ष जगदीश सिंह यादव ने कहा कि यदि किसानों की मांगों को नजरअंदाज किया गया तो भाकियू (असली) तहसील से लेकर जिला स्तर तक व्यापक आंदोलन छेड़ेगी। उन्होंने कहा कि किसान अपने अधिकारों के लिए पूरी तरह एकजुट हैं। पंचायत में डूंगर सिंह, नरेश कुमार, जसपाल गिल, जगदीश सिंह यादव के अलावा दिनेश सिंह, नरेश सिंह, कचेदू सिंह, प्रदीप सिंह, बॉबी सिंह, गंगा शरण सैनी, ओमवीर सिंह, जुल्फिकार मलिक, पुरुष देवल, जगदीश यादव, सुरेश यादव, प्रकाश देव शर्मा, खेमपाल सिंह, शाकिर अली, राजीव त्यागी, मूलचंद त्यागी, जन्म सिंह, कपिल त्यागी, यशपाल यादव, समरपाल सिंह, हरविंदर सिंह, इश्तियाक अल्वी, रामवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# जाम लगाने में फंसे भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष

## पांच नामजद समेत तीस अज्ञात पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। किसान समस्याओं को लेकर कलक्ट्रेट के सामने अमरोहा-जोया रोड पर जाम लगाना भाकियू शंकर गुट के किसान नेताओं को मंहगा पड़ गया। बंबूगढ़ चौकी प्रभारी विकास त्यागी की तहरीर पर मामले में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह समेत पांच नामजद और तीस अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। बेवजह जाम लगाए जाने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। वहीं, जाम खुलवाने को लेकर किसान नेताओं की पुलिस कर्मियों से भी झड़प हुई थी।

घटना 7 जनवरी की है। भाकियू शंकर के बैनर तले काफी संख्या में किसान एकत्र होकर कलक्ट्रेट पहुंचे थे। किसानों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया था। जिसकी अगुवाई संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह कर रहे थे। धरने के बाद नारेबाजी करते हुए कलक्ट्रेट से बाहर निकले संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किसानों को साथ लेकर अमरोहा-जोया मार्ग पर कब्जा कर जाम लगा दिया था। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने बमुश्किल जाम खुलवाया था। इस दौरान करीब 15 मिनट तक जाम लगा रहा था, जिसके चलते मुख्य सड़क के दोनों छोर पर काफी दूर तक वाहनों की कतारें लग गई थीं। जिससे आम लोगों को आवागमन में काफी दुश्वारी हुई थी वहीं संगठन पदाधिकारियों की पुलिस से झड़प भी हुई थी। बिना अनुमति सड़क जाम करने पर जिम्मेदार अफसरों ने कड़ी नाराजगी जताई थी। मामले में बंबूगढ़ चौकी इंचार्ज विकास त्यागी की ओर से तहरीर दी गई थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के अलावा किसान नेता सत्यवीर सिंह, नेमपाल सिंह, राजकुमार उर्फ मोनू व विक्रम पंवार को नामजद करते हुए 25-30 अज्ञात लोगों के खिलाफ बिना अनुमति सड़क जाम करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वीडियो-फोटो के आधार पर अज्ञात लोगों की पहचान की जा रही है। आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# गांव का मुख्य रास्ता बना तालाब

## एक साल से भरा हुआ है गंदा पानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। विकासखंड गंगेश्वरी में प्रशासनिक अनदेखी की एक बड़ी तस्वीर सामने आई है। यहाँ गंगाचोली मिलक के निकट सतेड़ा-मटैना मार्ग पिछले एक वर्ष से अधिक समय से पक्का मार्ग तालाब बना हुआ है। जलभराव की विकराल समस्या के कारण ग्रामीणों का जीना दुश्वार हो गया है। लेकिन बार-बार की शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद सोये हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव में जलनिकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर जमा हो रहा है। जिससे न केवल दुर्गंध फैल रही है बल्कि संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है। यह मार्ग केवल स्थानीय लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि पूठ गंगा धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी मुख्य रास्ता है। जलभराव के कारण राहगीरों और बाइक सवारों को आये दिन दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है। हैरानी की बात यह है कि इस मार्ग की स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि किसी ग्रामीण की मृत्यु होने पर शवयात्रा को भी इसी घुटने भर गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। हाल ही में इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसने प्रशासन के विकास के दावों की पोल खोल दी है। ग्रामीणों का कहना है कि पवित्र गंगा धाम जाने वाले मार्ग की ऐसी दुर्दशा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। समस्या का समाधान न होने से आक्रोशित ग्रामीण देवेंद्र, मनोज, नवनीत, अनीता, मोहित, प्रेम शंकर, राजकुमार, मुकेश, राकेश फौजी, सतीश, सुरेश, करन सिंह और देवराज ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नाले का निर्माण कर सड़क को जलभराव मुक्त नहीं किया गया। तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# डिडौली में अवैध डेंटल क्लीनिक का भंडाफोड़

## संचालक पर विभाग ने कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। बिना पंजीकरण व बिना वैध चिकित्सकीय योग्यता के संचालित एक डेंटल क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 18 दिसंबर को इकौदा रोड स्थित कुमार डेंटल क्लीनिक का निरीक्षण किया था। उक्त क्लीनिक का संचालन शोभित कुमार पुत्र टीकाराम द्वारा किया जा रहा था। टीम द्वारा आवश्यक दस्तावेज मांगे जाने पर संचालक क्लीनिक का पंजीकरण, डेंटल डिग्री अथवा अन्य वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। निरीक्षण के समय क्लीनिक में पीयूष नामक एक अन्य व्यक्ति भी मौजूद मिला, जो मरीजों के उपचार कार्यों में संलिप्त पाया गया। मौके से डेंटल चेयर, चिकित्सकीय उपकरण और इलाज से जुड़ा अन्य सामान बरामद किया गया, जिससे स्पष्ट हुआ कि बिना अनुमति और योग्यता के मरीजों का उपचार किया जा रहा था। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ईंट बेचने गए युवक की ट्रैक्टर तले दबकर मौत

## सीने में दर्द होने पर जोई में युवक की मौत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। ट्रैक्टर-ट्राली निकालने के प्रयास में दूसरा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर युवक के ऊपर चढ़ गया। जिससे उसकी मौत हो गयी जबकि सीने में दर्द होने से जोई निवासी युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

बताते चलें कि भवालपुर माफी निवासी सुवान पुत्र जरीफ (29) सात जनवरी को अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली से ईंटें बेचने नोएडा मंडी गया था। इसी दौरान एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली फंस गई, जिसे निकालने के प्रयास में दूसरा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सुवान के ऊपर चढ़ गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए दिल्ली के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शव को गांव लाकर बिना किसी कानूनी कार्रवाई के सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। मृतक अपने परिवार में तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके दो छोटे बच्चे हैं। पत्नी आशमीन और मां शकीला का रो-रो कर बुरा हाल है।

वहीं दूसरी घटना कस्बा जोया के मोहल्ला जोई की है। यहां निवासी मुसब्बिर पुत्र इफ्तेखार (46) को बीती रात करीब एक बजे अचानक सीने में तेज दर्द उठा। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तत्काल एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में पत्नी आमना, तीन बेटे और एक बेटी हैं। अचानक हुई मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# मध्य प्रदेश का युवक छात्रा को लेकर हुआ फरार

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद हुआ था प्यार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सोशल मीडिया पर बनी दोस्ती एक परिवार के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई। इंस्टाग्राम के जरिए हुई पहचान के बाद मध्य प्रदेश का एक युवक अमरोहा की एक छात्रा को कथित तौर पर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। छात्रा के लापता होने के बाद परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के एक मोहल्ले में रहने वाले कारोबारी की 19 वर्षीय बेटी राजकीय इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा है। बताया गया कि छात्रा की इंस्टाग्राम आईडी के माध्यम से मध्य प्रदेश के गुना जिले की दुर्गा कॉलोनी, खंडेलवाल गंज निवासी सोहिल अली से बातचीत शुरू हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच संपर्क बढ़ता चला गया। परिजनों का आरोप है कि छह जनवरी को छात्रा रोज की तरह कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग सका। जब परिजनों ने छात्रा की इंस्टाग्राम आईडी की जांच की, तो युवक सोहिल अली से संपर्क की जानकारी सामने आई, जिससे छात्रा को अपने साथ ले जाने की आशंका गहराई। पीड़ित पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, जिस पर पुलिस ने सोहिल अली के खिलाफ छात्रा को ले जाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और छात्रा की बरामदगी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। आरोपी युवक को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# अवैध प्लाटिंग को जेसीबी से कराया ध्वस्त

## भूमाफियाओं में मचा हड़कम्प



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। विनियमित क्षेत्र द्वारा अवैध प्लाटिंग को जेसीबी की मद्द से ध्वस्त करा दिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध कब्जेधारियों में हड़कम्प की स्थिति बनी रही।

नगर के रौनक वाटिका के पीछे अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग को जेसीबी की मद्द से ध्वस्त कर दिया गया। एसडीएम शैलेश दुबे ने बताया कि विनिमय क्षेत्र में बिना अनुमति की जा रही अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिलने के बाद मौके पर कार्रवाई की गई। गाटा संख्या 2517 और 2600 पर की गई अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया गया है। एसडीएम ने साफ कहा कि जिले में अवैध प्लाटिंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन लोगों ने नियमों को ताक पर रखकर अवैध प्लाटिंग कर रखी है, उन्हें नोटिस जारी किए जा रहे हैं। यदि निर्धारित समय में वे नहीं माने तो उनके खिलाफ ध्वस्तीकरण के साथ-साथ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई भी की जाएगी। प्रशासन की इस सख्ती से अवैध प्लाटिंग करने वालों में खलबली मची हुई है।

# घर के बाहर गाली गलौच पर लाठी-डंडों से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के ग्राम सुनगढ़ माफी में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की घटना सामने आई है। आरोप है कि बछरायूं थाना क्षेत्र के ग्राम लिसड़ी निवासी चार युवक एक व्यक्ति के घर के बाहर पहुंचकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित ब्रह्म सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम सुनगढ़ माफी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ओमपाल, नरेंद्र, राजकुमार व बॉबी उनके घर के बाहर आकर अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। मना करने पर उनके साथ मारपीट की गई। शोर सुनकर बीच-बचाव को पहुंचे उनके बेटे जितेंद्र, पंकज और पत्नी सारदा के साथ भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे तीनों को चोटें आईं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अध्यक्ष पद के लिए तीन ने कराया नामांकन



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। सदर तहसील बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया में शुक्रवार को दूसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए प्रमोद कुमार भटनाग र व अली मोहतशिम रजा ने अपना नामांकन कराया। अब तक अध्यक्ष पद के तीन दावेदार सामने आए हैं। जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए जयविन्दर सिंह खरे व इंतेखाब नासिर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए कृष्ण कुमार पंवार व काशीराम, पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद अमजद इदरीसी, आडिटर पद के लिए कय्यूम अली, उप सचिव पद के लिए संजीव सक्सैना (सोनू) ने नामांकन पत्र खरीदे। चुनाव अधिकारी सुरेन्द्र सिंह, पुष्करलाल गुप्ता, गौरव शर्मा, अभिनव सक्सेना व मनजीत सिह मौजूद रहे। बताया कि अब 12 जनवरी को 01 बजे तक नामाकन पत्र विक्रय व स्वीकार किये जायेंगे।

## दो अभियुक्तों पर गुंडाएक्ट की कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के उद्देश्य से एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर अमरोहा पुलिस ने दो अभियुक्तों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। एसपी ने बताया कि थाना रजबपुर पुलिस ने गांव शकरपुर के रहने वाले शारिक व थाना नौगावां सादात पुलिस ने गांव रतनपुर खुर्द के रहने वाले दीपक के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। दोनों के खिलाफ संबंधित थानों में अपराधिक मुकदमे दर्ज थे। अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान को लगातार जारी रखा जाएगा।

## 24 को होगा एसोसिएशन का अधिवेशन



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। यूपी एजुकेशनल मिनि. एसोसिएशन का द्वितीय जिला अधिवेशन 24 जनवरी को जिला राजकीय इंटर कालेज में आयोजित किया जायेगा। राजकीय जिला पुस्कालय में एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन का द्वितीय अधिवेशन 24 जनवरी को राजकीय इंटर कालेज में होगा। बैठक में संजय त्यागी, राशिद मसरूर, अली जमाल, मौहम्मद आसिफ, रिंकू गौतम, मोहित शर्मा, संजीव कुमार, दीपू सिंह, तिलकराम, अमित कुमार, विकास कुमार, वरूण त्यागी, मनोज वर्मा आदि मौजूद रहे।

# किसानों को गन्ना भुगतान जल्द कराया जाए



## भाकियू टिकैत की बैठक में उठी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत में गन्ना भुगतान और आवारा पशुओं के मुद्दे पर किसानों द्वारा हुंकार भरी गई। शुक्रवार को नवीन मंडी समिति परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। किसानों की समस्याओं को लेकर आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता हरपाल सिंह ने की तथा संचालन काले सिंह चौहान द्वारा किया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह चौहान ने क्षेत्र के किसानों की ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि हसनपुर चीनी मिल द्वारा किसानों का बकाया गन्ना भुगतान शीघ्रता से कराया जाये। ताकि किसानों को आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा की खेतों में फसलों को बर्बाद कर रहे आवारा पशुओं को तुरंत पकड़वाकर गौशाला भिजवाया जाये। घरेलू विद्युत मीटरों के नाम पर गलत और मनमाने बिल भेजकर किसानों का उत्पीड़न बंद किया जाये। विभाग अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाये। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने बताया कि इलाहाबाद प्रयागराज में आयोजित होने वाले चिंतन शिविर में भागीदारी के लिए भारी संख्या में कार्यकर्ता जुटेंगे। इसके लिए आगामी 16 जनवरी को शाम 8:00 बजे सभी कार्यकर्ताओं को गजरौला रेलवे स्टेशन पहुंचने का आह्वान किया गया है। जहाँ से जत्था रवाना होगा। इस अवसर पर किसान एकता और संगठन की मजबूती पर बल दिया गया। पंचायत में मुख्य रूप से ऋषि पाल सिंह, राजीव चौधरी, ठाकुर महेश सिंह, मुकेश चौधरी, भूपेंद्र सिंह, महेश पहलवान, हर्षित गिल, कुशाल सिंह, सीता आर्य आदि मौजूद रहे।

# मुसलमान जुआ, शराब व सूदखोरी से बचें

## कनेटा में तीन रोजा तब्लीगी इज्तमा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। प्रशासनिक अनुमति मिलने के बाद तबलीगी इस्तेमा की तैयारी मुकम्मल करते हुए इस्तेमा शुरू हो गया। उलेमाओं ने प्यार मोहब्बत व अमन का पैगाम दिया।

शुक्रवार को तबलीगी इस्तेमा की शुरुआत हो गई। इस्तेमा को खिताब करते हुए मुफ्ती शोएब ने फरमाया मुसलमान को जुआ शराब व सूदखोरी से बचना है। जुआ शराब व सूदखोरी से आज मुसलमानो में बहुत बड़ा बिगड़ पैदा हो रहा है। नौजवानों को इन चीजों से परहेज करना होगा। ताकि अपनी आने वाली नस्लों को बर्बाद होने से बचाया जा सके। शराब पीने वाला इंसान सब कुछ भूल जाता है। जिससे घरों में बिगाड़ पैदा हो रहा है। जुआ खेलने से इंसान अपनी सारी जमा पूंजी गंवा देता है। जिससे वह बर्बाद हो जाता है। उन्होंने फरमाया इस्लाम में सूदखोरी के बारे में सख्ती बताई है। इन कामों को करने वाला इंसान अपना सब कुछ गंवा देता है। उन्होंने कहा अभी वक्त है मौत आने से पहले इन बुराइयों को त्याग दें। मुफ्ती अरमान ने फरमाया इंसान की जिंदगी में दीन आ जाये तो कामयाबी हो जायेगी। उम्मत में बिगाड़ फैला हुआ है। सुधार लाना होगा ताकि हमारी औलादे अपने बुजुर्गों रिश्तेदारों की इज्जत कर सकें। अल्लाह के पाक रसूल ने इंसानियत का पैगाम दिया है। हुजूर पाक ने हमें सिखाया है किस तरह दुनिया में रहना है। क्या-क्या करना है। मुसलमानो को उनके बताये हुए रास्तों पर चलकर अपनी जिंदगी गुजारनी है। इस्लाम का काम दीन की दावत देना है। और तौफीक देना अल्लाह का काम है। इस्तेमा में बुराइयों को त्यागने की मुसलमान से गुजारिश की गई। इस मौके पर मुफ्ती शोएब अहमद, मौलाना अनस, मौलाना फरमान, हाफिज अकरम, मौलाना कारी ताहिर आदि मौजूद थे।

## प्रोफेसर ओमकार सिंह बने मुख्य सेक्टर प्रभारी



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने पार्टी के उच्च पदाधिकारियों की संस्तुति पर बसपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर ओमकार सिंह को मुरादाबाद मंडल का मुख्य सेक्टर प्रभारी मनोनीत किया है। प्रोफेसर ओमकार सिंह ने बताया कि बसपा एक ऐसी पार्टी है जो कि सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हें जो यह जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूरी मेहनत से निभाएंगे और पार्टी को मजबूत करने की दिशा में तन, मन, धन से काम करेंगे।

# जांच रिपोर्टसार्वजनिक न हुई, तो करेंगे रोड जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा का धरना बीसवें दिन भी जारी रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि पानी एवं मिटटी की सैपिंल की रिपोर्ट सात दिन में आने की बात कही गई थी, मगर बीस दिन होने के बाद भी जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। यदि जल्द ही रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई तो किसान रोड जाम करने से पीछे नहीं हटेंगे।

### ■ भाकियू का धरना बीसवें दिन भी जारी

बता दें कि हाइवे स्थित गांव शहबाजपुर डोर में यह धरना चल रहा है। शुक्रवार को धरने के बीस दिन पूरे हुए। किसानों का आरोप है कि जल निगम एवं अन्य विभागों द्वारा यहां से पानी और मिटटी की सैंपलिंग करके सात दिन में रिपोर्ट आने की बात कही गई थी मगर अभी तक कोई रिपोर्ट नहीं आई है। रिपोर्ट को तत्काल सार्वजनिक किया जाए अन्यथा रोड जाम किया जाएगा। सुरेंद्र सिंह प्रधान को एससी प्रकोष्ठ का प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, गुरजीत सिंह, चौधरी चरण सिंह, हिमांशु वर्मा,मलखान सिंह, एहसान मलिक, रघुवीर सिंह, नूर मोहम्मद, यशपाल सिंह,नन्हे सिंह, गिरवर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, रामकृष्ण चौहान, अभिषेक भुल्लर आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अमरोहा।** दस वर्षीय छात्र के साथ दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जबकि 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। चार साल पुराने इस जघन्य मामले में शुक्रवार को अंतिम फैसला सुनाया गया। 16 नवंबर 2020 की घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की थी। यहां रहने वाला एक व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ मजदूरी करने के मुरादाबाद जाता था। उनका दस वर्षीय बेटा स्थानीय स्कूल में कक्षा चार का छात्र था। घटना वाले दिन शाम में करीब 5:30 बजे छात्र बकरी चराने के लिए गांव के जंगल में गया था। उसी दौरान क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे पर काम करने वाला दिनेश लकड़ी दिलाने के बहाने से छात्र को बहला कर गन्ने के खेत में ले गया था। वहां उसके साथ कुकर्म किया था। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गया था। बदहवास हालत में घर पहुंचे छात्र ने परिजनों को आपबीती बता दी थी।मामले में पुलिस ने आरोपी दिनेश के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था, बाद में उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिलहाल, दिनेश जमानत पर था। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट तृतीय की अदालत में विच. ाराधीन थी। शुक्रवार को अदालत में मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई।

# साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** सीएससी बीलई संच. ालक राहुल कुमार के द्वारा ब्लॉक क्षेत्र के गांव भीकनपुर शुमाली में साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य आम नागरिक को बढ़ते साइबर अपराधों से बचाने मोबाइल, इंटरनेट, सोशल मीडिया, के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ ऑनलाइन ठगी व फर्जी कॉल, के मामलों में लगातार इजाफा के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने का रहा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे किसी अनजाने लिंक पर क्लिक न करें और किसी को अपना एटीएम का पासवर्ड न बताएं, समय-समय पर पासवर्ड बदलते रहें। किसी को भी अपना ओटीपी न बताएं। इस मोके पर सुमित कुमार, मिन्टू सिंह, विनेश कुमार, पंकज सैनी आदि मौजूद रहे।

### ■ किसी को न बताएं अपना पासवर्ड एवं ओटीपी

# पुत्र सहित किसान नेता व आठ के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडावर।** तोल इंचार्ज के साथ कथित रूप से गाली-गलौच व मारपीट करते हुए तोड़फोड़ एवं पैसे छीनने के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। पुलिस ने किसान यूनियन नेता और उसके पुत्र समेत पांच लोगों को नामजद व तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट दर्ज होने से अब किसानों का आंदोलन तेजी पकड़ने की संभावना है। घटतौली को लेकर किसान पहले से ही गुस्से में है।

उल्लेखनीय हैं कि गन्ना तौल लिपिकों ने गुरुवार को तौल बंद करके प्रदर्शन किया था और थाने में किसान यूनियन नेता और उसके साथियों पर गाली गलौज, मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। तौल इंचार्ज नितिन कुमार पुत्र पीतम सिंह निवासी ग्राम डबासोवाला थाना किरतपुर द्वारा थाना मंडावर में तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन

### किसानों का आंदोलन तेजी पकड़ने की संभावना

(लोकशक्ति) के जिलाध्यक्ष वीर सिंह सहरावत, उनके पुत्र हिमांशु निवासीगण ग्राम चमरौला, थाना नांगल, नितिन पुत्र पवन ग्राम मायापुरी, थाना नांगल, अमित पुत्र राजेश, रामौतार पुत्र कश्मीर निवास. ीगण ग्राम लायकपुरी, थाना मंडावर तथा तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। पीड़ित तौल लिपिक नितिन द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया हैं कि वह उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड बरकतपुर के गन्ना क्रय केन्द्र मण्डावर ए पर तौल कार्य हेतु कार्यरत है। आज सुबह वह उक्त क्रय केन्द्र पर तौल कार्य कर रहा था। लगभग 28 बुग्गी तौलने के बाद क्रय केन्द्र मण्डावर ए का कांटा खराब हो गया था। आरोप है कि उसी समय लगभग सुबह सवा 11 बजे अमित पुत्र राजेश व रामऔतार पुत्र कश्मीर निवासीगण ग्राम लायकपुरी थाना मण्डावर गन्ने से भरी ट्रैक्टर बुग्गी लेकर क्रय केन्द्र पर आये। उसने कहा कि कांटा खराब है और ठीक होने पर ही तौल कार्य होगा। इस पर उक्त दोनों लोगो ने यह कहते हुये कि तुम्हारा रोज का यही ड्रामा है। उन्होंने उसे व मिल के अधिकारियों को गालियां देनी शुरू कर दी। अमित ने जबरदस्ती ट्रैक्टर बुग्गी कांटे पर खड़ी कर दी। उन्होंने इस पर उन्हें गालियां देने से मना किया, तो यह कहने लगे कि तू हमें नहीं जानता है और लोग हमारे नाम से कांपते है। अमित पुत्र राजेश ने पीछे से उसकी कौली भर ली व रामऔतार पुत्र कश्मीर ने लात घूसों से मारना शुरू कर दिया। आरोप है कि उसकी जेब में रखे 2630 रूपये जबरदस्ती छीन लिये। इस छीना झपटी में तौल मशीन उसके हाथ से गिर गई। जिसको इनके अज्ञात साथी ने उठा लिया।

# भाजपा कुकर और फिज्र में झांक कर सिर्फ नफरत फैलाती हैं: जावेद आब्दी

### पूर्व चेयरमैन शमशाद के निवास पर स्वागत



**बिजनौर।** सपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री मौलाना जावेद आब्दी ने कहा कि आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव संविधान को बचाने और भाजपा के अराजक माहौल को नष्ट करने के लिए होगा। समाजवादी पार्टी का हर सिपाही चुनाव की तैयारी में जुटा हुआ हैं। समाजवादी पार्टी भाजपा को उखाड़ फेंकेगी और प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतुत्व में पूर्ण बहुमत से सपा की सरकार बनेगी। शुक्रवार को बिजनौर में आयोजित हुए अली डे प्रोग्राम में शामिल होने के लिए आए मौलाना जावेद आब्दी पालिका के पूर्व चेयरमैन एंव वरिष्ठ सपा नेता शमशाद अंसारी के आवास पर भी पहुंचे। इस दौरान शमशाद अंसारी और उनके सैकड़ों समर्थकों ने पूर्व मंत्री जावेद आब्दी का फूलमालाओं से स्वागत किया।

# शिवम का आईआईटी में रिसर्च के लिए चयन

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम बरमपुर निवासी मनोज कुमार के होनहार पुत्र शिवम राजपूत का चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी में रिसर्च के लिए हुआ है। शिवम ने शुरू से ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वर्ष 2019 में दसवीं कक्षा में टॉपर बनकर शिवम ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके बाद एसडीएम कॉलेज नजीबाबाद से 2021 में इंटर कक्षा में भी टॉप कर उसने सफलता की कड़ी को आगे बढ़ाया। इंटर के बाद शिवम ने हरियाणा सरकार के इंजी. नियरिंग कॉलेज में बीटेक की पढ़ाई पूरी की, जो निरंतर परिश्रम, अनुशासन, लक्ष्य के प्रति समर्पण का ही परिणाम है। उनका चयन आईआईटी में रिसर्च के लिए हुआ है जो किसी भी छात्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है। शिवम की इस बड़ी सफलता पर ग्राम, परिवार, शिक्षकों व शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# विश्वबोध भारतीय संस्कृति की पहचान



### विश्व हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** विश्व हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वावधान में आत्मबोध से विश्वबोध विषयक साहित्यिक संगोष्ठी एवं भव्य कवि सम्मेलन आयोजित हुआ साहित्य क्षेत्र योगदान देने वाले रचनाकारों को सम्मानित भी किया गया। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा कि आत्मबोध से विश्वबोध की अवधारणा भारतीय संस्कृति की अनुपम विशेषता है। हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना और पहचान है। वहीं अंतरराष्ट्रीय हिंदी सेवी व लेखक डॉ. यतींद्र कटारिया ने कहा कि हिंदी भारत की आत्मा है और यह विश्व में सबसे तेजी से बढ़ने वाली भाषाओं में शामिल है।कार्यक्रम में डॉ. आदित्य चौहान, प्रशांत त्यागी, नरेंद्र कटारिया, हरिओम त्रिवेदी, सूरज अग्रवाल, सुमित नागर, सर्वेश शर्मा, राजेंद्र सिंह सैनी, योगेश चौधरी, देवव्रत यादव सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

# सपा के राष्ट्रीय सचिव जावेद आब्दी का जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**बिजनौर।** सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री जावेद आब्दी का यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार श्री आब्दी आज यहां सपा के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के आवास पर पहुंचे। पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान संगठनात्मक एकजुटता और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

राष्ट्रीय सचिव जावेद आब्दी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो किसानों, नौजवानों, मजदूरों, पिछड़ों, दलित एवं अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए मजबूती से पैरवी कर रही है। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करना समय की आवश्यकता है, ताकि समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने

### जिलाध्यक्ष जाकिर के निवास पर पहुंचे

राष्ट्रीय सचिव जावेद आब्दी का स्वागत करते हुए कहा कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन से जनपद में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिल रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जनता की समस्याओं को उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान संगठनात्मक मजबूती, आगामी कार्यक्रमों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर डॉ. रमेश तोमर, डॉ. रहमान, जिला महासचिव धनंजय सिंह यादव, सतपाल सिंह, हाजी फैसल, जुल्फिकार कुरैशी, मदनलाल सैनी, प्रभा चौधरी, महमूद कस्सार, डॉ. योगेंद्र चौधरी, नमन प्रधान, राधा सैनी, कृपा रानी प्रजापति, विमलेश चौधरी, अखलाक पप्पू, कविश खान, कासिम कुरैशी व अहमद खिजर खान सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# झालू में जरूरतमंदों को बांटे लिहाफ

### समाजसेवा की हो रही सराहना



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**झालू।** ठंड के मौसम में गरीबों एवं जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण सेवा समिति द्वारा लिहाफ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आर्य समाज स्कूल परिसर में सादगी, अनुशासन और सेवा भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर समिति की ओर से 20 निर्धन एवं असहाय लोगों को लिहाफ वितरित किए गए।

कार्यक्रम में समिति के सक्रिय सदस्य चंद्रपाल सिंह, महेंद्र धीमान, मुकेश कुमार वर्मा, विजयपाल शर्मा, जी.सी. राय (बंगाली), रामेंद्र सिंह, ओमपाल सिंह आर्य एवं चांद बाबू शर्मा उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने स्वयं आगे बढ़कर जरूरतमंदों को लिहाफ प्रदान किए और उनका कुशलक्षेम जाना। समिति के सदस्यों ने कहा कि कड़ाके की ठंड में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में गर्म वस्त्र उपलब्ध कराना, न केवल सामाजिक दायित्व है, बल्कि मानवीय कर्तव्य भी है। समिति का उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है और इसी भावना से समय-समय पर जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। लिहाफ पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने समिति के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता से उन्हें ठंड के मौसम में बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान व्यवस्था और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। जिससे वितरण कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। स्थानीय नागरिकों ने भी वरिष्ठ नागरिकों के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। समिति ने भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा एवं जनहितकारी कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

### जरूरतमंदों की मदद रहेगी जारी



**झालू।** वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण सेवा समिति के महासचिव महेंद्र सिंह धीमान ने कहा कि सर्दी के मौसम में गरीब और असहाय लोगों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण सेवा समिति का प्रयास है कि कोई भी जरूरतमंद ठंड से परेशान न रहे। सेवा और सहयोग की भावना के साथ समिति आगे भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम लगातार करती रहेगी। उन्होंने सभी सदस्यों के सहयोग की सराहना करते हुए समाज से भी जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की अपील की है।

## एक नजर

### मंडावर में बहारूद्दीन गिरफ्तार

**मंडावर।** स्थानीय पुलिस ने मौहल्ला मिर्दगान निवासी बहारूद्दीन पुत्र रईस अहमद को हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

### मंडावर में चोर जाउल अरेस्ट

**मंडावर।** स्थानीय थाने में 29 अगस्त 2025 को वादी चांद उर्फ बसीउर्रहमान निवासी मौहल्ला शाहबिलायत ने तहरीर दी थी कि अज्ञात अभियुक्तों ने उसकी दुकान के पीछे की दीवार तोड़ कर सामान चोरी कर लिया है। पुलिस ने धारा 305 ए व 331 (4) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। अभियोग में मौहल्ला कस्साबान निवासी जाउल पुत्र खैराती कुरैशी का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर हथियार बरामद किया है।

### बजरंग दल ने शौर्य दिवस मनाया

**मंडावर।** बजरंग दल के द्वारा दयालबाला नारायण इंटर कॉलेज में शौर्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रांत गौ रक्षा प्रमुख कैलाश उपाध्याय ने कहा कि अयोध्या में निर्मित राम मंदिर विश्व के प्रत्येक हिंदू की आस्था का केंद्र है। इसे प्राप्त करने के लिए हिंदू समाज ने पिछले 500 वर्षों




तक संघर्ष किया और लाखों कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि मुगल आक्रांताओं द्वारा तोड़े गए सभी मंदिरों को वापस लेना होगा। इक्कीसवीं सदी हिंदुओं की होगी और हर घर में भगवा लहराएगा। कार्यक्रम में जिला संयोजक विनीत पाल, प्रखंड अध्यक्ष सर्विन देशवाल, अंकित बजरंगी, दीपक कुमार, अरविंद ढाका, प्रवीण, अंकुर, निशांक, कपिल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### लाइन मैनों पर रिश्वतखोरी का आरोप



**रेहड़।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत गांव पैगंबरपुर स्थित विद्युत उपकेंद्र पर हुई। जिसमें किसानों की अनेक समस्याओं पर चर्चा करते हुए किसानों ने एसडीओ विद्युत दयाशंकर को ज्ञापन देकर पैगंबरपुर विद्युत उप केंद्र पर तैनात लाइनमैन अजय कुमार और नीरज पर रिश्वतखोरी और किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए उनको हटाए जाने की मांग की गई। पंचायत की अध्यक्षता ओमप्रकाश सिंह ने की तथा संचालन राणा सिंह सैनी ने किया। पंचायत में भाकियू टिकैत ने अफजलगढ़ के एसडीओ विद्युत दयाशंकर को दिए ज्ञापन में संविदा पर तैनात लाइनमैन अजय कुमार और नीरज पर रिश्वतखोरी और किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए उनको हटाए जाने की मांग की। आरोप है कि जम्फर जोड़ने के नाम पर एक हजार रुपए लिए जा रहे हैं। भाकियू टिकैत ने गांव अभयराजपुर, मौहम्मदपुर राजौरी और अल्हैपुर मो. हकम के किसानों के ट्यूबवेल के कनेक्शन पैगंबरपुर विद्युत उपकेंद्र से जोड़ने तथा गांव जाफराबाद में एक किसान की निजी भूमि में रखे विद्युत ट्रांसफार्मर को हटाए जाने, घरेलू मीटरों में जंपिंग की समस्या का समाधान किए जाने की मांग की। पंचायत में किसानों से 15 जनवरी से 18 जनवरी तक प्रयागराज में आयोजित होने वाले किसान चिंतन शिविर में चलने की अपील की गई। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा, देवेंद्र कौशिक, राणा सिंह सैनी, रमेश शेखावत, हरि सिंह, बिरसा सिंह, रोहित चौधरी, जसपाल सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

### 29 पेटी अवैध देशी शराब बरामद

**नगीना।** गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस को मोहित कुमार पुत्र टीकम सिंह निवासी ग्राम अलीपुरा जट थाना नगीना व राहुल पुत्र सुरेन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम चांदवाला थाना नगीना के पास से 29 पेटी अवैध देशी शराब (कुल 1305 पव्वे/पाउच) बरामद हुई।

# 17 जनवरी को किया जायेगा उपकरणों व रजाई का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बुढ़नपुर।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक / राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि दिव्यांग, वृद्ध, विधवा, युवा गरीब-मजदूर आदि के लिए नि:शुल्क उपकरणों का कैम्प का आयोजन 17 जनवरी को आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नि:शुल्क सिलाई मशीन, कंबल, रजाई, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी, कैलिपर्स आदि का वितरण कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांग, गरीब, जरूरतमंद, वृद्ध, विधवा आदि को नि:शुल्क वितरण किया जाएगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि हमारा संगठन हर वर्ष जनवरी माह में विशाल कार्यक्रम जैसे सिलाई मशीन, कंबल, लिहाफ, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कैलिपर्स, वैशाखी आदि का नि:शुल्क वितरण किया जाता है। इस वर्ष भी विशाल कार्यक्रम का आयोजन 17 जनवरी 2026 को पार्कर पब्लिक स्कूल बुढ़नपुर में सुबह दस बजे किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने सभी दिव्यांग, वृद्ध, विधवा, युवा, गरीब-मजदूरों आदि से अपील कि सभी समय से पहुंच कर नि:शुल्क सिलाई मशीन, कंबल, रजाई, ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वैशाखी, कैलिपर्स आदि का लाभ उठाए।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नगीना।** पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म और अपहरण के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़िता के पिता ने नगीना थाने में तहरीर दी थी, जिसमें बताया गया था कि आरोपी ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया था। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान आरोपी की संलिप्तता सामने आने के बाद उसे वांछित घोषित किया गया था। पुलिस अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत उसकी तलाश कर रही थी। नगीना थाना पुलिस ने वांछित अभियुक्त जय सिंह पुत्र शीशराम सिंह निवासी ग्राम मलकपुर सहसू थाना नगीना को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अवनीत मान ने बताया कि युवक ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। पिता की तहरीर पर दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग

**नजीबाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के युवा जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एड. के अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं लखनऊ उत्तर से विधायक डॉ. नीरज बोरा को उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की मांग की।

# डीएम ने दिए फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाने के निर्देश

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने उप कृषि निद. ेशक को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत स्तर पर तैनात रोजगार सेवक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने के कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि रोजगार सेवक ग्राम स्तर पर किसानों से सीधा संपर्क करें और उन्हें फार्मर रजिस्ट्री के महत्व की जानकारी दें। उन्होंने पात्र किसानों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। रोजगार सेवक घर-घर जाकर किसानों का विवरण संकलित करेंगे, जिसमें आधार, खतौनी और बैंक खाते से संबंधित जानकारी का सत्यापन शामिल होगा।डीएम ने यह भी निर्देश दिए कि जिन किसानों का पंजीकरण किसी कारणवश लंबित है, उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभाग को अवगत कराया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को ब्लॉक स्तर पर मिलकर काम करने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि जिन किसानों का फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगा, वे भविष्य में फसल बीमा योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी सरकारी योजनाओं से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूनिक आईडी जेनरेट होने के बाद किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनवाने और


## कार्यालय नगर पालिका परिषद स्वार (रामपुर)

**पत्रांक 381 / न.पा.प.स्वा./2025-26** **दिनांक:- 05 जनवरी, 2026**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद स्वार (रामपुर) के निष्प्रयोज्य सामग्री का नीलाम दिनाँक 12-01-2026 को समय प्रात: 11:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद स्वार में किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति नियत दिनाँक को निर्धारित जमानत धनराशि रू. 50,000/- कार्यालय नगर पालिका परिषद स्वार (रामपुर) में जमा कर नीलाम में प्रतिभाग कर सकता है। निष्प्रयोज्य सामग्री जलकल परिसर स्वार (रामपुर) में स्थित जिसका अवलोकन किसी कार्य दिवस में इच्छुक व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है। बोली को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद स्वार (रामपुर) में निहित है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**स्वार (रामपुर)**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**स्वार (रामपुर)**

# गांव का पानी निकालने को लेकर विवाद




प्रधान समेत दर्जनों ग्रामीणों ने पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उसावां।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मरौरी मजरा गांव मथना में इंटरलॉकिंग कार्य में कुछ लोग बाधक बन गए।प्रधान के आदेश पर नाली निर्माण को लेकर विवाद हो गया।मथना गांव में प्रधान आदेश कुमार राजपूत के नेतृत्व में फूल सिंह के मकान से लेकर तालाब तक इंटरलॉकिंग कार्य कराया जा रहा है। यह कार्य गांव के पानी को तालाब में मोड़ने के लिए किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों की फसलों को बर्बाद होने से बचाया जा सके। इस मामले में प्रधान व ग्रामीणों द्वारा थाना उसावा में एक लिखित तहरीर दी गई।हालांकि, इस कार्य में कुछ ग्रामीणों द्वारा बाधा डाली जा रही है। शिकायत के अनुसार, महेंद्र पाल पुत्र लज्जाराम, ब्रजमोहन पुत्र महेंद्र पाल और प्रवीन पुत्र राजपाल नामक व्यक्ति काम में रुकावट डाल रहे हैं और विवाद उत्पन्न कर रहे हैं।इस मामले में उसावां थाना अध्यक्ष वीरपाल सिंह तोमर ने संज्ञान लिया है। उन्होंने शिकायतकर्ता ग्रामीण को आश्वासन दिया है कि इस संबंध में जल्द से जल्द कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गांव में छुट्टा गोवंशों का आतंक, जिम्मेदार मौन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**म्याऊं।** विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत हररामपुर में छुट्टा गोवंशों से ग्रामीण परेशान हो चुके हैं। गोवंश रात को किसानों की फसले बर्बाद करते हैं और दिन को गांव की गलियों में घूमते रहते हैं। ग्रामीणों में बताया की गांव में एक अस्थाई गौशाला भी बनाई गई है जिसमें एक भी गोवंश नहीं रखा जाता है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान मुकेश कुमार व सचिव अजीत पाल को दी है लेकिन अभी तक गोवंशों की कोई भी व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीणों ने आलापुर थाना क्षेत्र के गांव बमनी का हवाला देते हुए बताया की बृहस्पतिवार की शाम को 15 वर्षीय एक छात्र की सांड के हमले से मौत हो गई तथा कई किसान घायल भी हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इन गोवंशों की अगर व्यवस्था नहीं की गई तो गांव में कोई बड़ा हादसा हो सकता है प्रशासन को इस पर संज्ञान लेना चाहिए और इन्हें गौशाला में बंद करना चाहिए।

# आवारा सांड की टक्कर से कई लोग हुए घायल, छात्रा की हुई मौत

**सुनील कश्यप, शाह टाइम्स**



**अलापुर।** थाना अलापुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बमनी में साड़ो का आतंक गांव वाले परेशान वही एक आवारा सांड का बिगड़ा दिमागी संतुलन आवारा सांड ने गेहूं की रखवारी करने वालों को मारी टक्कर जिसमें कई लोग घायल हो गए वहीं राजू पुत्र ओमपाल उम्र 15 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल बदायूं के लिए भेजा हालात को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया स्थिति में सुधार न होने के कारण मेडिकल कॉलेज वालों ने अलीगढ़ के लिए रेफर कर दिया अलीगढ़ में इलाज के दौरान राजू की हुई मौत फिलहाल परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है राजू कक्षा 9 का छात्र था। आवारा गौवंशो का कौन है जिम्मेदार प्रशासन द्वारा हर ग्राम पंचायत में गौशाला की बात कही जा रही है फिर आवारा पशुओं की संख्या क्यों बढ़ती जा रही है सो. चने वाली बात है प्रशासन इस पर ध्यान क्यों नहीं दे रहा है।

# हाईवे पर कार की छत पर डांस करने महिला नहीं, बल्कि निकला किन्नर

**सुनील कश्यप, शाह टाइम्स**

**बदायूं।** हाईवे किनारे ईको कार पर खड़े होकर नृत्य का वीडियो बनाने वाली महिला नहीं, बल्कि किन्नर निकला। यह खुलासा पुलिस ने नहीं, बल्कि स्वयं किन्नर ने किया। किन्नर ने वीडियो वायरल कर अपने कृत्य पर न केवल माफी मांगी है बल्कि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न करने का भरोसा दिलाया है। मामला एमएफ हाईवे पर उसावां-कलान से लगने वाली शाहजहांपुर सीमा का है। कार की छत पर नृत्य करते हुए साड़ी पहने डांसट करने का वीडियो पांच जनवरी को वायरल हुआ था। मामला संज्ञान में आते ही उसावां पुलिस जुट गई। जांच में ईको कार के नंबर से पता चला कि कार की छत पर नृत्य करने वाला शाहजहांपुर के कलान थाना क्षेत्र के गंगौरा गांव का रहने वाला किन्नर संजीव पुत्र जवाहरलाल है। अब संजीव ने स्वयं वीडियो वायरल कर अपनी गलती के लिए माफी मांगी है और दोबारा ऐसी गलती न करने का वादा भी किया है। उधर पुलिस जांचोपरांत कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करने की बात कह रही है।

# धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास करने वालों पर केस

**सुनील कश्यप, शाह टाइम्स**

**बदायूं।** धर्म परिवर्तन कराने के आरा. `पों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण की गहन पड़ताल की जा रही है ।

इससे जुड़े संभावित नेटवर्क की भी जांच की जाएगी। मामला बिसौली कोतवाली के कस्बा गुलाबबाग मोहल्ले का है। यहां के रहने वाले सौदान आर्य ने बुधवार को कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि अजनावर गांव की रहने वाली मीना पत्नी पुत्तन उसके घर पहुंची। महिला ने बताया कि उसे बिसौली कस्बे के किला स्थित चर्च से ईसाई धर्म के लोगों ने भेजा है, जिनमें कांशीराम कॉलोनी किला निवासी फिलिप दास पुत्र भजन दास और मारथा दास पत्नी फिलिप दास शामिल हैं। महिला ने सौदान आर्य और उनकी पत्नी मिथलेश को ईसाई धर्म अपनाने की बात कही। आरोप है।

कि महिला ने धर्म अपनाने पर नौकरी और मकान मिलने का लालच दिया और मना करने पर धमकी भी दी कि अगर ईसाई नहीं बने तो जीना मुश्किल कर देंगे। सौदान आर्य का आरोप है कि उनकी गैरमौजूदगी में भी ये लोग उनके घर आकर उनकी पत्नी से धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास कर चुके हैं और बहला-फुसलाकर ईसाई बनाने का दबाव डालते हैं। पीड़ित ने स्पष्ट किया कि वह धर्म परिवर्तन नहीं करना चाहता। तहरीर मिलते ही पुलिस ने मीना, फिलिफ दास और मारथादास पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बंद मकान से अज्ञात चोरों हजारों रुपये का समान किया चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव सिकरोडी निवासी दर्शन सिंह ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया की उन्होंने अपना मकान विजय नगला में उसैता रोड पर बना लिया है जहां वह अपने परिवार के साथ रहते हैं बीते दो महापूर्व वह मेहनत मजदूरी करने के लिए अपने परिवार के साथ पानीपत चले गए थे पीड़ित ने बताया वह किसी काम से गुरुवार देर रात अपने घर लौटे तो उन्होंने मैन दरवाजा खोलकर अंदर गए तो उन्होंने देखा उनके घर के सभी कमरे खुले हुए थे और उनके ताले टूटे थे यह देखकर उनके होश उड़ गए ।

उन्होंने मामले की जानकारी अन्य लोगों को दी सूचना पर दर्जनों लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और मामले की जानकारी उन्होंने पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस को तहरीर देते हुए बताया की उनके घर में रखें दो बड़े-बड़े बैटरी इनवर्टर एलसीडी टीवी बर्तन बक्से में रखें चांदी की पायल सोने के कुंडल आदि सामान अज्ञात को चोरी करके ले गए हैं पुलिस ने तहरीर मिलते ही घटनास्थल का मौका मुहाना किया और गृह स्वामी से घटना के बारे में जानकारी की उक्त संबंध में थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया शिकायत मिली है मामले की जांच कर की कार्रवाई ।

# अनुवादित न्यायिक निर्णय अब ऑनलाइन उपलब्ध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिव कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली व माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पारित आदेशानुसार/ निर्णय के माध्यम एवं माननीय न्यायालय के आदेश दिनांकित 29.10.2025 एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ द्वारा आम जनमानस इस निर्णय अनुवाद का अधिक से अधिक लाभ उठायें अब हर व्यक्ति निर्णय को अच्छे से पढ़ और समझ सकेगा साथ ही ग्रामीण समुदायों, हाशिए पर स्थित समूहों और स्वयं प्रतिनिधित्व करने वाले वादियों को लक्षित करते हुए अनुवादित निर्णयों जो माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट https% @@www2-allahabadhighcourt-in@ misc @suvas @indeæ- html पर अनुवादित निर्णयों की प्रति उपलब्ध जिसे आसानी से माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट से जनसाधारण देख व प्राप्त कर

# एक नजर

## दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन योजना में 35 हजार रुपए तक पुरस्कार, ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचा. लित दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने पर रू0 15000/ एवं युवती के दिव्यांग होने पर रू0 20000/एवं युवक, युवती दोनों के दिव्यांग होने पर रू0 35000/की धनराशि पुरस्कार स्वरूप उपलब्ध करायी जाती है। उन्होंने बताया कि जिन दम्पत्तियों का विवाह वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं गत वित्तीय वर्ष 2024-25 (01 अप्रैल 2024 से अब तक) में सम्पन्न हुआ हो वह आवे. दन करने के पात्र होंगे। शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से 45 वर्ष तथा युवती की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र 40 प्रतिशत या उससे अधिक। दम्पत्ति में कोई भी सदस्य आयकरदाता की श्रेणी में न हो। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक दम्पत्ति अपना ऑनलाइन आवेदन बेबसाइट https% @@divyangjanup-upsdc-gov-in पर तत्काल करें। ऑनलाइन फार्म भरते समय आवेदक को निम्न प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। उन्होंने इसके लिए आवश्यक अभिलेखों के बारे में बताया कि इसके लिए दिव्यांगता प्रदर्शित करते हुए संयुक्त नवीनतम फोटो, सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र (जिसमें जन्मतिथि का अंकन हो), सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में दम्पत्ति का संयुक्त बैंक खाता, ऑनलाइन किये गये आवेदन पत्र की हार्ड कापी संलग्नकों की फोटो प्रति सहित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय कक्ष संख्या 103 विकास भवन बदायूँ में जमा करना होगा।

## 12 जनवरी को होंगे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अन्तर्गत साक्षात्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में जनपद के पारम्परिक कारीगरों जैसे नाई, कुम्हार सुनार, राजमिस्त्री एवं मोची ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण हेतु जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बदायूँ में आनलाईन आवेदन किया हो एवं आवेदनकर्ता अथवा उसके परिवार के किसी भी सदस्य ने पूर्व में इस योजना योजना में टूलकिट/मानदेय का लाभ नही लिया हो। ऐसे अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 12 जनवरी 2026 को जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, आंवला रोड सालारपुर बदायूँ में पूर्वान्ह 11.00 बजे से आयोजित किये जायेगें। उन्होंने कहा कि सभी अभ्यर्थी व आवेदक आवेदन पत्र में अपलोड किये गये अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ सम्बन्धित इन तिथियों में होने वाले साक्षात्कार में भाग ले करते हैं।

# गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय, बदायूं में सड़क सुरक्षा अभियान

**सुनील कश्यप, शाह टाइम्स**

**बदायूं ।** गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय, बदायूं में एनएसएस, एनसीसी एवं रेंजर्स समिति के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत राहवीर योजना पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सड़क दुर्घटनाओं के समय पीड़ितों की सहायता के प्रति जागरूक करना तथा सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरला चक्रवर्ती ने कहा कि राहवीर योजना मानवता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देने वाली एक सराहनीय




पहल है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे सड़क दुर्घटना की स्थिति में बिना भय के घायल व्यक्ति की सहायता करें तथा समाज में एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी कहा कि जागरूक नागरिक ही सुरक्षित समाज की आधारशिला होते हैं।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को राहवीर योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की समय पर सहायता कर उसकी जान बचाने वाले नागरिकों को सरकार द्वारा सम्मान एवं प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों के पालन पर विशेष बल दिया गया।अंत में छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा दुर्घटना की स्थिति में निस्वार्थ भाव से सहायता करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की शिक्षिकाओं, स्वयंसेविकाओं एवं बड़ी संख्या में छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही। आखिर में शिक्षिकाओं और छात्राओं ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली।कार्यक्रम का सफल संचालन एनएनएस प्रभारी अवनिशा वर्मा द्वारा किया गया।

# पुलिस उपनिरीक्षक नेहवाल ने मंडी चौकी प्रभारी की कुर्सी संभाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** थाना फैजगंज बेहटा परिक्षेत्र की पुलिस चौकी पर सेवारत पुलिस उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार नेहवाल को आसफपुर से बदायूं स्थित मंडी चौकी प्रभारी बनाया गया है। प्रमोद कुमार नेहवाल की उत्कृष्ट कार्यशैली पर प्रशासनिक अधिकारियों की नजर मेहरबान हुई तो उन्हें बदायूं जिले की स्थानीय मंडी पुलिस चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है । शुरुआती कार्यकाल से लेकर अब तक प्रमोद कुमार नेहवाल ने अपने कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करते हुए नेक नियत के साथ एक अच्छा मुकाम हासिल किया है ।

# जन समस्याओं को लेकर अधिकारियों को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** स्थानीय विकास खंड कार्यालय परिसर में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय किसान भाइयों के साथ एक बैठक आयोजित की जिसमें भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने सर्व सम्मति से रवि कुमार को किसान यूनियन का आसफपुर क्षेत्र से ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया । होनह. ार युवा रवि कुमार पुत्र डोरी लाल बदायूं जिले के विकास खंड आसफपुर क्षेत्र के पुराने राजनैतिक गांव मन्नू नगर के पुराने खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने बचपन से लेकर अब तक राजनीतिक दांव - पेच लगाने में



महारथ हासिल किया है अब रवि कुमार किसान यूनियन में ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर सर्व सम्मति से पदासीन हुए हैं । इस अवसर पर किसान यूनियन के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने जनहित से संबंधित किसानों को फसल सिंचाई के लिए प्रयाप्त बिजली , ग्रामीण क्षेत्र में आवारा गौवंशो , कई ग्राम पंचायतों में सचिवालयों के बंद रहने , संबंधित सचिवों व लेखपालों को सचिवालय पर बैठने का समय नियत करने , कम आबादी वाले गांवों में दो दो सफाई कर्मचारियों में से एक सफाई कर्मी हटाकर ज्यादा आबादी वाले गांव में भेजने , सामुदायिक शौचालयों के गंदे रहने व बंद पड़े रहने तथा संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषाहार वितरण में अनियमित. ताओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने चिंता व्यक्त की । इस दौरान क्षेत्र के गांव जैत पुर में वार्ड संख्या एक से दो तक रामकुमार के घर से लेकर हरपाल के घर तक सरक. ारी नाला बंद होने व सी सी रोड पर जल भराव जैसी जन समस्याओं का एक ज्ञापन विषय से संबंधित अधिकारियों को सौंपा है । इस दौरान संबंधित विद्युत अवर अभियंता राजेंद्र चौधरी ने किसानों को पर्याप्त बिजली मुहैया कराने का ठोस आश्वाशन देते हुए किसानों व विद्युत उपभोक्ताओं से अपना विद्युत बिल नियत समय पर जमा कर भारी छूट का लाभ उठाने का भी आग्रह किया । इस अवसर पर बैठक सुचारू रूप से संचालित करवाने हेतु स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी रामकुमार , हेड कांस्टेबल प्यारे खां , सुनील कुमार आदि पुलिस स्टाफ मुस्तैद रहा ।

# बदायूं बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज

**अंकित कुमार गुप्ता, शाह टाइम्स**



**रुदायन।** बदायूं बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के बीच चुनावी माहौल गर्म होता जा रहा है। इसी क्रम में कृष्ण गोपाल पाठक उर्फ दीपक पाठक ने अपने समर्थक व संगठित अधिवक्ताओं के साथ बार एसोसिएशन के महासचिव पद के लिए जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार को न्यायालय परिसर में कृष्ण गोपाल पाठक उर्फ दीपक पाठक ने अधिवक्ताओं से मुलाकात कर अपने पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी जाती है तो वे अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान, बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय तथा अधिवक्ता हितों की रक्षा को प्राथमिकता देंगे। इस अवसर पर उनके साथ मौजूद अधिवक्ताओं ने उनके अनुभव, सरल व्यवहार और संगठनात्मक क्षमता को लेकर विश्वास जताया। समर्थक अधिवक्ताओं ने कहा कि कृष्ण गोपाल पाठक हमेशा अधिवक्ताओं के हितों के लिए सक्रिय रहे हैं और महासचिव पद के लिए एक मजबूत व उपयुक्त उम्मीदवार हैं। बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर लगातार बढ़ रही गतिविधियों से यह स्पष्ट है कि इस बार का चुनाव रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक होने जा रहा है।

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Emil mkkhan741@gmail-com

# विकास खण्डों में सफलतापूर्वक हुआ ग्राम चौपालों का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** शासन के दिशा-निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को जनपद के समस्त विकास खण्डों की 02-02 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया। ग्राम चौपालों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना, ग्रामीणों की समस्याओं को सुनना, उनसे सीधा संवाद स्थापित करना एवं मौके पर समस्याओं का समाधान करना है। चौपाल के दौरान पेंशन से संबंधित 12 एवं आवास से संबंधित 16 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। आयोजित ग्राम चौपालों में विकास खण्ड अंबियापुर की ग्राम पंचायत



भेटाजबी एवं हैबतपुर, आसफपुर की बसौमी एवं गुलैरिया, बिसौली की आदपुर एवं अतरपुरा, दातागंज की लालपुर खादर एवं सराय पिपरिया, देहगवां की सराय उर्फ विजयगढ़ी एवं दादरा, इस्लामनगर की लस्करपुर ओय्या एवं नादेरी, जगत की कुपरी एवं जखेली, म्याऊं की नगलिया चिकन एवं गुराना, कादरचौक की मुगरा टटैयी एवं निजामाबाद, सहसवान विकास खण्ड की रमपुरा टी. रियौना एवं खांडुवा, सालारपुर की खासपुर एवं परोलिया, समरेर की बरहाई सहोरा एवं बौरा, उझानी की सांजरपुर बलजीत एवं बसंत नगर, उसावां की अकबरपुर एवं भुंडी तथा वजीरगंज की लहरा लाडपुर एवं रैहरिया ग्राम पंचायतों में चौपालें आयोजित की गईं।

ग्राम चौपाल के दौरान ग्रामीणों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं जैसे पेंशन योजनाएँ, आवास योजनाएँ, स्वच्छता, मनरेगा, राशन, स्वास्थ्य एवं अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा प्राप्त शिकायतों में से पेंशन से संबंधित 12 एवं आवास से संबंधित 16 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया कि शेष समस्याओं का भी समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से समाधान कराया जाएगा। ग्राम चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों में शासन की योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं गांवों के समग्र विकास को गति देने का प्रयास किया गया। बता दें कि जनपद के समस्त विकास खण्डों में आगामी 27 मार्च 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को समस्त ब्लॉक की दो-दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल (गॉव की समस्या, गॉंव में समाधान) का आयोजन कराया जाएगा। ग्राम चौपालों के दौरान सम्बंधित विकासखण्डों के अधिकारी, कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रमुख सचिव गृह से शिकायत पर जांच को पहुंची टीम

■ टीम ने मौके पर जाकर विवादित स्थल को देखा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** नगर पंचायत मे ईओ के खिलाफ विभिन्न आरोपों की प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद से हुई शिकायत पर शुक्रवार को जिला प्रशासन की टीम जांच पड़ताल करने नगर पंचायत पहुंची और कस्बे मे विवादित स्थल को मौके पर जाकर देखा।

दरअसल नगर के भाजपा नेता आशीष अग्रवाल ने नगर पंचायत के ईओ के खिलाफ रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद से शिकायत की गई थी। जिसके बाद एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एडीएम न्यायिक देश दीपक सिंह और एसपी उत्तरी मुकेश मिश्रा पहुंचे। कार्यालय पहुंचकर जांच की और पत्रावलियों को तलब किया। इसके साथ ही ईओ और भाजपा नेता के साथ व्यापारियों के मौखिक व लिखित बयान दर्ज किये। बयान दर्ज करने के बाद अधिकारियों ने व्यापारी राहुल गुप्ता की दुकान को मौके पर जाकर देखा। इस प्रकरण में एडीएम प्रशासन ने बताया कि ईओ, भाजपा नेता व व्यापारियों के बयान दर्ज कर लिए है। साथ ही विवादित स्थल का भी निरीक्षण किया है। अभी जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद जिलाधिकारी को सौंप दी जाएगी। दरअसल पिछले साल 21 नवम्बर को अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर पंचायत के ईओ पुष्पेंद्र राठौर और व्यापारी राहुल गुप्ता और भाजपा नेता आशीष अग्रवाल के बीच तीखी झड़प हुई थी।

इस मामले में ईओ ने भाजपा नेता के खिलाफ थाने में सरकारी काम मे बाधा डालने, दस्तावेज फाड़ने समेत मारपीट का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया था लेकिन व्यापारी राहुल गुप्ता के द्वारा दो लाख रुपये मांगने के आरोप पर ईओ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नही की थी।

वहीं इस प्रकरण में ईओ पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि मेरे ऊपर पर लगे सारे आरोप गलत और निराधार है जाँच आला अधिकारी कर रहे सभी कर्मचारियों के बयान दर्ज हुये है। इस मौके पर थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह, चौकी प्रभारी अनूप कुमार अपने दल बल के साथ मौजूद रहे।

# दो बेटों की मौत से टूट गया परिवार, गांव में मातम पसरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव सतुईया के रहने वाले दिनेश चंद के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। तीन माह पहले बड़े बेटे अमित की बरेली में एक हादसे के दौरान मौत हो चुकी थी, वहीं अब मझले बेटे अरुण 18 वर्ष का गुरुवार को बीमारी के चलते निधन हो गया। लगातार दो बेटों की मौत से पिता दिनेश चंद पूरी तरह टूट गए हैं।

दिनेश चंद के चार बेटे हैं। अमित की असमय मौत के बाद परिवार किसी तरह संभल ही पाया था कि अब अरुण के निधन ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। अरुण की तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब चल रही थी और इलाज के दौरान गुरुवार को उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही गांव सतुईया में शोक की लहर दौड़ गई। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों चन्द्र प्रकाश गंगवार उर्फ पप्पू, हीरा लाल, फतेह चंद, हरिशंकर गंगवार, सोमवीर व हरदेव सिंह रंधावा ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर शोक व्यक्त किया और उन्हें ढांढस बंधाया।

लगातार दो जवान बेटों की मौत से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। गांव में हर आंख नम है और मातम का माहौल है।

## एक नजर

# दो लाख दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव लावाखेड़ा बद्रीप्रसाद के रहने वाले भानेद्र कुमार ने अपनी पुत्री लक्ष्मी देवी की शादी थाना बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम मानपुर टिहरी निवासी धर्मेन्द्र कुमार के साथ 4 वर्ष पूर्व की थी। विवाह में विवाहिता के पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज देकर करीब 10 लाख रुपये खर्च किए थे।

आरोप है कि इसके बावजूद ससुराल पक्ष दहेज से संतुष्ट नहीं था और विदा के पहले दिन से ही दो लाख रुपये नकद की मांग करने लगा। पीड़िता ने बताया कि पति धर्मेंद्र कुमार, ससुर राम बहादुर, जेठ धर्मपाल, जेठानी चंपा देवी तथा जेठ के पुत्र विशाल कुमार व विकास कुमार लगातार उस पर मायके से दो लाख रुपये लाने का दबाव बनाते रहे। कई बार समझाने के प्रयास और पंचायतें भी हुई, लेकिन कुछ समय बाद फिर से दहेज की मांग शुरू कर दी जाती थी। पीड़िता का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसके साथ कई बार मारपीट की गई। ताजा मामला 31 दिसंबर 2025 का है, जब सुबह करीब 10 बजे पति ने मायके से दो लाख रुपये लाने का दबाव बनाया। पीड़िता के इनकार करने पर कि उसके पिता की इतनी हैसियत नहीं है और वे शादी में ही कर्जदार हो चुके हैं, पति ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर अन्य ससुरालीजन भी मौके पर पहुंच गए और मारपीट की गई। पीड़िता का कहना है कि अब तक उसने परिवार टूटने के डर से पुलिस में शिकायत नहीं की, लेकिन उत्पीड़न बढ़ने पर मजबूर होकर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अपहृत छात्रा को पुलिस ने प्रेमी के साथ किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** 24 घंटे की मशक्कत के बाद एसओजी ने अपहृत छात्रा को उसके प्रेमी के साथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों की गिरफ्तारी के बाद जहां पुलिस ने राहत की सांस ली है, वहीं घटना में शामिल लोगों की तलाश में पुलिस जुट गई है।

जनपद पीलीभीत के गांव अजीतडांडी के रहने वाले शान्ति स्वरूप की पुत्री कस्बे में राधा रानी कॉलोनी में सर्वेश कुमार के मकान में किराए पर रहकर पढ़ाई कर रही थी। बुधवार को वह कस्बे में कोचिंग पढ़कर वापस अपने कमरे पर अपनी सहेली के साथ लौट रही थी कि मुख्य मार्ग पर एक दुकान तक उसकी सहेली उसके साथ आई थी, उसके बाद छात्रा अपने कमरे पर न जाकर गायब हो गई थी। देर रात तक जब छात्रा मकान पर नहीं पहुंची थी तो इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी गई। कुछ देर बाद ही छात्रा के पिता के मोबाइल पर आए 15 लाख रूपए की फिरौती के मैसेज ने सभी के होश उड़ा दिए। रात को ही परिजन कोतवाली पहुंचे और घटना की जानकारी दी। पीलीभीत जनपद के केन्द्रीय राज्यमंत्री और प्रदेश के गन्ना राज्यमंत्री के हस्तक्षेप पर एसएसपी ने छात्रा की बरामदगी को तीन टीमों को जुटा डाला। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

पिता के मोबाइल पर आए फिरौती के मैसेज और उसकी लोकेशन पर जुटी एसओजी और क्राइम ब्रांच की टीमों ने देर रात दोनों को सेटेलाइट से गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को सारे दिन एसओजी और क्राइम ब्रांच की टीमें इसकी लिखा पड़ी में जुटी रही। छात्रा और उसके प्रेमी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है। बताया जाता है कि पुलिस इस मामले में शामिल रहे अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

# तीन लाख की मांग को लेकर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम हरदुआ किफायतुल्ला की आफरीन पुत्री अकरम अली ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट और छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगाए हैं। विवाहिता के मुताबिक उसका विवाह 15 दिसंबर 2024 को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार दानिश पुत्र अली हसन निवासी ग्राम खमरिया थाना बरखेड़ा जिला पीलीभीत के साथ संपन्न हुआ था। विवाह में विवाहिता के पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज के साथ ही करीब पांच लाख रुपये खर्च किए थे।

आरोप है कि निकाह के बाद से ही ससुराल पक्ष कम दहेज लाने के ताने देता रहा, और तीन लाख रुपये नकद की मांग करने लगा। पीड़िता का पति चालक है, जो 15ख्र20 दिन बाद घर आता था। इस दौरान देवर मोहीन और मोनिश द्वारा पीड़िता पर गलत नजर रखने, अकेला पाकर कमरे में घुसकर अश्लील हरकतें व बातें करने का आरोप लगाया गया है। विवाहिता ने इसकी शिकायत पति, सास और ससुर से की, लेकिन उल्टे उसी पर लांछन लगाए गए। विवाहिता का यह भी कहना है कि उसका पति शराबी व जुआरी है, जिसने उसके सोने के झाले, मंगलसूत्र और चांदी की पायल बेच दी। ससुराल के सभी लोग लगातार उसके मायके से तीन लाख रुपये लाने का दबाव बनाते रहे। करीब चार माह पूर्व सास आसमा, ससुर अली हसन, ननद डरम और देवर मोहीन व मोनिश ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और तन पर पहने कपड़ों में ही घर से निकाल दिया। आरोप है कि कहा गया कि जब तक तीन लाख रुपये लेकर नहीं आएगी, तब तक घर में नहीं रखा जाएगा।

किसी तरह पीड़िता मायके पहुंची और परिजनों को पूरा घटनाक्रम बताया। परिजनों द्वारा समझाने के बावजूद ससुराल पक्ष बिना दहेज उसे रखने को तैयार नहीं हुआ। मजबूर होकर विवाहिता ने नवाबगंज थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

# प्रवीण तोगड़िया करेंगे हिन्दू सम्मलेन को सम्बोधित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** हिन्दू एकजुटता व अखंडता को संकल्पित सनातन धर्मगुरुओं के आह्वान पर विशाल हिन्दू सम्मेलन भोजीपुरा के इटोआ रोड प्राइमरी स्कूल के पास 11 जनवरी रविवार को होना सुनिश्चित है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद/राष्ट्रीय बजरंगदल के अध्यक्ष/संस्थापक डॉक्टर,कैंसर सर्जन और हिन्दू राष्ट्रवाद के प्रबल उद्घोषक डॉ. प्रवीण तोगड़िया रहेंगे।

जिलाध्यक्ष विवेक गंगवार के नेतृत्व में होने वाले हिन्दू सम्मलेन में बड़ी संख्या में भीड़ जुटने की सम्भावना है। विभिन्न हिन्दू संगठनों को सामूहिक रूप से जुटकर कार्यक्रम को सफल बनाने का लगातार आह्वान भी किया जा रहा है। पिछले कुछ समय में डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया लगातार तीसरी बार भोजीपुरा में कार्यक्रम में आ रहें है। जिलाध्यक्ष विवेक गंगवार, वीरेंद्र गंगवार, केशव गंगवार, राहुल गंगवार, पुष्पेंद्र गंगवार, दिनेश मौर्य आदि ने सामूहिक रूप से जानकारी दी।

# गौवंशीय पशु के अवशेष मिलने पर गौरक्षा दल हुआ आक्रोशित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ग्राम सुकटिया में गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने पर गौरक्षा दल आक्रोशित हो उठा। मौके पर पहुंची पुलिस गोवंश का मांस बेचे जाने की सूचना पर गौरक्षा दल के सदस्यों के साथ पास के ही गांव में एक घर पर पहुंची तो वहां ताला लगा हुआ था। ताला तोड़कर तलाशी ली गई तो वहां कुछ हाथ नहीं लगा। गौरक्षा दल की मांग पर पुलिस ने जल्द मामले का खुलासा कर कार्यवाही करने की बात कही है।



**सीओ ने मामले का जल्द खुलासा करने का दिया आश्वासन**

जानकारी के मुताबिक थाना बहेड़ी के ग्राम सुकटिया के पास जंगल में गौवंशीय पशु के अवशेष पड़े मिलने से हड़कम्प मच गया। जानकरी लगते ही आक्रोषित गौरक्षा हिंदू दल बहेड़ी के तहसील अध्यक्ष मनोज गंगवार, जिला अध्यक्ष देवेंद्र भास्कर टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही कताई मिल चौकी इंचार्ज रजनीश, एल आई यू बहेड़ी अनुज, नारायण नगला चौकी इंचार्ज राजेश, सीओ बहेड़ी अरुण कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। जांच के दौरान पास के एक ईंट भट्ठे पर मौजूद मुखबिर ने बताया कि उसने मिर्जापुर गांव से 1 किलो मांस खरीदा था, जिसपर पुलिस और गौरक्षा दल के सदस्य मिर्जापुर गांव पहुंचे बताये गए घर पर पहुंचे जहाँ ताला लगा हुआ था।

इस पर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर तलाशी ली तो वहाँ पुलिस को कुछ नहीं मिला। गौरक्षा दल के सदस्यों के आक्रोश को देखते हुए सीओ अरुण कुमार ने आश्वासन दिया है कि मामले का जल्द ही खुलासा किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मतदाता पुनरीक्षण: 6 फरवरी तक होंगे दावा-आपत्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को तहसील सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि विधानसभा निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन 6 जनवरी को किया जा चुका है, जिसकी ड्राफ्ट सूची राजनीतिक दलों को उपलब्ध करा दी गई है। यह सूची ऑनलाइन भी उपलब्ध है, जिसे मतदाता डाउनलोड कर देख सकते हैं। आलेख्य सूची में नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6, नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 तथा नाम, पिता/पति का नाम, लिंग या आयु में संशोधन हेतु फॉर्म-8 के माध्यम से दावा-आपत्ति 6 फरवरी तक संबंधित बीएलओ को दी जा सकती है। इनका निस्तारण 27 फरवरी तक किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची 6 मार्च को प्रकाशित होगी।

विशेष गहन पुनरीक्षण में विधानसभा क्षेत्र के कुल 3,51,470 मतदाताओं के सापेक्ष 3,04,042 गणना प्रपत्र प्राप्त हुए। इसमें 8,283 मृतक, 10,757 अनुपस्थित, 22,589 स्थायी रूप से स्थानांतरित, 5,130 एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत तथा 669 संदिग्ध मतदाता पाए गए। वहीं 12,581 मतदाता वर्ष 2003 की मतदाता सूची में अपने या अपने परिजनों का नाम उपलब्ध नहीं करा सके, जिन्हें ईसीआईनेट से नोटिस जारी कर बीएलओ द्वारा तामील कराई जाएगी। दावा-आपत्तियों की सुनवाई के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित 12 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को विभिन्न केंद्रों पर तैनात किया गया है।

इसके साथ ही 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं से नामांकन कराने की अपील की गई। बैठक में कांग्रेस, भाजपा, बसपा, सपा, अपना दल, आप, रालोद सहित विभिन्न दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# देवरनियां में संगठित चोरी गिरोह पर गैंगस्टर एक्ट

## कोतवाली प्रभारी आशुतोष की सख्ती से अपराधियों में मचा हड़कंप

## अपराधियों पर सख्ती, शून्य सहनशीलता नीति लागू

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने दैनिक शाह टाइम्स से हुई खास बातचीत में बताया कि अपराध और अपराधियों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जा रही है। संगठित अपराध, गैंग और समाज विरोधी तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। आगे भी क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और जनविश्वास बनाए रखने के लिए इसी तरह सख्त वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को चुनौती दे रहे संगठित अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी और निर्णायक कार्रवाई की है। लंबे समय से सक्रिय चोरी के गिरोह पर उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 के तहत गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई कर कोतवाली देवरनियां पुलिस ने अपराधियों की कमर तोड़ने का काम किया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस के अनुसार, गिरोह का सरगना 29 वर्षीय परवेज पुत्र अब्दुल वहीद, निवासी ग्राम नवादा, थाना देवरनियां अपने सहयोगियों नाजिम (32 वर्ष) पुत्र इनायत रसूल एवं दानिश (26 वर्ष) पुत्र जमील के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह चलाता था। यह गिरोह जनपद स्तर पर सक्रिय रहते हुए चोरी जैसी संगीन घटनाओं को अंजाम देता था और अपने व अपने साथियों के लिए अवैध रूप से आर्थिक लाभ अर्जित करता था। जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह की गतिविधियों से क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल बना हुआ था। आमजन इनके खिलाफ न तो मुकदमा दर्ज कराने का साहस जुटा पा रहे थे और न ही न्यायालय में गवाही देने को तैयार थे। कई मामलों में गवाहों द्वारा अभियोजन कथन से मुकर जाना इस बात की पुष्टि करता है कि गिरोह का आतंक किस स्तर तक फैला हुआ था, जिससे सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा था।

**कोतवाली प्रभारी ने बनाई अपनी अलग पहचान**

कोतवाली देवरनियां प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने सख्त और निष्पक्ष कार्यशैली से क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। अपराध नियंत्रण को लेकर उनकी रणनीति और लगातार की जा रही कार्रवाइयों से अपराधियों में खौफ नजर आ रहा है। संगठित अपराध और गैंग गतिविधियों पर की गई प्रभावी कार्रवाई से आमजन में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ा है। उनकी सक्रियता से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है और शांति का माहौल कायम हुआ है।

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में देवरनियां पुलिस द्वारा लगातार रात्रि गश्त, पिकेट ड्यूटी, संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग तथा अपराधियों की सघन निगरानी की जा रही थी। इसी सतत अभियान के दौरान एकत्र की गई ठोस सूचनाओं और साक्ष्यों के आधार पर गिरोह की गतिविधियों को चिन्हित किया गया, और उन्हें कानून के शिकंजे में लाने की रणनीति तैयार की गई। पुलिस अभिलेखों के अनुसार गिरोह के विरुद्ध देवरनियां एवं शेरगढ़ थानों में बीएनएस व आर्म्स एक्ट के तहत आधा दर्जन से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। सभी मामलों में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किए जा चुके हैं और मुकदमे वर्तमान में विचाराधीन हैं। गिरोह की आपराधिक पृष्ठभूमि को देखते हुए जिलाधिकारी बरेली द्वारा गैंग चार्ट का अनुमोदन करते हुए धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की अनुमति प्रदान की गई, जिसके बाद कोतवाली देवरनियां में विधिवत अभियोग पंजीकृत किया गया।

क्षेत्रीय नागरिकों ने कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस की सक्रियता साफ नजर आ रही है। आम जनता में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ा है और अपराधियों के खिलाफ सख्त रवैये से कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है।

# 1101 हनुमान विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा करने को संकल्पित नीलकमल पाठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** राम न मिलेंगे हनुमान के बिना भजन से प्रेरणा लेकर 1101 श्री हनुमान जी महाराज की विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा का संकल्प जिला बदायूं में ग्राम दुगरैय आपका जन्म स्थान है और वर्तमान में बदायूं रोड करगैना निवासी शिक्षक नीलकमल पाठक ने लिया है, वह राजेन्द्र नगर बरेली में कोचिंग चलाते हैं, वर्ष 2018 में लिए संकल्प के बाद से अभी तक 118 हनुमान जी की प्रतिमा की स्थापना करा चुके हैं, उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत है पिता श्री सुभाष चंद्र पाठक जी इन्होंने भी दो हनुमान जी के भव्य मंदिरों का निर्माण करवा कर अपने जीवन को साकार किया है, नीलकमल पाठक ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के संकल्प के साथ ही कई प्रकार की चुनौतियों का भी सामना करना पढ़ा, सबसे पहले तो विग्रह स्थापना के लिए मन्दिर या जगह की तलाश करना था, पहली भगवान की प्रतिमा की स्थापना 2018 में करने के बाद लक्ष्य प्राप्ति को लेकर कई सवाल उठने लगे। लेकिन 2018 में 3, 2019 में 6, 2021 में 9, 2022 में 12, 2023 में 15, 2024 में 18 और 2025 में 21 स्थापना करने के साथ स्थापना की संख्या 117 पहुंची और 1 जनवरी 2026 को 118 वीं स्थापना ग्राम :बरखन,बदायूं में विधि विधान से स्थापना हुई।

पाठक जी ने बताया अपने संकल्प के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 8 जिलों में, उत्तराखंड के 2 जिलों में और राजस्थान के 2 जिलों में श्री हनुमान जी के सिंदूरी स्थापना हो चुके हैं, सेंथल के नजदीकी ग्राम हाफिजगंज के पंचायती मन्दिर में भी 55 नम्बर की हनुमान जी महाराज की विग्रह की स्थापना हो चुकी है, 1101 श्री हनुमान स्थापना संकल्प के मुख्य सेवक नीलकमल पाठक ने बताया कि अब उनके संकल्प के अंतर्गत 983 स्थापना ही शेष बची है जो उन्हें अपने जीवन काल में पूर्ण करनी है, उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण भारत देश विदेश में किसी भी राज्य शहर गाँव के किसी भी मन्दिर और देवालय में श्री हनुमान जी दो फुट के सिंदूरी विग्रह की स्थापना करवाने के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

# बरेली में नशा तस्करी का बड़ा भंडाफोड़

■ 91 किलो डोडा चूरा-छिलका बरामद, तीन शातिर दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना भमोरा क्षेत्र में सक्रिय एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 61.500 किलो डोडा छिलका और 29.500 किलो डोडा चूरा, कुल 91 किलो अवैध मादक पदार्थ बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान तीन तस्करों को ऑटो, इलेक्ट्रॉनिक कांटा और दो मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजरुद्दीन पुत्र पप्पू, नईम पुत्र रियासत और सलमान पुत्र गुलाम नबी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 9 जनवरी 2026 को चेकिंग के दौरान संदिग्ध ऑटो को रोका गया, जिसमें मादक पदार्थ छिपाकर ले जाया जा रहा था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी बाहर से डोडा चूरा मंगाकर ढाबों, ट्रक चालकों और राहगीरों को सप्लाई करते थे।

यह पूरी कार्रवाई थानाध्यक्ष भमोरा सनी चौधरी की सतर्कता और मजबूत नेतृत्व का नतीजा रही। वहीं, सर्किल ऑफिसर आंवला नितिन कुमार के कुशल निर्देशन और सख्त निगरानी में पुलिस टीम ने तस्करों को घेरकर बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस अधिकारियों की इस कार्रवाई की क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15/60 में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बरेली पुलिस की यह सफलता नशा तस्करों के लिए कड़ा संदेश मानी जा रही है कि अवैध धंधों में लिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# बहेड़ी तहसील में नागरिक सुरक्षा के विस्तार को लेकर बैठक

■ प्रत्येक वार्ड से स्वयंसेवक चयन के निर्देश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर नागरिक सुरक्षा के विस्तार के क्रम में शुक्रवार को बहेड़ी तहसील सभागार में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन उप जिलाधिकारी कार्यालय, बहेड़ी में तहसीलदार भानु प्रताप सिंह एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका बहेड़ी शशी प्रभा चौधरी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। बैठक में नगर के सभासदों सहित नागरिक सुरक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक की शुरुआत में तहसीलदार भानु प्रताप सिंह ने नागरिक सुरक्षा कार्यालय द्वारा पूर्व में उपलब्ध कराए गए स्वयंसेवक भर्ती फार्म एवं दिशा-निर्देशों के बारे में उपस्थित पदाधिकारियों को जानकारी दी। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यालय से फार्म प्राप्त कर प्रत्येक वार्ड से 2 से 3 योग्य सदस्यों को चिन्हित कर फार्म भरवाए जाएं। उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा राकेश कुमार मिश्रा ने नागरिक सुरक्षा विभाग की भूमिका और महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह विभाग एक कोर के रूप में कार्य करता है, जिसका उद्देश्य हवाई हमलों से बचाव तथा उनके प्रभाव को कम करना है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिक सुरक्षा में वही व्यक्ति स्वयंसेवक के रूप में तैनात किया जाएगा, जो स्वस्थ, निर्विवाद, गैर-राजनीतिक छवि वाला हो तथा समाज, राष्ट्र और आपदा प्रबंधन में सेवा भाव रखता हो। इस अवसर पर चीफ वार्डन रंजीत वशिष्ठ ने बताया कि नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवक न केवल हवाई हमलों से बचाव में बल्कि प्राकृतिक व मानव जनित आपदाओं के दौरान भी सजग प्रहरी की भूमिका निभाते हैं और अपने क्षेत्र में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

बैठक के अंत में तहसीलदार ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि सभासदों के सहयोग से प्रत्येक वार्ड में निर्धारित संख्या में स्वयंसेवकों का चयन कर फार्म भरवाने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए। इस मौके पर नागरिक सुरक्षा के सहायक उप नियंत्रक प्रमोद कुमार डागर, डिवीजनल वार्डन अंजय कुमार अग्रवाल एवं डिप्टी डिवीजनल वार्डन (आरक्षित) कवलजीत सिंह ने भी नागरिक सुरक्षा की कार्यप्रणाली के संबंध में उपस्थित जनों को विस्तार से जानकारी दी।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# जनपद को औद्योगिक विकास की दिशा में बढ़ाना है आगे:डीएम

## डीएम ने जिला उद्योग व व्यापार बंधुओं के साथ बैठक कर संबंधित विभागों को दिए आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की संयुक्त बैठक कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में निवेश मित्र योजना की समीक्षा की गई, जिसमें कुल 2417 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 2112 आवेदन स्वीकृत तथा 162 आवेदन निरस्त किए गए। जिला. धिकारी ने निरस्त आवेदनों के कारणों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली।



जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में उद्योग स्थापित करने वाले निवेशकों को किसी भी प्रकार की एनओसी, अनुमति अथवा विभागीय प्रक्रिया में अनावश्यक कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि बागपत को औद्योगिक विकास की दिशा में आगे बढ़ाना है, नए उद्योग लाने हैं और व्यापारियों को खुशहाल बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कों पर खड़े भारी वाहनों को लेकर जिलाधिकारी ने आरटीओ एवं पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से चालान व कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इंडस्ट्री बेल्ट संगठन द्वारा कब्रिस्तान की पैमाइश न होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार, कानूनगो एवं लेखपाल की टीम गठित कर शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए। औद्योगिक क्षेत्र में पानी की टंकी को चालू कराए जाने की मांग पर बताया गया कि इसका एस्टीमेट भेजा जा चुका है तथा वित्तीय स्वीकृति हेतु पत्रावली कानपुर भेजी गई है। इस पर जिला. धिकारी ने शीघ्र स्वीकृति एवं कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जनपद में एक बड़े औद्योगिक क्षेत्र के विकास की मांग पर जिलाधिकारी ने सरक. ारी भूमि के चिन्हांकन हेतु उप जिलाधिकारी स्तर पर कार्रवाई प्रारंभ करने तथा सोमवार को इस संबंध में विशेष बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। टेक्सटाइल द्वारा 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की मांग पर विद्युत विभाग को आवश्यक समाधान करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए नगर पालिका के साथ बैठक करने को कहा गया।

व्यापार संघ की बैठक एसडीएम बड़ौत की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें अधिशासी अधिकारी, जीएमडीआईसी, डीसी जीएसटी उपस्थित रहे। अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी कर कार्रवाई करने, कूड़े का निस्तारण स्वयं करने तथा सड़कों पर कूड़ा न फेंकने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने श्रम विभाग के अस्पताल निर्माण को लेकर भी संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिन भवनों के मानचित्र स्वीकृत नहीं हैं, वे अनिवार्य रूप से मानचित्र स्वीकृत कराएं तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। व्यापार बंधु की बैठक में जीएसटी पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने की जानक. ारी दी गई। बताया गया कि आधार आधारित सत्यापन के माध्यम से 2. 5 लाख रुपये तक का पंजीकरण सरलता से किया जा सकता है। सभी विभागों को निर्देश दिए गए कि सरकारी जीएसटी रिटर्न प्रत्येक माह की 10 तारीख तक अनिवार्य रूप से दाखिल करें तथा हरन वितरण अधिकारी अपने वार्षिक आंकड़े जीएसटी विभाग को उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर जीएमडीआईसी अर्चना तिवारी, डीसीजीएसटी आरपी चौरसिया, एआईजी स्टांप शची कुमारी, अधिशासी अधिकारी के के भड़ाना सहित अन्य विभागों के अधिकारी व्यापार बंधु उपस्थित रहे।

# भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने मनाई सर छोटू राम की पुण्यतिथि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने कैंप कार्यालय पर महान किसान नेता व समाज सुधारक सर छोटू राम की पुण्यतिथि मनाई। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया।

इस मौके पर दिल्ली एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा ने बताया कि सर छोटू राम किसानों के मसीहा थे, जिन्होंने ब्रिटिश शासनकाल में भी किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कृषि क्षेत्र में सुधारों और किसानों को कर्ज के बोझ से मुक्त कराने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए। इस अवसर पर यूनियन पदाधिकारियों ने युवाओं से सर छोटू राम के आदर्शों को अपनाने और किसानों के हक में काम करने का संकल्प लिया। आज के समय में भी सर छोटू राम की नीतियां और विचार उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस दौर में थे। इस दौरान यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रताप गुर्जर, इंद्रपाल, कालूराम, नरेंद्र, नीटू, अमित कुमार, धर्मपाल, भीम सिंहविनोद कुमार, गौरव, सचिन आदि मौजूद रहे।

# नई सड़कों पर लोगों ने किया पूरी तरह अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील परिसर में बनी नई सड़क पर आने जाने वाले लोगों ने पूरी सड़क को अतिक्रमण बना दिया है। इसकी शिकायत कई बार तहसील क्षेत्र के अधिवक्ताओं ने एसडीएम से की एसडीएम ने मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस भेज कर सड़क से अतिक्रमण अभियान चलवा कर सड़क पर खड़ी गाड़ियों के चालान कटवाए इससे सड़क पर गाड़ी खड़ी करने वालों में हड़कंप मच गया। आंगन फागन में तुरंत वहां से लोगों ने अपनी गाड़ियां हटाई तब जाकर लोगों को सड़क से राहत मिली। दिल्ली बस स्टैंड चौकी प्रभारी ने पुलिस को साथ लेकर सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को मुक्त कराया और सड़क के पास तहसील परिसर के गेट के पास पुलिस टीम लगा दी गई ताकि कोई भी सड़क पर अतिक्रमण न कर पाए।



# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** ब्लॉक के गांव किरठल बिजलीघर के समीप गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के गांव और परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार लूम्ब गांव निवासी 22 वर्षीय इस्पाक पुत्र उमेद गुरुवार की रात रमाला से अपने गांव लूम्ब लौट रहा था। जैसे ही वह किरठल बिजलीघर के पास पहुंचा, तभी उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े लोहे के विद्युत खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि इस्पाक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने युवक को सड़क पर पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेकर शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर जैसे ही उसके परिजनों तक पहुंची, घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि इस्पाक परिवार का इकलौता कमाने वाला था, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में हर कोई इस हादसे से स्तब्ध है। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

# 23 जनवरी को आयोजित होने वाली मॉक ड्रिल के संबंध में हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के अवसर पर 23 जनवरी 2026 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर आयोजित की जाने वाली ब्लैक आउट मॉक ड्रिल की तैयारी के संबंध में अपर जिलाधिकारी विनीत उपाध्याय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मॉक ड्रिल के आयोजन स्थल के चयन, समस्त संबंधित विभागों के समन्वय से कार्ययोजना तैयार करने, स्वयंसेवकों के चयन एवं निर्धारित समय पर मॉक ड्रिल प्रारम्भ करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले की चेतावनी हेतु सायरन ध्वनित किया जाएगा, सायरन बजते ही प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद कर ब्लैक आउट किया जाएगा तथा नागरिकों द्वारा शरण लेने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया जाएगा। हवाई हमला समाप्त होने पर ऑल क्लियर सायरन ध्वनित किया जाएगा। मॉक ड्रिल में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा छोटी आग बुझाने, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देने, गंभीर रूप से घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाने एवं ध्वस्त भवनों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं अग्निशमन विभाग द्वारा बड़ी आग पर नियंत्रण तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपात चिकित्सा सेवाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल में नागरिक सुरक्षा, पावर कारपोरेशन, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीएमए, पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन की सक्रिय सहभागिता रहेगी। बैठक में अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ मॉक ड्रिल को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के निर्देश दिए गए। उक्त ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन जिलाधिकारी/नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा के निर्देशन में कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तीरथ लाल, डिप्टी कलेक्टर उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा बागपत मनीष कुमार यादव सहीत संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश में है कानून का राज:जसवंत सैनी

**शाह टाइम्स संवाददातरा**

**बागपत।** शुक्रवार को बागपत पहुंचे राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने जी राम जी भारत सरकार की योजना को लेकर प्रेस वार्ता की। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियां कि नहीं और जी राम जी योजना पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना बहुत ही लाभकारी है और कल्याणकारी है।



राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने बागपत में मेरठ की घटना पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि मेरठ में दलित युवती के अपहरण और उसकी मां की हत्या के मामले में जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा और युवती को बरामद किया जाएगा। सैनी ने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज है और इस घटना का जल्द खुलासा होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है और दोषियों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। मंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों में कानून व्यवस्था कमजोर थी, जबकि वर्तमान सरकार में यह मजबूत है। उन्होंने मुख्यमंत्री के बयान का भी जिक्र किया कि बहन-बेटियों के साथ अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जसवंत सिंह सैनी ने स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश में अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। इससे पहले, राज्यमंत्री सैनी बागपत में श्जी राम जी भारत सरकारश की योजना को लेकर प्रेस वार्ता कर रहे थे, जहां उन्होंने योजना के लाभकारी और कल्याणकारी पहलुओं पर प्रकाश डाला।

# महाराज अजितनाथ ने दिए मंगल प्रवचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जैन समाज के लोगों को संबोधित करते महाराज अजितनाथ सभागार मंडी बड़ौत में मंगल प्रवचन देते हुए जैन संत आचार्य विमर्श सागर महाराज ने कहा कि जिसके मन में वैराग्य की भावना का जागरण हो जाता है उसके जीवन में नियम से त्याग का आगमन नहीं होता तो समझना चांहए न तो उसका सम्यक ज्ञानाभ्यास है, न ही संवेग भावना है। यहाँ तीर्थकर प्रकृति के बन्ध की बात है। गृहस्थ जीवन में दान की पराकाष्ठा होती है। मुनि जीवन में त्याग की पराकाष्ठा होती है। दान की पराकाष्ठा होती है तो इतना पुण्याश्रव होता है कि गृहस्थ तीर्थकर प्रकृत का बन्ध करके किमिच्छक दान देने के योग्य हो जाता है। तीर्थंकर प्रकृति की विशेषता है कि इस प्रकृति की उत्कृष्ट स्थिति बन्ध गृहस्थ ही करता है, मुनि नहीं। क्योंकि गृहस्थ समस्त क्रिया को कृत्यात्मक कर कर सकता है। इसलिए कृत्यात्मक कृत्य का फल ही उत्कृष्ट तीर्थकर पद का पात्र होता है। उन्होंने कहा कि दान और त्याग का अन्तर साक्षात् आहारचर्या के समय दष्टिगोचर होता है, जिस वक्त श्रावक के मन में दान का भाव आता है तो वह मुनिराज का पड़गाहन करने द्वार पर खड़ा हो जाता है। मुनिराज का पड़गाहन करता है ओर आहार करता है। तब देने वाले श्रावक का हाथ ऊपर होता है और मुनिराज का हाथ नीचे होता है जरा से ग्रास का दान उसे तुरन्त ऊँचा उठा देता है। पर श्रावक को दान का घमण्ड न हो जाये इसलिये आप देखियेगा मुनिराज ने त्याग कर दिया-सम्पूर्ण परिग्रह का तो वे पटे पर खड़े होते हैं श्रावक नीचे खड़ा होता है। यही तो दान की महिमा है और त्याग की गरिमा है।

# युवाओं के हितों के लिए कार्य कर रहे जयंत चौधरी:धीरज उज्जवल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** बिजवाड़ा गांव में गुरुवार को राष्ट्रीय लोकदल पार्टी की बैठक हुई, जिसमें रालोद के प्रांतीय उपाध्यक्ष ने कहा रालोद पार्टी ही सभी वर्गों की सच्ची हितेषी पार्टी हैं। रालोद अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह किसान मजदूरों और नोजवानों के हितों के लिये कार्य कर रहे हैं। रालोद के प्रांतीय उपाध्यक्ष धीरज उज्वल ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह युवाओं के हृदय सम्राट हैं। वे भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की विचार धारा को आगे बढ़ा रहे हैं और किसान हितों के लिये निरंतर संघर्षरत रहते हैं। वे युवाओं और खिलाड़ियों को मजबूत और उनका भविष्य संवारने के लिए कार्य कर रहे हैं। वह देश के ऐसे पहले सांसद हैं, जिन्होंने अपनी संपूर्ण सांसद निधि खेलों ओर खिलाड़ियों पर खर्च करने की घोषणा की। वे देश के युवा और खिलाड़ियों को मजबूत और विक. सित करने तथा उनका भविष्य संवारने के लिए कार्य कर रहे हैं। सभा में उन्होंने गांव के करीब एक हजार जरूरत मंद लोगों को कंबल भी वितरित किये।

# ऑनलाइन गेम खेलते हुए किशोर ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ऑनलाइन गेम खेलते हुए एक 15 वर्षीय किशोर ने आत्महत्या कर ली। यह घटना उस समय हुई जब उसका परिवार एक निर्माण स्थल पर मजदूरी कर रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। किशोर एक कमरे में मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेल रहा था। कुछ देर बाद जब परिवार के सदस्य कमरे में पहुंचे, तो उन्होंने उसे फांसी के फंदे पर लटका पाया। बताया गया है कि किशोर लगातार मोबाइल पर गेम खेलता था।

मृतक का परिवार मूल रूप से मध्य प्रदेश का निवासी है और बागपत में एक निजी अस्पताल के निर्माण कार्य में मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता है। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, और स्थानीय लोग उन्हें सांत्वना दे रहे हैं। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि किशोर ने यह कदम क्यों उठाया। इस घटना पर जिला अस्पताल के मनोचिकित्सक डा.अजय कुमार ने चिंता व्यक्त की है।

मृतक का फाइल फोटो


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीलीभीत।

पत्रांक:- 141 /न0पा0परि0पी0/2026 दिनांक- 09-01-2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है पालिका द्वारा राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फंड के अन्तर्गत निम्न कार्य की सीलबंद निविदा दिनांक 19/01/2026 को समय 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक 19/01/2026 समय 4:00 बजे खोली जायेंगी। इच्छुक फर्म/ठेकेदार दिनांक 17/01/2026 को समय 4:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद पीलीभीत से निविदा प्रपत्र क्रय कर सकते है।

| क्र सं | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि जी0एस0टी0 सहित | ठेकेदार की श्रेणी | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड नं0 17 गैस चौराहा स्थित दामोदर दास पार्क की रंगाई पुताई, फाउन्टेन आदि का कार्य | 453000.00 | A,B,C ,D | 2 % | 453/- | 10 दिन |
| 02 | वार्ड नं0 16 स्टेशन चौराहा पर नेहरू पार्क का सौन्दर्यीकरण/रंगाई पुताई कार्य | 145000.00 | A,B,C ,D | 2 % | 145/- | 10 दिन |
| 03 | वार्ड नं0 15 मो0 खकरा में तिकोना पार्क सौन्दर्यीकरण/रंगाई पुताई/लाईटिंग आदि कार्य। | 134000.00 | A,B,C ,D | 2 % | 134/- | 10 दिन |
| | कुल योग:- | 732000.00 | | | | |

1-निविदा के साथ 2 प्रतिशत जमानत धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पीलीभीत के नाम बन्धक कराकर निविदा के साथ लगाना अनिवार्य होगा शेष 8 प्रतिशत निविदा स्वीकृति उपरान्त अनुबंध गठन के समय जमा करना अनिवार्य होगा।

2-निविदा खुलने की तिथि में यदि अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। नियम एवं शर्ते पालिका के निर्माण विभाग में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
पीलीभीत।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
पीलीभीत।


# रालोद ने मनाया राय का जन्मदिन



**नूरपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के कार्यालय पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय का जन्मदिन मनाया गया। जिला महासचिव चौधरी अजयवीर एड. ने कहा कि डॉ. रामाशीष राय किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भी रहे चुके हैं। डॉ. रामाशीष राय मूल रूप से देवरिया जिले के रहने वाले हैं। उन्होंने पूर्व से लेकर पश्चिम तक पार्टी का संगठन मजबूती से खड़ा किया है। वह कुशल राजनीतिज्ञ के साथ ही कुशल संगठन संचालक है। उनके नेतृत्व में प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल का जनाधार पूर्वांचल के कोने-कोने में बढ़ रहा है। इस मौके पर सरदार रविंद्र सिंह, मुकुल गुप्ता, अर्पित त्यागी, संदीप जोशी, मास्टर देवेंद्र सिंह, पीयूष चौधरी, मास्टर तेजपाल सिंह, मुजम्मिल मलिक आदि मौजूद थे।

# भाकियू की मासिक बैठक

**नूरपुर।** गन्ना समिति कार्यालय परिसर में भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता राम सिंह प्रधान ने की व संचालन मोनू चौधरी ने किया। 16, 17 व 18 जनवरी को चिंतन शिविर प्रयागराज में चलने का आह्वान किया गया। अमरपाल चौधरी ने कहा कि किसानों को अपनी ताकत दिखानी है। इस मौके पर क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए गांव में गांव में सुरक्षा समिति बनाने की अपील की गई। पंचायत में संगठन विस्तार करते हुए अनिक चौधरी, मनोज सैनी व दिग्विजय सिंह चौहान ने भाकियू की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में जिला संगठन मंत्री अशोक धनकड़, जिला सचिव मास्टर देवेंद्र सिंह, भोपाल सिंह, दिनेश चौधरी, सुशील शर्मा, रोहताश यादव, दुष्यंत यादव, नरेश चौधरी, मोहित चौहान, बुध सिंह आदि मौजूद रहे।

# गायत्री शक्तिपीठ पर सामूहिक साधना

**नजीबाबाद।** शांतिकुंज जोनल कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ में सामूहिक साधना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबको सद्बुद्धि, सबके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ सवालक्ष गायत्री महामंत्र का जप संपन्न किया गया।

# शिवा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन



**नूरपुर।** सेंट मैरी इंटर कॉलेज के हाईस्कूल के छात्र शिवा यादव (15 वर्ष) पुत्र ओमप्रकाश यादव का राष्ट्रीय स्तर पर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन होने से विद्यालय, अभिभावकों एवं क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। शिवा यादव की इस उपलब्धि पर उसके माता-पिता ने विद्यालय परिवार, विशेष रूप से पीटीआई मास्टर मौहम्मद इरफान का आभार व्यक्त किया है। जिनके कुशल मार्गदर्शन और निरंतर प्रशिक्षण से शिवा यादव ने बास्केटबॉल में उत्कृष्ट दक्षता प्राप्त की। प्रधानाचार्य शश्टर बंसी सहित समस्त स्टाफ ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सेंट मैरी इंटर कॉलेज, नूरपुर का यह पहला छात्र है, जिसे बास्केटबॉल में राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर प्राप्त हुआ है। शिवा यादव की इस उपलब्धि से न केवल कॉलेज, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।

# बाइकों की आमने सामने हुई टक्कर में दो की मौत, एक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र के गंगापुर जदीद मंदिर के निकट आमने-सामने से दो बाइकों की टक्कर हो गई स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उठाया गया।

सूचना पर मिलक पुलिस घटना स्थल पर पहुंचे और 108 एम्बुलेंस को सूचना मिलने पर शाम के लगभग 6:00 पायलट किशन वर्मा ईएमटी नितिन एंबुलेंस तत्काल सूचना पर लेकर पहुंचे और घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लाया गया। जहां पर घायलों की पहचान राहुल पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम अगापुर थाना मिलक जनपद रामपुर सुभाष पुत्र बलवीर निवासी ग्राम अगापुर हरीश पुत्र सियाराम निवासी ग्राम रठौं का मजरा थाना मिलक जनपद रामपुर सुभाष पुत्र बलवीर को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टर ने हरीश व राहुल को मृत घोषित कर दिया सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे और रोने चिल्लाने लगे पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर शव पीएम के लिए भेज दिया मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

# सैफनी नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मीटिंग कर पार्टी के अनेक मुद्दों पर की चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर में गुरुवार को बड़ी बाजार के सामने योगेश कुमार शर्मा की दुकान के सामने भारतीय जनता पार्टी की एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें गौ रक्षा वाहिनी के जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी ने पार्टी के अनेक मुद्दों पर चर्चा की जिसमें उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी निष्पक्ष होकर सभी के साथ एक समान कार्य को लेकर चल रही है। किसी के साथ कोई भी भेद भाव नहीं करती तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा सुनील कुमार लोधी, वेदप्रकाश चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष भाजपा कांता प्रसाद लोधी,राकेश कुमार जोशी, राजू शर्मा पधान अमीन आदि लोग उपस्थित रहे।

# रामपुर में "नो हेलमेट.नो फ्यूल" अभियान के अंतर्गत सघन प्रवर्तन कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उप परिवहन आयुक्त बरेली परिक्षेत्र बरेली केपी गुप्ता तथा संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन मुरादाबाद के नेतृत्व में जनपद रामपुर में नो हेलमेट नो फ्यूल एवं प्रेशर हॉर्न रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के संबंध अभियान चलाया गया, जिसमें उप परिवहन आयुक्त के नेतृत्व में वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिक. ारी प्रशासन/प्रवर्तन राजेश कुमार वास्तव, यात्रीकर अधिकारी होरी लाल वर्मा की टीम ने जनपद के 07 पेट्रोल पंपों पर जाकर बिना हेलमेट लगाए पेट्रोल लेने पहुंचने वाले दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट की महत्वता के बारे में अवगत करते हुए उन्हें जागरूक किया गया। इस अभियान में 155 दो पहिया वाहन चालकों के नो हेलमेट में चालान भी किए गए।




उप परिवहन आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी पेट्रोल पंपों संचालकों को सख्ती से निर्देशित किया जाए कि बिना हेलमेट लगाए आने वाले दो पहिया चालकों को पेट्रोल बिक्री न की जाए।

# शाहनवाज राना एड. पहुंचे रामपुर अधिवक्ताओं ने किया स्वागत









**रामपुर के अधिवक्ताओं ने किया प्रथम वरीयता वोट का वादा, शाहनवाज राना बोले सदैव साथ रहूंगा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आगामी चुनाव को लेकर सदस्य पद के उम्मीदवार, पूर्व उपाध्यक्ष बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश एवं पूर्व विधायक शाहनवाज राना ने रामपुर पहुंचकर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया।

उन्होंने जिला कचहरी परिसर और तहसील सदर में अधिवक्ताओं से सीधा संवाद कर अपने पक्ष में समर्थन और वोट की अपील की। जनसंपर्क के दौरान शाहनवाज राना ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कहा कि यदि उन्हें बार काउंसिल में प्रतिनिधित्व का अवसर मिला तो अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, उनके सम्मान और सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, चौंबर सुविधा, सुरक्षा, बीमा, पेंशन और कल्याणकारी योजनाओं को मजबूत करना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा।

उन्होंने कहा कि बार काउंसिल अधिवक्ताओं की आवाज है और इसे और अधिक सशक्त, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे अनुभव और ईमानदारी के साथ अधिवक्ताओं की समस्याओं को शासन स्तर तक मजबूती से उठाएंगे।

जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे और कई अधिवक्ताओं ने शाहनवाज राना को समर्थन देने का आश्वासन भी दिया। चुनाव को लेकर अधिवक्ता समुदाय में उत्साह देखा गया। इस दौरान एडवोकेट मो।ताहिर, एडवोकेट दिलशाद हसन,एडवोकेट शहजाद हसन, एडवोकेट उस्मान, एडवोकेट मकदूम अली, एडवोकेट ताहिर हुसैन,एडवोकेट राय सिंह , एडवोकेट रेहान, एडवोकेट मो।आमिर, एडवोकेट नफीस दूल्हा, एडवोकेट मो. आलम आदि अधिवक्ता साथ थे।

## एक नजर

### दबंगों ने किसान की काटी खड़ी गन्ने की फसल पीड़ित ने की पुलिस अधीक्षक से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** दबंगो ने बदमाशी के दम पर किसान की गन्ने की फसल काट कर बेच दी पीड़ित किसान ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से कर कार्रवाई की मांग की है सोमपाल भूवरी निवासी किसान पुलिस अधीक्षक को भेजे पत्र मे कहा है कि उसकी काशत की जमीन भूवरा एहतमाली मे है नगर पंचायत के मोहल्ला भूवरा निवासी राजेंद्र व मुरारी, गौरव, सौरभ, ने दबंगई के बल काटकर ले गए गन्ने का बजन लगभग 500 कुंटल जिसकी कीमत लगभग दो लाख रूपए के करीब है।

इन लोगो ने खेत को जोत कर समतल कर दिया पीड़ित के यूके लिपटिस व पोपुलर के पेड़ खड़े है उन्हे भी यह लोग काटने की धमकी देरहे है किसान का आरोप है कि वह जब अपने गांव से भूवरा होकर मसवासी जाता हू तब यह लोग उसका रास्ता रोक लेते है ओर गन्दी गन्दी गालिया देते है गुंडा गर्दी व बदमाशी दिखाते है ओर परेशान करते है ओर कहते है अगर तू खेत पर गया तो तुझे जान से मार देगे पीड़ित एक गरीब ओर अनुसूचित जाती का व्यक्ती है इसकी शिकायत सोमपाल ,निवासी भूवरी ने पुलिस अधीक्षक से कर राजेंद्र, मुरारी, गौरव, सौरभ निवासी भूवरा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### शादी का झांसा देकर विधवा महिला से बलात्कार का आरोप आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र की महिला ने कोतवाली मे तहरीर देकर आठ लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि उसके पति का लगभग बारह वर्ष पूर्व देहान्त हो गया गांव बिजारखाता निवासी राशिद पुत्र हनीफ उसके साथ शादी का झांसा देकर पांच वर्षो से विधवा के साथ बलात्कार करता रहा।

जब शादी करने के लिए महिला कहती तब टाल मटोल कर जाता इसी तरह पांच साल बीत गए। इसी दौरान महिला गर्व बती हो गई राशिद ने उसको उत्तराखंड के किसी अस्पताल मे भर्ती कराया जहा पर महिला ने बेटी को जन्म दिया राशिद अस्पताल से लड़की को लेकर चला गया तब से अब तक महिला को उसकी बेटी से नही मिलने दिया गया है। महिला का आरोप है कि उसने जब इसके माता पिता व भाईयो से निकाह कराने के लिए कहा तब इन लोगों ने उसके साथ गाली-गलौच व मारपीट की उसे शक है कि इन लोगों ने इस की बेटी को भी कही बेच दिया है। राशिद हनीफ राशिद की वाशिद आरिफ नाजिम सुबहान बहनोई राशिद के खिलाफ कोतवाली मे तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करदी है।

### होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के इनरोलमेंट की प्रक्रिया पूर्णत: पारदर्शी एवं निष्पक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अंतर्गत होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के इनरोलमेंट की सम्पूर्ण प्रक्रिया उ।प्र। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा पूर्णत: पारदर्शी, निष्पक्ष एवं मेरिट आधारित ढंग से संपादित की जा रही है।

जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स कमलेश चौहान ने स्पष्ट किया कि होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के इनरोलमेंट के नाम पर किसी भी अभ्यर्थी से किसी प्रकार की धनराशि मांगे जाने का कोई प्रावधान नहीं है। यदि कोई व्यक्ति चाहे वह होमगार्ड्स विभाग से संबंधित हो अथवा असंबंधित कृकिसी वैतनिक अवैतनिक अधिकारी-कर्मचारी या किसी प्रभावशाली व्यक्ति का नाम लेकर इनरोलमेंट कराने का दावा करते हुए धन की मांग करता है, तो पूर्णत: अवैध, भ्रामक एवं दण्डनीय अपराध है। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के दलालों, एजेंटों, फर्जी कॉल, संदेशों अथवा सोशल मीडिया पर प्रसारित अप्रमाणित सूचनाओं से सावधान रहें और किसी भी प्रलोभन में न आएं।

इनरोलमेंट केवल आधिकारिक प्रक्रिया के माध्यम से, निर्धारित मानकों एवं मेरिट के आधार पर ही किया जाता है। यदि किसी अभ्यर्थी से इनरोलमेंट के नाम पर धनराशि की मांग की जाती है अथवा किसी प्रकार की धोखाधड़ी का प्रयास किया जाता है, तो इसकी सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाने को दें। ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रचलित विधि के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### 21 जनवरी तक कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग, 80 प्रतिशत तक मिलेगा अनुदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने जनपद के समस्त कृषकगणों को सूचित किया है कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत विभिन्न कृषि यंत्रों एवं मशीनों की ऑनलाइन बुकिंग की अंतिम तिथि 21 जनवरी 2026 रात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित की गई है। इच्छुक एवं पात्र कृषक समय रहते आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, कृषि ड्रोन, अन्य एकल कृषि यंत्र तथा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिडड्ढ योजना के अंतर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर एवं फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही अन्य योजनाओं के तहत कृषि यंत्र, कृषि रक्षा उपकरण, एवं त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बैच ड्रायर, मक्का सेलर एवं पॉपिंग मशीन की भी बुकिंग की जा सकती है।

उप कृषि निदेशक ने जानकारी दी कि कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषक विभागीय वेबसाइट https://agridarshan.up.gov.in पर जाकर कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। पात्र कृषकों को यंत्र के मूल्य का 40 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक अथवा कार्ययोजना में निर्धारित अनुदान सीमा तक आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग के दौरान 10,000 रूपये से 1,00,000 रूपये तक अनुदान वाले कृषि यंत्रों हेतु 2,500 तथा 1,00,000 रूपये से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों हेतु 5,000 रूपये प्रति यंत्र टोकन मनी ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य होगा। यंत्रों का विस्तृत विवरण, बुकिंग प्रक्रिया एवं अनुदान से संबंधित संपूर्ण जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए कृषक किसी भी कार्य दिवस में कृषि विभाग कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन का चुनावी कार्यक्रम हुआ जारी

**स्वार।** सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन स्वार जनपद रामपुर की वर्ष 2026 की नई कार्यकारणी के चुनाव हेतु चुनाव अधिकारी महबूब अली एडवोकेट द्वारा चुनावी प्रक्रिया का कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्य क्रम में बताया गया है कि बार अध्यक्ष पद को छोड़कर शेष सभी निम्न पदों पर चुनाव कराने हेतू निम्मलिखित कार्यक्रम घोषित किया जाता है। घोषित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 12-01-2006 दिन सोमवार से दिनाक 14-01-2006 तक नामांकन पत्रों की बिक्री होगी। दिनांक 15-01-2026 से दिनांक 16-01-2026 तक आपत्ति ६नामा. कन पत्र वापसी होने के साथ साथ यदि आवश्यक हुआ तो दिनांक 19-01-2006 को मतदान कराया जाएगा।

# जातिगत अपमान व मारपीट के आरोप पर रालोद ने डीएम-एसपी से की शिकायत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू एवं महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव निगार बेगम के नेतृत्व में रालोद का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी रामपुर व पुलिस अधीक्षक से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने ग्राम पंचायत भटपुरा, सैदनगर की सफाई कर्मचारी रामवती के साथ हुए कथित उत्पीड़न का मामला उठाया। आरोप है कि कस्तूरबा गांधी विद्यालय की अकाउंटेंट नीतू तोमर ने रामवती को जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया, मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। इस गंभीर प्रकरण में रालोद ने पीड़िता की ओर से प्रार्थना पत्र सौंपते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की।

रालोद प्रतिनिधिमंडल ने अकाउंटेंट नीतू तोमर के विरुद्ध तत्काल निलंबन एवं मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह दलित समाज के सम्मान और अधिकारों के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं, ऐसे में इस तरह की घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

प्रतिनिधिमंडल में जिला उपाध्यक्ष इदरीश अंसारी, मुनाजिर हुसैन एवं महफूज खान शामिल रहे।

# शेरपुर चुंगी बाईपास बना जाम की अड्डा

**मंडी धनौरा।** तहसील मुख्यालय से लेकर गोलघर तक बायपास मार्ग पूरी तरह से अतिक्रमण की गिरफ्त में है. बाईपास मार्ग नगर के शेरपुर चुंगी पर भी अवैध अतिक्रमण और अनियंत्रित पार्किंग ने लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है।

सड़क किनारे दुकानों, रेस्टोरेंट और बैंकों के आगे खड़े वाहनों तथा फैले निर्माण सामग्री के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। हालात यह हैं कि स्कूली वाहन जाम में फंस जाते हैं और बच्चों को समय पर स्कूल पहुंचना मुश्किल हो रहा है। बाईपास मार्ग पर कई बिल्डिंग मटेरियल दुकानदारों ने अपना सामान स्टेट हाईवे किनारे तक फैला रखा है, जिससे सड़क सिकुड़ गई है। वहीं कई बैंक और रेस्टोरेंट के पास पार्किंग की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते उनके ग्राहक सड़क पर ही वाहन खड़े कर देते हैं। फुटपाथ पर भी दुकानदारों का कब्जा है, जिससे पैदल चलने वालों को सड़क पर उतरकर चलना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग नगर का मुख्य प्रवेश द्वार है, लेकिन अव्यवस्था के कारण यहां हर समय अफरा-तफरी का माहौल रहता है।

# मॉडर्न एकेडमी ने 175 रन से जीता मैच

## शिवा ठाकुर ने खेली 107 रन की तूफानी पारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** द आर्यंस क्रिकेट अकादमी में चल रही जसवंत सिंह (साहब) अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार का मैच एसएम धोनी अकादमी मुरादाबाद और मॉडर्न पब्लिक स्कूल मुरादाबाद के बीच हुआ। मॉडर्न पब्लिक स्कूल मुरादाबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 268 का स्कोर रखा। शिवा ठाकुर ने 107 रन का तूफानी पारी खेली जबकि सैय्यद फैज अली ने 45 रन का योगदान दिया। एसएम धोनी क्रिकेट अकादमी की ओर से गर्व राजपूत और जीतू ने एक-एक विकेट लिया। मॉडर्न पब्लिक स्कूल मुरादाबाद ने इस मैच में एसएम धोनी क्रिकेट अकादमी को 175 रन से शिकस्त दी। सिर्फ सहित ने 20 और विराट राज गौतम ने 14 रन बनाकर पिच पर थोड़ा बहुत संघर्ष किया। मॉडर्न पब्लिक स्कूल मुरादाबाद की ओर से आयान ने 4 तथा विश्वदीप ने दो विकेट लिए।




मैन ऑफ-द-मैचे शिवा ठाकुर को दिया गया। अंपायरिंग साने आलम और सौरभ ने जबकि स्कोरिंग विवेक चौहान ने की। इस दौरान कन्वीनर अमन लिट, कोच चमन सिंह, पंकज चौधरी, कोच उमेर पाशा, स्कूल चेयरमैन अनिल लिट आदि मौजूद रहे।

# पत्नी पर हमला करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना पुलिस ने पत्नी पर जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई जनपद में अपराध की रोकथाम और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

पुलिस के अनुसार थाना बहादुरगढ़ में दर्ज मुकदमा संख्या 321/25 के तहत वांछित अभियुक्त संजीव पुत्र धर्मवीर सिंह, निवासी लुहारी, को शुक्रवार को लुहारी चौराहे से गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर पत्नी के साथ गंभीर मारपीट कर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप है। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस जांच में सामने आया है कि अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में भी घरेलू हिंसा, मारपीट, धमकी और दहेज उत्पीड़न से जुड़े मामले दर्ज हैं। लगातार आपराधिक गतिविधियों के चलते पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। बहादुरगढ़ पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने की तैयारी करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नवनिर्माणित फैक्ट्री में 7 लाख की कॉपर चोरी का खुलासा, 48 घंटे में पुलिस ने पांच शातिर दबोचे



**हापुड़।** धौलाना क्षेत्र में नवनिर्माणित सर्वोकोन फैक्ट्री से हुई 618 किलोग्राम कॉपर तार चोरी की बड़ी वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। करीब सात लाख रुपये मूल्य के कॉपर तार की इस चोरी को अंजाम देने वाले पांच शातिर चोरों को धौलाना पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया।

तीन दिन पूर्व हुई इस चोरी की घटना को चोरों ने बेहद शातिराना तरीके से अंजाम दिया। पांचों आरोपी फैक्ट्री की छत पर चढ़े और टीन शेड उखाड़कर अंदर दाखिल हुए। फैक्ट्री परिसर में पड़े कॉपर तार के भारी बंडलों को उठा पाना संभव न होने पर चोरों ने उन्हें वहीं काटना शुरू कर दिया। चार घंटे तक फैक्ट्री के भीतर इत्मीनान से कॉपर तार को छोटे–छोटे टुकड़ों में काटा गया और फिर उसे ट्रैक्टर–ट्रॉली में लोड कर चोर मौके से फरार हो गए। फैक्ट्री नवनिर्माणित होने के कारण वहां कोई चौकीदार या कर्मचारी मौजूद नहीं था, जिसका फायदा चोरों ने उठाया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनीष चौहान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू कराई और पुलिस टीमों का गठन किया। लगातार सुरागरसी और तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने चोरी का सफल अनावरण करते हुए मुस्ताक उर्फ मुस्ते, समसाद, अनुज, आसिफ और उस्मान उर्फ भूरे को चोरी किए गए कॉपर तार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए सभी आरोपी गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद जनपद के रहने वाले हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे चोरी किए गए कॉपर तार को नोएडा में बेचने की तैयारी में थे, लेकिन उससे पहले ही धौलाना पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। धौलाना पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि औद्योगिक क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## एक नजर

### भाजपा नगर मंडल की बैठक में मतदाता सूची के सूक्ष्म निरीक्षण पर जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी ने की। इसमें संगठनात्मक मजबूती के साथ आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची के गहन निरीक्षण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि नई मतदाता सूची जारी होने के बाद उसे शक्ति केंद्र संयोजकों को सौंप दिया गया है, ताकि सूची समय से बूथ अध्यक्षों तक पहुंच सके। इसका उद्देश्य बूथ स्तर पर पात्र और अपात्र मतदाताओं की पहचान कर सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि को समय रहते ठीक कराना है। मंडल अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे मतदाता सूची निरीक्षण के कार्य को पूरी गंभीरता और सक्रियता के साथ संपन्न करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता ही चुनावी सफलता की मजबूत नींव होती है। सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी और समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करना होगा। बैठक में अमित टोंक, विशाल कौशिक, सचिन पुंडीर, नरेश भारती, वरुण शर्मा, शिवकुमार शर्मा, नरेंद्र सैनी, अंकुर गहलोत सहित मंडल के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का समापन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर सकारात्मक चर्चा के साथ किया गया।

### करीमपुर में 100 से अधिक वोटर फार्म न जमा होने का मामला, डीएम से जांच की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ग्राम पंचायत करीमपुर के ग्रामीणों ने बीएलओ पर वोटर फार्म जमा नहीं करने और कुछ वोट गलत रिपोर्ट करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि करीब 100 फार्म बीएलओ द्वारा नई मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए, जिससे प्रभावित लोगों के वोट बने नहीं हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी हापुड़ से अपील की है कि फार्म की जांच कराकर प्रभावित मतदाताओं के वोट बनाने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीएलओ व्यक्तिगत रंजिश के चलते यह कार्रवाई कर रहा है। प्रार्थियों ने अपने प्रार्थना पत्र के साथ संबंधित फार्मों की सूची भी संलग्न की है। ग्रामीणों का कहना है कि उचित कार्रवाई न होने पर उनकी लोकतांत्रिक भागीदारी प्रभावित हो सकती है। जिलाधिकारी से आग्रह किया गया है कि बीएलओ के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और प्रभावित मतदाताओं के वोट सूची में शामिल किए जाएं।

### धौलाना पुलिस की चैकिंग में अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध चाकू बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने जनपद में अपराध की रोकथाम और आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी मसूरी–गुलावठी बम्बा पुलिया के पास की गई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान हैदर अली पुत्र हसमत निवासी बडौदा सिहानी थाना हाफिजपुर के रूप में हुई है। थाना धौलाना पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने कहा कि ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे ताकि जनपद में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

### बाबूगढ़ में फायरिंग मामले का खुलासा, फरार अभियुक्त गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने ग्राम नूरपुर में घटित फायरिंग की घटना में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। इस फायरिंग में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। गिरफ्तार अभियुक्त को ग्राम सिकन्दरपुर काकौडी भट्टे के पास से दबोचा गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान श्रवण पुत्र संजय निवासी ग्राम नूरपुर थाना बाबूगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच व अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ थाना बाबूगढ़ में अपराध बीएनएस के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी, 6 फरवरी तक दावे/आपत्तियां दर्ज कराने का मौका



**हापुड़।** अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची का 6 जनवरी 2026 को प्रकाशन कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने आम मतदाताओं से अपील की है कि वे समय रहते सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि को सुधारा जा सके। मतदाता अपना नाम मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट पर जाकर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)–2026 लिंक के माध्यम से देख सकते हैं।

यहां ईपीआईसी नंबर और कैप्चा भरकर खोज करने पर यदि नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची में दर्ज है तो जनपद, विधानसभा क्षेत्र, मतदान केंद्र और मतदाता क्रम संख्या का विवरण प्रदर्शित होगा। यदि नाम सूची में नहीं है तो स्क्रीन पर 'नो रिजल्ट फाउंड' दिखाई देगा। इसके अलावा निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर भी ईपीआईसी नंबर के माध्यम से मतदाता अपना नाम खोज सकते हैं। यहां भी नाम दर्ज होने की स्थिति में पूरा विवरण प्रदर्शित होगा, जबकि नाम न होने पर 'नो रिजल्ट' दिखेगा। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार यदि किसी मतदाता का नाम ड्राफ्ट सूची में दर्ज नहीं है, तो वह 6 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज करा सकता है। इसके लिए फार्म–6 ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध कराया गया है। मतदाता निर्वाचन आयोग के मोबाइल ऐप के माध्यम से अथवा वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा अपने क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी से फार्म प्राप्त कर भरकर जमा किया जा सकता है। तहसील स्थित वोटर रजिस्ट्रेशन सेंटर और जिला निर्वाचन कार्यालय से भी फार्म–6 लिया जा सकता है। अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप कुमार ने नागरिकों से अपील की है कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सभी पात्र मतदाता अपने नाम की जांच अवश्य करें और किसी भी त्रुटि की स्थिति में निर्धारित अवधि के भीतर सुधार कराएं।

# फरवरी में 159 जोड़ों का सामूहिक विवाह, हापुड़ में तय हुईं 14 तिथियां

**हापुड़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद में शेष बचे 159 जोड़ों का विवाह फरवरी 2026 में संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने 4, 5, 6, 8, 10, 12, 14, 16, 19, 20, 21, 24, 25 और 26 फरवरी की तिथियां प्रस्तावित की हैं। इससे पहले वित्तीय वर्ष 2025–26 में निर्धारित 254 जोड़ों के लक्ष्य के सापेक्ष 95 जोड़ों का विवाह सफलतापूर्वक कराया जा चुका है।

प्रशासन के अनुसार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत पात्र परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक विवाह पर कुल एक लाख रुपये की सहायता दी जाती है, जिसमें 60 हजार रुपये सीधे कन्या के बैंक खाते में जमा किए जाते हैं। इसके अलावा 25 हजार रुपये का घरेलू सामान उपहार स्वरूप दिया जाता है, जबकि 15 हजार रुपये विवाह कार्यक्रम के आयोजन एवं व्यवस्थाओं पर व्यय किए जाते हैं। जिला प्रशासन ने पात्र आवेदकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए समय रहते ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। योजना के तहत वही परिवार पात्र होंगे, जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक नहीं है और जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं। विवाह की तिथि को कन्या की आयु कम से कम 18 वर्ष और वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। आयु प्रमाण के लिए स्कूल अभिलेख, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र अथवा मनरेगा जॉब कार्ड मान्य होंगे। अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रशासन ने बताया कि निराश्रित कन्याओं, विधवा महिलाओं की पुत्रियों, दिव्यांग अभिभावकों की पुत्रियों तथा स्वयं दिव्यांग कन्याओं को योजना में प्राथमिकता दी जाएगी। अधिकारियों के अनुसार यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सम्मानजनक विवाह का सशक्त माध्यम बन रही है।

## हापुड़ पुलिस लाइन के चालक ने जहर खाकर दी जान, इलाज के दौरान मौत

gkiMA पुलिस लाइन में तैनात चालक सुधीर ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मेरठ में उपचार के दौरान उसकी मौत की पुष्टि हुई है। घटना से पुलिस महकमे में शोक और हड़कंप का माहौल है। जानकारी के अनुसार सुधीर हापुड़ पुलिस लाइन में चालक के पद पर तैनात था और शुक्रवार को महिला थाने में ड्यूटी पर आया हुआ था। दोपहर के समय उसने अचानक किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इसकी जानकारी मिलते ही साथी कर्मचारियों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर मेरठ रेफर कर दिया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंचे और स्थिति की जानकारी ली। पुलिस ने चालक के परिजनों को भी सूचित कर दिया है।

# पति की हत्या का खुलासा, महिला साहित तीन गिरफ्तार



**गढ़मुक्तेश्वर**A थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने दादू के भट्टे पर हुई छोटू की हत्या की घटना में संलिप्त एक महिला सहित तीन हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों के कब्जे से आलाकत्ल मफलर बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्ता रेनू ने अपने भाई व रिश्तेदार के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रची थी। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी थी। थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने बताया कि अपराध संख्या 16/2026 के तहत गिरफ्तार आरोपियों को बागडपुर तिराहा से दबोचा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में भूरे पुत्र राम किशन निवासी कलाखुरी थाना खुर्जा देहात, किशन पुत्र कन्छी लाल निवासी दौज वाला मौहल्ला शिकारपुर, और रेनू पत्नी स्व. छोटू निवासी लखावटी शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि सभी आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है और जांच जारी है। इस गिरफ्तारी के साथ ही हत्या के पीछे की साजिश और उससे जुड़े अन्य पहलुओं का भी खुलासा होने की उम्मीद है।

## नाबालिग ब्लैकमेल केस: हाफिजपुर में ?रार अभियुक्त दबोचा गया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने नाबालिग को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने के आरोप में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी को रामपुर अंडरपास से दबोचा गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गौरव पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम सदरपुर थाना जयसिंहपुर जनपद सुल्तानपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना हाफिजपुर में अपराध बीएनएस और पोक्सो एक्ट के तहत विधिक कार्रवाई की जा रही है। हाफिजपुर पुलिस ने कहा कि जिले में नाबालिगों के खिलाफ अपराध पर पूरी नजर रखी जा रही है और ऐसे सभी अपराधियों को दबोचने के लिए नियमित अभियान चलाए जा रहे हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के मामले की जांच अभी जारी है और आगे की कार्रवाई प्रशासनिक एवं कानूनी प्रक्रिया के तहत की जाएगी।

# पूरनपुर ग्रेजुएट डाक्टर एसोसिएशन की नई कार्यकारणी का हुआ गठन



**पूरनपुर।** ग्रेजुएट डॉक्टर एसोसिएशन पूरनपुर की नई कार्यकारणी का गठन हुआ है जिसमें डॉक्टर तेजबहादुर सिंह उर्फ तेजू को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई और उनका फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया वहीं पूर्व में ग्रेजुएट डॉक्टर एसोसिएशन के सचिव पद पर आसीन रहें डॉक्टर युसूफ को डाक्टरों के हित में संघर्ष को देखते हुए कार्यकारणी के द्वारा उन्हें दोबारा सचिव के पद पर फूल माला पहनाकर भव्य तरीके से सम्मानित किया गया और पूरनपुर के सभी डाक्टरों ने उनके कार्यशैली की प्रसंशा की। पूरनपुर ग्रेजुएट डॉक्टर एसोसिएशन की कार्यकारणी का गठन हुआ जिसमें संरक्षक डॉक्टर राजेश अग्रवाल एवं उप संरक्षक डॉ. सुधाकर पाण्डेय, डॉ. दिनेश गुप्ता, डॉ. अनूप सिंह के नेतृत्व में एसोसिएशन का गठन हुआ। उपाध्यक्ष डॉ. शकील अहमद, डॉ. तनवीर खान, डॉ. प्रवीन गुप्ता और सचिव के पद पर डॉ. प्रशांत गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ. मनदीप सिंह एवं मिडिया प्रभारी पद की जिम्मेदारी डॉ. रोहित मिश्रा को दी गई। ग्रेजुएट डॉक्टर एसोसिएशन पूरनपुर में 17 डॉक्टर सदस्यों को पद पटका पहना संगठन में उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्रेजुएट डॉक्टर एसोसिएशन पूरनपुर के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## वृद्धाश्रम में जेसीआई पीलीभीत पर्ल्स ने किए हॉट वॉटर बैग वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए जेसीआई पीलीभीत पर्ल्स द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत मानव कर्तव्य परियोजना के तहत वृद्धाश्रम में हॉट वॉटर बैग का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य बुजुर्गों को ठंड से राहत और स्नेह प्रदान करना था। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष जेसि. अदिति सक्सेना, सचिव जेसि. कृति अग्रवाल सहित राशिका देव, नेहा अरोड़ा, चारु गुप्ता एवं सुरभि गुप्ता उपस्थित रहीं। सभी सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताया और उन्हें सर्दी से बचाव हेतु हॉट वॉटर बैग वितरित किए।

# विधान परिषद समिति ने बैठक कर दिए निर्देश




**पीलीभीत।** गांधी सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद, जिला पंचायतों, नगर निगमों में अनियमितताओं पर अंकुश लगाने, जाँच किये जाने सम्बन्धी समिति के सभापति कुवर महाराज सिंह की अध्यक्षता में पीलीभीत एवं शाहजहांपुर के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सभापति ने समिति के उद्देश्यो को स्पष्ट करते हुये कहा कि जनता के प्रति जवाबदेही एवं जिम्मेदारी को सुनिश्चित करना, लंबित विकास कार्यों को जल्द से जल्द निस्तारण कराना तथा विभागीय प्रक्रियाओ को सरल बनाने में सहायता करना है।

समिति एवं सरकार की इसी मंशा के अनुरूप समस्त विभागीय अधिकारी जनकल्याण एवं विकास कार्यों को आगे बढाये। जिलाधिकारी द्वारा समिति के सभापति एवं सदस्यगणों का शॉल, बांसुरी भेंट कर तथा मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। बैठक में सभापति द्वारा नगर निगम, नगर पालिका, जिला पंचायत, आवास विकास परिषद के कार्यों के अंतर्गत विभागीय बजट, आय–व्यय की स्थिति, आय बढाने हेतु किये गये प्रयास, कूडा प्रबंधन, नगर पालिका, नगर पंचायत और जिला पंचायत को आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बनाने, नगर क्षेत्र में जल निकासी, कूडा प्रबंधन, पेयजल के संबंध में की गई कार्यवाही उक्त विभागो की जनपद में भूमि की यथास्थिति तथा अवैध निर्माण के विरूद्ध की गई कार्यवाही, नगर पंचायत/नगर पालिकाओ द्वारा नगर क्षेत्र को स्वच्छ एवं मॉडल के रूप में विकसित किये जाने हेतु उठाये गये कदम पर चर्चा की गई। संबंधित जनपदों के विभागीय अधिकारियो ने समिति के समक्ष आय–व्यय का लेखा–जोखा एवं कराये गये विकास कार्यों के संबंध में जानकारी दी। साफ–सफाई, कूडा प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल, निर्माण कार्य आदि के संबंध में नगर निगम/नगर पालिका द्वारा की गई कार्यवाही से अवगत होते हुये सभापति ने कहा कि प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का त्वरित निस्तारण किया जाये तथा विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त किया जाये। इसके साथ ही सभापति द्वारा जिला पंचायत, आवास विकास परिषद, नगर पालिका आदि संबंधित समस्त विभागो के कार्यों की समीक्षा की गई। समिति द्वारा आवास विकास परिषद के अधिकारी द्वारा संतोषजनक उत्तर न देने कारण लखनऊ तलब किया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में अय्यर को मंजूरी



● भारत के उपकप्तान श्रेयस को 25 अक्टूबर को पसली में चोट लगी थी अपनी फिटनेस साबित करने के बाद वह भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे

**मुम्बई, वार्ता।** श्रेयस अय्यर को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम टीम का हिस्सा बनने की मंजूरी मिल गई है।

वहीं सर्जरी से गुजरने के बाद तिलक वर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन टी-20 मैचों से बाहर हो गए हैं। श्रेयस को 15 सदस्ईय दल में शामिल तो किया गया था लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर तय था। विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते हुए अपनी फिटनेस साबित करने के बाद शुक्रवार को वह भारतीय टीम के साथ जुड़ेंगे। वड़ोदरा में में होने वाले पहले एकदिवसीय से केवल दो दिन पहले वह टीम के साथ जुड़ेंगे। भारत के उपकप्तान श्रेयस को 25 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया में पसली में चोट लगी थी और इसके बाद वह पहली बार भारतीय टीम में वापसी कर रहे हैं। इस चोट के कारण वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज नहीं खेल पाए हैं। सर्जरी से गुजरने के बाद तिलक वर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बताया कि गुरुवार की सुबह तिलक को अस्पताल से छुट्टी मिल गई और शुक्रवार को वह हैदराबाद वापस जाएंगे। उनकी हालत स्थिर है। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद वह फिजिकल और स्किल ट्रेनिंग वापस शुरू करेंगे। ट्रेनिग पर वापस आने के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए आखिरी दो टी-20 में उनके खेलने को लेकर निर्णय लिया जाएगा। मुंबई के लिए 82 और 45 रनों की पारियां खेलकर अय्यर ने वापसी के लिए मजबूत इरादे दिखाए हैं। चोट के कारण शार्दुल की अनुपस्थिति में उन्होंने मुंबई की कप्तानी भी की है। भारत की एकदिवसीय टीम के अधिकतर खिलाड़ी सात जनवरी को वड़ोदरा पहुंच चुके है हैं। 15 सालों से अधिक के समय के बाद वड़ोदरा में कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। नए बने कोटांबी स्टेडियम ने महिला वनडे और डब्ल्यूपीएल मैचों की मेजबानी की हैं। भारत की एकदिवसीय टीम इस प्रकार है:- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), वॉशिगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह और यशस्वी जायसवाल।

# बीसीबी अधिकारी ने तमीम को कहा भारतीय एजेंट



● नजमुल की फेसबुक पोस्ट पर काफी आलोचना हुई, इसके स्क्रीनशॉट तक से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गए हैं

**ढाका, वार्ता।** पूर्व राष्ट्रीय कप्तान तमीम इकबाल पर भारतीय एजेंट होने का आरोप लगाने वाली टिप्पणी के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की फाइनेंस कमेटी के अध्यक्ष एम नजमुल इस्लाम विवादों में घिर गए हैं। नजमुल ने यह टिप्पणी तब की जब तमीम ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि आने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी पर आखिरी फैसला लेने से पहले बीसीबी को क्रिकेट को सबसे ऊपर रखते हुए प्राथमिकता देनी चाहिए। उनकी यह टिप्पणी बीबीसी के भारत न जाने के फैसले के बाद आई, जिसमें सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया था, जब बीसीसीआई ने कोलकाता नाइट राइडर्स से आने वाले आईपीएल से पहले बांग्लादेश के खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से बाहर करने को कहा था। नजमुल की फेसबुक पोस्ट पर काफी आलोचना हुई है। इसके स्क्रीनशॉट तब से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गए हैं। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि इस बार बांग्लादेश के लोगों ने अपनी आंखों से एक और पक्के भारतीय एजेंट का उदय देखा। बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन (सीडब्ल्यूएबी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने बीसीबी अध्यक्ष को पत्र लिखकर डायरेक्टर के सार्वजनिक माफी मांगने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बीसीबी डायरेक्टर एम नजमुल इस्लाम द्वारा पूर्व राष्ट्रीय कप्तान तमीम इकबाल के बारे में की गई टिप्पणी बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन (सीडब्ल्यूएबी) के ध्यान में आई है। हम इससे हैरान, स्तब्ध और गुस्से में हैं। सीडब्ल्यूएबी ने एक बयान में कहा कि बांग्लादेश के इतिहास के सबसे सफल ओपनर, जिन्होंने 16 साल तक देश का प्रतिनिधित्व किया, उनके बारे में बोर्ड के एक अधिकारी द्वारा ऐसी टिप्पणी पूरी तरह से निदनीय है। न केवल इसलिए कि यह तमीम जैसे खिलाड़ी से संबंधित है, बल्कि देश के किसी भी क्रिकेटर के बारे में ऐसी टिप्पणियां अस्वीकार्य हैं और पूरे क्रिकेट समुदाय का अपमान है। हम इस टिप्पणी का कड़ा विरोध करते हैं। जब कोई जिम्मेदार बोर्ड डायरेक्टर सार्वजनिक मंच पर ऐसी टिप्पणी करता है, तो इससे बोर्ड अधिकारियों के कोड ऑफ कंडक्ट पर भी गंभीर सवाल उठते

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अंडर-19 विश्व कप में अफगानिस्तान के कप्तान होंगे महबूब

**काबुल, वार्ता।** महबूब खान जिम्बाब्वे और नामीबिया में 15 जनवरी से शुरू होने वाले 50 ओवर के अंडर-19 विश्व कप में अफगानिस्तान की कप्तानी करेंगे। महबूब खान के पास यूथ एकदिवसीय स्तर पर अफगानिस्तान टीम का काफी अनुभव है, उन्होंने 2024 और 2025 एशिया कप टूर्नामेंट में अपने देश की कप्तानी की है और उन्हें एक ऐसी टीम की कमान सौंपी गई है जो स्पिन-बॉलिग टैलेंट से भरी हुई है। गेंदबाजी आक्रमण में सबसे खास नाम वाहिदुल्लाह जादरान का है। 18 साल के इस ऑफस्पिनर की काबिलियत इस बात से पता चलती है कि वह पिछले वर्ष आईएलटी-20 टूर्नामेंट में गल्फ जायंट्स के लिए सीनियर लेवल क्रिकेट खेल चुके हैं।

### सबालेंका व मुचोवा सेमीफाइनल में पहुंचे

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर 1 आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल के रीमैच में मैडिसन कीज को सीधे सेटों में हराकर ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने वर्ल्ड नंबर 7 और मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन कीज को एक घंटे 29 मिनट में 6-3, 6-3 से हराया। इससे 2023 की शुरुआत से ऑस्ट्रेलिया में सबालेंका का रिकॉर्ड 36 जीत और दो हार हो गया है, जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन में दो और ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में एक खिताब शामिल है। मैच के बाद कोर्ट पर उन्होंने कहा कि यह जगह बहुत खास है। मैं हमेशा यहां बहुत अच्छा खेलती हूं और सेमीफाइनल में वापस आकर उत्साहित हूं। शनिवार के सेमीफाइनल में सबालेंका का मैच मुचोवा से होगा, जिन्होंने दिन में पहले पांचवें नंबर की रयबाकिना को हराया था। मुचोवा की दो घंटे चार मिनट में 6-2, 2-6, 6-4 की जीत ने रयबाकिना की 13 मैचों की जीत की लय को खत्म कर दिया।

# वावरिका को ऑस्ट्रेलिया ओपन वाइल्ड कार्ड मिला

● मैं टूर पर अपने आखिरी साल में ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड पाकर बहुत आभारी हूं

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की कि उन्होंने स्टैन वावरिका को सीजन के पहले बड़े टूर्नामेंट के मेन ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड दिया है।

सिडनी से वावरिका ने कहा कि यह बहुत बढ़िया है। मैं टूर पर अपने आखिरी साल में ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड पाकर बहुत आभारी हूं, जहां शनिवार को वह यूनाइटेड कप सेमीफाइनल में बेल्जियम के खिलाफ स्विट्जरलैंड का नेतृत्व करेंगे। इस शानदार मौके के लिए टेनिस ऑस्ट्रेलिया और क्रेग टिली को विशेष धन्यवाद। मेलबर्न में पिछले 20 सालों की मेरी बहुत सारी अच्छी यादें हैं। जहां मैंने अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीता था, वहां वापस जाना हमेशा खास होता है। मैं इसके लिए सच में उत्सुक हूं। वावरिका का ऑस्ट्रेलियन ओपन में 43-18 का रिकॉर्ड है। 2014 में, उन्होंने मेलबर्न पार्क में अपना पहला बड़ा खिताब जीता था, ट्रॉफी के रास्ते में नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल को हराया था। यह 20वीं बार होगा जब वावरिका ऑस्ट्रेलियन ओपन में सिगल्स में हिस्सा लेंगे। पिछले साल वह पहले राउंड में लोरेंजो सोनेगो से चार कड़े सेटों में हार गए थे। एटीपी रैंकिंग में नंबर 156 खिलाड़ी ने 2006 के बाद से टूर्नामेंट का सिर्फ एक एडिशन मिस किया है और कम से कम पांच बार क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं।

# पीवी सिंधु 13 महीनों में अपने पहले सेमीफाइनल में

**पुरुष युगल में सात्विक चिराग की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में हारकर हुई बाहर**



**कुआलालम्पुर, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने शुक्रवार को हराकर सुपर 1000 इवेंट मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। जबकि पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई। पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिंधु को तीसरी सीड जापान की अकाने यामागुची के रिटायर होने से सेमीफाइनल में प्रवेश मिल गया। यामागुची पहला गेम 21-11 से हारने के बाद मैच से रिटायर हो गईं।

सिंधु एक साल से ज्यादा समय बाद अपने पहले सेमीफाइनल में पहुंच गईं, जब सीजन के पहले मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में डिफेंडिग वर्ल्ड चैंपियन अकाने यामागुची पहले गेम के बाद चोट के कारण रिटायर हो गईं। सिंधु गुरुवार को यामागुची की हमवतन टोमोका मियाजाकी पर शानदार जीत के साथ क्वार्टर में पहुंची थीं, लेकिन यामागुची के खिलाफ मुकाबला इतना आसान होने की उम्मीद नहीं थी। लेकिन यामागुची अपनी पुरानी फॉर्म में नहीं दिख रही थीं, क्योंकि सिंधु ने पहले गेम के इंटरवल में 11-5 की बढ़त बना ली थी। इसके बीच में, पूर्व खिलाड़ी शॉट लगाने की कोशिश में चोटिल हो गईं, और उनके टखने में मोच आ गई। पहला गेम खत्म होने में थोड़ा समय लगा, सिंधु ने इसे सिर्फ 12 मिनट में 21-11 से जीत लिया।

इसके खत्म होने के तुरंत बाद, यामागुची अंपायर के पास गईं और उन्हें मैच से रिटायर होने के अपने फैसले के बारे में बताया और सिंधु से हाथ मिलाया। सिंधु आखिरी बार दिसम्बर 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल में सेमीफाइनल में पहुंची थीं, जहां उन्होंने हमवतन उन्नति हुड्डा को सीधे गेम में हराया था और फिर फाइनल में चीन की वूओ लुओ यू को आसानी से हराकर खिताब जीता था। वह सिंधु की आखिरी जीत थी और वह मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झी ई या छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी में से किसी एक का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सिंधु, जो पैर की चोट के कारण बाहर थीं और अक्टूबर के बाद किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था, ने मियाजाकी पर अपनी जीत के बाद टॉप-लेवल प्रदर्शन बनाए रखने में फिटनेस के महत्व पर जोर दिया। इस बीच सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मोहम्मद शोहिबुल फिकरी से 47 मिनट तक चले मुकाबले में 10-21, 21-23 से हारकर बाहर हो गए। सात्विक-चिराग की हार के बाद अब टूर्नामेंट में सिंधु ही एकमात्र भारतीय चुनौती रह गई है। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी पहले ही हार गए थे।

# डब्ल्यूपीएल से भारतीय खिलाड़ियों में 'विनिंग माइंडसेट' आया है: हरमनप्रीत कौर

**कौर ने कहा: भारत सिर्फ एक विश्व कप जीत से संतुष्ट नहीं है**

**हमने वनडे विश्व का जीता, लेकिन अभी बहुत सी चीजें बाकी: मंधाना**



**मुंबई, वार्ता।** भारत और मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि भारत सिर्फ एक विश्व कप जीत से संतुष्ट नहीं है, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तान और भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य टी-20 विश्व कप 2026 है और डब्ल्यूपीएल उस लक्ष्य तक पहुंचने का एक अहम रास्ता है। दोनों ने डब्ल्यूपीएल 2026 के उद्घाटन मैच से पहले बताया कि आने वाला यह सीजन किस तरह वनडे चैंपियन को टी-20 विश्व कप चैंपियन बनने में मदद कर सकता है। मंधाना ने कहा कि अगर हम टी-20 विश्व कप जीतते हैं, तो बहुत बढ़िया होगा।

हमने वनडे विश्व कप जीता है, लेकिन टीम में अभी भी बहुत सी चीजें हैं, जिन पर हमें काम करना है। हम सच में ऐसा समय चाहते हैं, जब हम कह सकें कि 'हां हम दुनिया की सबसे बेहतरीन टीम हैं। मुझे लगता है कि हमें अभी भी बहुत सुधार करना है। मुझे पूरा भरोसा है कि डब्ल्यूपीएल इस अंतर को आने वाले सालों में कम करेगा। जब भी हम भारत के लिए खेलते हैं, हम हमेशा बात करते हैं कि हम सिर्ध एक या दो टूर्नामेंट के लिए नहीं, बल्कि पूरे साल दुनिया की सबसे बेहतरीन टीम बनना चाहते हैं। मैं सोचती हूं कि हर डब्ल्यूपीएल हमें उस लक्ष्य के और करीब ले जा रहा है। वनडे विश्व कप जीते हुए डेढ़ महीना ही हुआ है और डब्ल्यूपीएल उसी लय को आगे बढ़ाएगा। डब्ल्यूपीएल में लौटना हमेशा रोमांचक रहता है क्योंकि घरेलू खिलाड़ी, विदेशी खिलाड़ियों के साथ खेलते हैं और यह अनुभव महिला क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा है। तो मुझे भरोसा है कि डब्ल्यूपीएल उस मोमेंटम को आगे ले जाएगा, जो हमें विश्व कप ने दिया और उम्मीद है कि यह हमेशा ऐसे ही चलता रहे। वहीं हरमनप्रीत ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी है कि भारतीय टीम में आ रही युवा खिलाड़ी, सीनियर खिलाड़ियों के लक्ष्य से जुड़ी हुई हैं और इसका श्रेय डब्ल्यूपीएल को जाता है, जिसने जीतने वाली सोच दी है। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ एक विश्व कप से संतुष्ट नहीं हैं। हमारे पास इस साल और अगले दो-तीन साल में बहुत क्रिकेट है। हर बार जब हम मैदान पर जाते हैं, तो हम सबसे बेहतरीन माइंडसेट के साथ जाना चाहते हैं और वही माइंडसेट हमारे लिए सबसे जरूरी है। अच्छी बात यह है कि सिर्ध हम ही नहीं, बल्कि बाकी खिलाड़ी भी यही सोचते और बोलते हैं कि हम हमेशा चैंपियन बनना चाहते हैं। इससे दिखता है कि डब्ल्यूपीएल ने हम पर कितना बड़ा असर डाला है। हरमनप्रीत ने यह भी समझाया कि यह टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों को दबाव में खेलने के लिए कैसे तैयार करता है। अब खिलाड़ी अपने कंफर्ट जोन में नहीं हैं। वे बहुत मेहनत कर रहे हैं। वे विदेशी खिलाड़ियों के साथ और खिलाफ खेल रहे हैं, तो वे उनसे बहुत कुछ सीख रहे हैं।

# डु प्लेसिस-विस चमके, मैच रद्द

● डुप्लेसिस व जेम्स विस ने आक्रामक शरुआत करते हुए 73 रनों की साझेदारी की ले खराब मौसम के चलते मैच रद्द हो गया

**जोहान्सबर्ग, वार्ता।** वांडरर्स मैदान पर गुरुवार शाम पार्ल रॉयल्स के खिलाफ मुकाबला खराब मौसम के कारण रद्द हो जाने के बाद जॉबर्ग सुपर किंगस (जेएसके) ने एसए20 तालिका में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

दोनों टीमों को दो-दो अंक मिले, जिससे सुपर किंगस के 17 अंक हो गए, जबकि रॉयल्स 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने रहे। रॉयल्स के कप्तान डेविड मिलर ने साफ आसमान के बीच टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। सुपर किंग्स के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने बाद में कहा कि वह भी पहले बल्लेबाजी ही चुनते और उन्होंने शुरुआत में इसका भरपूर फायदा उठाया। डु प्लेसिस और नए ओपनिग साथी जेम्स विस ने आक्रामक शुरुआत करते हुए 7.3 ओवर में 73 रनों की साझेदारी की। इससे पहले एमआई केप टाउन के खिलाफ 32 रनों की तेज शुरुआत कर चुकी इस जोड़ी ने इस बार उसे और आगे बढ़ाया। पूरी तरह से गेंद को बीचों-बीच न लगाने के बावजूद डु प्लेसिस ने 24 गेंदों में 39 रन (6 चौके, 1 छक्का) ठोक दिए और रॉयल्स के किशोर तेज गेंदबाज नकोबानी मोकोएना को उनके बुलरिग डेब्यू पर कड़ा सबक सिखाया। उन्होंने मोकोएना के पहले ओवर में दो चौके लगाए, जबकि अगले ओवर में तीन चौकों और एक छक्के के साथ रफ्तार और बढ़ा दी। उधर, विस ने भी बाएं हाथ के स्पिनर ब्योर्न फॉर्टुइन को एक छक्का और एक चौका जड़कर दबाव में रखा। पावरप्ले के अंत तक सुपर किंगस बिना विकेट खोए 64 रन बना चुके थे। हालांकि, सातवें ओवर में रॉयल्स ने अपने 'गोल्डन आर्म' सिकंदर रजा को गेंद सौंपी और जिम्बाब्वे के टी-20 कप्तान ने पहली ही गेंद पर असर दिखाया। उन्होंने शानदार ऑफ-स्पिनर से डु प्लेसिस को क्लीन बोल्ड किया। गेंद हवा में ड्रिफ्ट करती हुई अंदर आई, पिच पर पकड़ बनाकर घूमी और सीधे स्टंप्स से टकराई। इसके बावजूद जेएसके की रफ्तार थमी नहीं। मैथ्यू डी विलियर्स और विस ने दूसरे विकेट के लिए 39 गेंदों में 56 रन जोड़े। विस ने 33 गेंदों में अपना पहला एसए20 अर्धशतक पूरा करने के बाद एंकर की भूमिका निभाई, जबकि डी विलियर्स ने 22 गेंदों में तेज 30 रन बनाकर उन्हें भी पीछे छोड़ दिया। इस समय सुपर किंगस 200 के आसपास के स्कोर की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन रजा (2/26) ने फिर से हस्तक्षेप किया और डी विलियर्स को लॉन्ग-ऑफ बाउंड्री पर कैच कराकर प्रतियोगिता में सिर्फ तीन मैचों में अपना नौवां विकेट हासिल किया।

# सभी छह फ्रेंचाइजियों ने कोचों को नियुक्त किया

**लीग ने ओलंपिक दिग्गजों, राष्ट्रीय टीम कोचों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित विशेषज्ञों की एक हाई-प्रोफाइल टीम को शामिल किया है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रो रेसलिग लीग (पीडब्ल्यूएल) ने अपने पांचवें सीजन से पहले सभी छह फ्रेचाइजियों के लिए कोचिंग बेंच की पुष्टि कर दी है। लीग ने ओलंपिक दिग्गजों, राष्ट्रीय टीम कोचों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित विशेषज्ञों की एक हाई-प्रोफाइल टीम को शामिल किया है, क्योंकि पीडब्ल्यूएल 2026 में अपनी वापसी की तैयारी कर रही है। रिकॉर्ड तोड़ खिलाड़ी नीलामी के बाद फ्रेचाइजियों द्वारा अपने तकनीकी नेतृत्व को मजबूत करना, पुरुषों और महिलाओं दोनों वर्गों में संरचित तैयारी, प्रतिस्पर्धात्मक संतुलन और एथलीट विकास पर पीडब्ल्यूएल के फोकस को दर्शाता है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा स्वीकृत, पीडब्ल्यूएल 2026 का आयोजन 15 जनवरी से 2 फरवरी, 2026 तक किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक टाई में पांच पुरुष और चार महिला भार वर्गों में कुल नौ मुकाबले होंगे। सात साल के अंतराल के बाद लीग की वापसी के साथ, सभी फ्रेचाइजियों में कोचिंग नेतृत्व की गुणवत्ता और गहराई यह दर्शाती है कि मैट पर विश्वस्तरीय प्रतिभा को मैट के बाहर उतनी ही सक्षम मार्गदर्शन के साथ जोड़ा जा रहा है।

**दिल्ली दंगल वॉरियर्स: जगमिदर सिंह बने कोच**-दिल्ली दंगल वॉरियर्स की कमान चीफ कोच के रूप में जगमिदर सिंह संभालेंगे, जो भारतीय कुश्ती के सबसे सम्मानित नामों में से एक हैं। दो बार के ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता जगमिदर ने कई पीढ़ियों के शीर्ष पहलवानों को गढ़ा है, जिसमें 2010 में सुशील कुमार को भारत का पहला पुरुष फ्रीस्टाइल विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण दिलाने में उनकी अहम भूमिका शामिल है। उनके साथ सहायक कोच के रूप में विक्रम शर्मा जुड़ेंगे, जो एक सफल अंतर्राष्ट्रीय ग्रीको-रोमन कोच और वर्ल्ड पुलिस गेम्स चैंपियन रह चुके हैं। यह जोड़ी नीलामी में स्टार खिलाड़ियों से सजी दिल्ली टीम को ओलंपिक स्तर की समझ और तकनीकी संतुलन प्रदान करेगी।

**महाराष्ट्र केसरी के कोच बने अनिल कुमार मान** -महाराष्ट्र केसरी ने चीफ कोच के रूप में अनिल कुमार मान की नियुक्ति की है। वह कॉमनवेल्थ गेम्स पदक विजेता रह चुके हैं और एक मेंटर के रूप में उन्होंने टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता रवि दहिया जैसे ओलंपिक पदकधारियों को तैयार किया है। सहायक कोच भारती बघेल हैं, जो यूडब्ल्यूडब्ल्यू प्रमाणित महिला कोच और पूर्व अंतर्राष्ट्रीय पहलवान हैं, जिन्हें जूनियर विश्व और एशियाई चैंपियनशिप का अनुभव है। यह जोड़ी चैंपियनशिप अनुभव और आधुनिक, खिलाड़ी-केंद्रित प्रशिक्षण प्रणाली का संतुलन दर्शाती है।

**हरियाणा थंडर्स: वीरेंद्र दहिया को कोच पद की जिम्मेदारी**-हरियाणा थंडर्स ने अपने कार्यक्रम की जिम्मेदारी चीफ कोच वीरेंद्र दहिया को सौंपी है, जो भारत की राष्ट्रीय महिला कुश्ती टीम के कोच हैं और महिला कुश्ती में देश के हालिया वर्चस्व के प्रमुख शिल्पकार माने जाते हैं। ओलंपिक, विश्व, एशियाई और कॉमनवेल्थ स्तर पर दशकों के अनुभव के साथ उनका नेतृत्व हरियाणा की महिला कुश्ती परंपरा के अनुरूप है। उनके साथ सहायक कोच के रूप में एसबी प्रसाद होंगे, जो भारतीय वायुसेना के अधिकारी और अनुभवी अंतर्राष्ट्रीय कोच हैं, विशेष रूप से अंडर-23 और सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में अपने काम के लिए जाने जाते हैं।

**पंजाब रॉयल्स: ग्रीको-रोमन में महारत**-पंजाब रॉयल्स की अगुवाई चीफ कोच हरगोबिद सिंह संधू करेंगे, जो साई में भारत के ग्रीको-रोमन के मुख्य राष्ट्रीय कोच और ओलंपियन हैं। उनके प्रशिक्षित पहलवानों ने कॉमनवेल्थ, एशियाई और विश्व स्तर पर पदक जीते हैं। उनके साथ सहायक कोच सोनू खत्री होंगे, जो यूडब्ल्यूडब्ल्यू लेवल 1 और 2 प्रमाणित राष्ट्रीय कोच हैं और रेलवे से जुड़े हुए हैं। उनका अनुभव आयु-वर्ग से लेकर सीनियर अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप तक फैला हुआ है, जिससे पंजाब की रणनीतिक मजबूती बढ़ेगी।

**टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स: अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और अनुशासन**-टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स के चीफ कोच चंद्र विजय सिंह होंगे। दो बार पीडब्ल्यूएल खिताब जीत चुके सिंह एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कोच हैं और उन्होंने ओलंपिक, एशियाई खेल और विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। हाल ही में उन्होंने अंडर-23 विश्व स्वर्ण पदक विजेताओं का मार्गदर्शन किया है।

**यूपी डोमिनेटर्स: विनोद कुमार मुख्य कोच**-यूपी डोमिनेटर्स के चीफ कोच विनोद कुमार होंगे, जो 1988 सोल ओलंपियन, पूर्व मुख्य राष्ट्रीय कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित हैं। उनका करियर कई ओलंपिक चक्रों, एशियाई खेलों और कॉमनवेल्थ गेम्स की सफलताओं तक फैला है। उन्होंने दिसम्बर में आईपीएल नीलामी के लिए भी अपना नाम दिया था।

# ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट स्टार्स बीबीएल में वापस लौटे


● एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा मार्नस लाबुशेन और स्मिथ समेत कई खिलाड़ी वापसी करेंगे

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की एशेज जीतने वाली टेस्ट टीम के कई खिलाड़ी शनिवार से बिग बैश लीग (बीबीएल) में वापसी करेंगे। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार एलेक्स कैरी (एडिलेड स्ट्राइकर्स), ब्रेंडन डॉगेट (मेलबर्न रेनेगेड्स), जोश इंगलिस (पर्थ स्कॉर्चर्स), उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन (ब्रिस्बेन हीट), टॉड मर्फी और स्टीव स्मिथ (सिडनी सिक्सर्स), साथ ही जेक वेदराल्ड और ब्यू वेबस्टर (होबार्ट हरिकेंस) शनिवार से अपनी-अपनी टीमों में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। माइकल नेसर (ब्रिस्बेन हीट) और मिशेल स्टार्क (सिडनी सिक्सर्स) भी बाद में लीग में शामिल होंगे। नेसर के 14 जनवरी से और स्टार्क के 16 जनवरी से उपलब्ध होने की उम्मीद है। इस बीच, स्कॉट बोलैंड, ट्रैविस हेड और कैमरन ग्रीन बीबीएल-15 में हिस्सा नहीं लेंगे। बोलैंड (मेलबर्न स्टार्स) और हेड (एडिलेड स्ट्राइकर्स) सभी पांच एशेज टेस्ट खेलने के बाद छोटे रिकवरी ब्लॉक से गुजरेंगे, जबकि ग्रीन अभी भी बिना अनुबंध के हैं क्योंकि वह बड़ी पीठ की सर्जरी से रिकवर हो रहे हैं। बोलैंड ने एशेज सीरीज में सबसे अधिक 159-5 ओवर फेंके, जबकि हेड ऑस्ट्रेलिया के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि सभी टेस्ट खिलाड़ी रिकवरी और आने वाले अंतर्राष्ट्रीय मैचों, जिसमें टी-20 विश्व कप भी शामिल है, की तैयारी के बीच संतुलन बनाने के लिए व्यक्तिगत प्रबंधन योजना का अनुसरण करेंगे, साथ ही जहां भी संभव होगा बीबीएल में हिस्सा लेने की भी अनुमति दी जाएगी।

# भारत की चिंता

शुक्रवार को भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेसवार्ता की। इसमें उन्होंने भारत के सामने इस समय जो चुनौतियां हैं, उन पर खुलकर जवाब दिए। साथ ही बांग्लादेश में जिस तरह अल्पसंख्यकों पर विशेषकर हिन्दुओं पर हमले हो रहे हैं, उस पर खुलकर बात की और बांग्लादेश को नसीहत दी कि वह इस तरह के कृत्यों पर जितना जल्दी हो सके, रोक लगाए। उसके साथ उन्होंने अमेरिका के साथ ट्रेड को लेकर भी अपनी बात को रखा। जाहिर है यह वार्ता इस वक्त हो रही है, जब पिछले कुछ दिनों से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प भारत को असहज करने वाली भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। गुरुवार को तो उन्होंने सीधे ही चीन, भारत, ब्राजील जैसे देशों को 500 प्रतिशत तक टैरिफ शुल्क भुगतने की सीधी चेतावनी ही नहीं दी, बल्कि इसको लेकर वह एक विधेयक भी ले आए, जो अगले हफ्ते वहां की सीनेट में मंजूरी के लिए रखा जाएगा। चीन पर भी जायसवाल ने बात की और बताया कि शक्सगाम घाटी में भारत-चीनी गतिविधियों पर पूरी नजर गड़ाए हुए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शक्सगाम भारतीय क्षेत्र है और इसकी जमीनी हकीकत को बदलने के प्रयासों के खिलाफ चीनी पक्ष के सामने लगातार विरोध जताया है। अमेरिका की तरफ से भारत को लेकर जिस तरह के समाचार आ रहे हैं निश्चित रूप से वह चिंता पैदा करने वाले हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने जब से राष्ट्रपति पद संभाला है, तभी से उनकी भारत के साथ रिश्तों में तल्खी सामने आ रही है और भारत पर अमे. रिकी टैरिफ का दबाव डाला जा रहा है। अमेरिका के साथ पर्दे के पीछे जो ट्रेड वार्ताएं अब तक हुई हैं वे कोई रिजल्ट नहीं दे पाई हैं। अमेरिका के वाणिज्य सचिव हॉवर्ड ल्यूटनिक ने कहा है कि व्यापार समझौता इसलिए अटका हुआ है, क्योंकि पीएम मोदी ने ट्रम्प से बात नहीं की। ल्यूटनिक के अनुसार डील के अटकने के पीछे की वजह कोई नीतिगत मतभेद नहीं बल्कि पीएम मोदी का ट्रम्प को सीधे फोन नहीं करना है। उन्होंने दावा कि ट्रेड डील की रूपरेखा पूरी तरह से तैयार थी, लेकिन उसे अंतिम रूप देने के लिए मोदी को ट्रम्प से फोन पर बात करनी थी, जिसके लिए पीएम मोदी सहज दिखाई नहीं दिए और यह कॉल नहीं की गई। जिसके चलते व्यापार समझौता अटक गया। बड़ी बात जो उन्होंने कही वह यह कि यह अमेरिकी राष्ट्रपति से डील थी और वही अंतिम फैसला लेते हैं। वही सबकुछ करते हैं, सबकुछ पहले से तय था। ल्यूटनिक ने यह भी दावा कि जिन शर्तों पर भारत-अमे. रिका के बीच व्यापार समझौता तय माना गया था वह अब लागू नहीं है और अमेरिका अब पीछे हट चुका है। ऐसा कहकर शायद वह यह कहना चाह रहे हैं कि अमेरिका अब इस पर कोई बात नहीं करेगा। ल्यूटनिक की बातों से यह भी लगता है कि यह समझौता एकतरफा था यानि भारत उन शर्तों को नहीं मान सकता, जो अमेरिका चाहता है। जाहिर है यह विवाद और अधिक गहरा सकता है।

## कानून सबके लिए बराबर कब होगा




भाजपा सरकार के शासन में देशभर में लोग भ्रष्टाचार तथा अन्याय से पीड़ित हैं और विकास की बात करने वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार तबाही की रफ्तार का प्रतीक बन गई है, भ्रष्टाचार के साथ सत्ता का दुरुपयोग और अहंकार का जहर भाजपा की राजनीति में ऊपर से नीचे तक फैल चुका है, उत्तराखंड में अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था, लेकिन सवाल आज भी वही है, सत्ता का संरक्षण भाजपा के किस अति महत्वपूर्ण व्यक्ति को बचा रहा है, यह सरकार बताए कि कानून सबके लिए बराबर कब होगा, उन्नाव कांड को भी पूरा देश देख चुका है कि सत्ता के गुरूर में अपराधियों को कैसे बचाया गया और पीड़िता को न्याय के लिए कितनी कीमत चुकानी पड़ी। **राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# पारिस्थितिकी की रक्षा के लिए स्थानीय समुदायों की भूमिका अहम

**चैंपियन ऑफ के नाम से मशहूर माधव गाडगिल का इस दुनिया से चले जाना पर्यावरण और बायोडाइवर्सिटी को भारी हानि है।**



एम. इमरान



माधव गाडगिल भारत के उन अग्रणी पर्यावरण वैज्ञानिकों में माने जाते हैं जिन्होंने पारिस्थितिकी को केवल एक अकादमिक विषय न मानकर उसे समाज, लोकतंत्र और जनभागीदारी से गहराई से जोड़ा। उनका पूरा जीवन कार्य इस विचार के इर्द-गिर्द घूमता है कि प्रकृति की रक्षा तभी संभव है जब स्थानीय समुदायों को निर्णय प्रक्रिया का केंद्र बनाया जाए और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक समझ के साथ सम्मान दिया जाए। माधव गाडगिल का योगदान केवल शोध पत्रों या रिपोर्टों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने भारत में पर्यावरणीय सोच की दिशा को बदलने का प्रयास किया।

माधव गाडगिल का जन्म 1942 में हुआ और उन्होंने हार्वर्ड विश्वविद्यालय से पारिस्थितिकी में उच्च शिक्षा प्राप्त की। विदेश में अध्ययन और शोध के अवसर होने के बावजूद उन्होंने भारत लौटकर यहां की जैव विविधता और पर्यावरणीय समस्याओं पर काम करने का निर्णय लिया। उनका मानना था कि भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में पारिस्थितिकी की समझ पश्चिमी मॉडल से अलग होनी चाहिए, क्योंकि यहां की सामाजिक संरचना, आजीविका के साधन और प्रकृति पर निर्भरता की परंपराएं भिन्न हैं। इसी सोच ने उनके काम को विशिष्ट बनाया। गाडगिल ने भारतीय पारिस्थितिकी की नींव मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि पारिस्थितिकी केवल जंगलों और वन्य जीवों का अध्ययन नहीं है, बल्कि यह मनुष्य और प्रकृति के बीच संबंधों की भी गहरी पड़ताल करता है। उन्होंने ग्रामीण समाजों, आदिवासी समुदायों और मछुआरों जैसे समूहों के जीवन का अध्ययन किया और दिखाया कि कैसे उनकी परंपराएं सदियों से संसाधनों के संरक्षण में सहायक रही हैं। उनके अनुसार पारंपरिक ज्ञान किसी भी आधुनिक नीति निर्माण में उपेक्षित नहीं किया जाना चाहिए। माधव गाडगिल का सबसे महत्वपूर्ण योगदान पश्चिमी घाटों के संरक्षण से जुड़ा माना जाता है। पश्चिमी घाट भारत के जैव विविधता हॉटस्पॉट्स में से एक हैं और यहां हजारों प्रजातियां पाई जाती हैं। इस क्षेत्र पर बढ़ते विकास, खनन, बांध निर्माण और वनों की कटाई से गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा था। इसी संदर्भ में भारत सरकार ने पश्चिमी घाट पारिस्थितिकी विशेषज्ञ पैनल का गठन किया और माधव गाडगिल को इसका अध्यक्ष बनाया गया। इस समिति की रिपोर्ट, जिसे आमतौर पर गाडगिल रिपोर्ट कहा जाता है, भारतीय पर्यावरण इतिहास की सबसे चर्चित और विवादास्पद रिपोर्टों में से एक बन गई।

गाडगिल रिपोर्ट का मूल विचार यह था कि पश्चिमी घाटों को उनकी पारिस्थितिक संवे. दनशीलता के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित किया जाए और विकास गतिविधियों को उसी के अनुरूप नियंत्रित किया जाए। उन्होंने पूरे पश्चिमी घाट क्षेत्र को पारिस्थितिकी संवे. दनशील क्षेत्र घोषित करने की सिफारिश की, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि इसका अर्थ विकास को पूरी तरह रोकना नहीं है, बल्कि उसे स्थानीय परिस्थितियों और प्रकृति की क्षमता के अनुसार ढालना है। रिपोर्ट में खनन, बड़े बांधों और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाने वाली परियोजनाओं पर कड़े प्रतिबंध लगाने की बात कही गई। इस रिपोर्ट की सबसे अनोखी बात यह थी कि इसमें स्थानीय स्वशासन संस्थाओं, जैसे ग्राम सभाओं और पंचायतों, को निर्णय लेने में प्रमुख भूमिका देने पर जोर दिया गया। गाडगिल का मानना था कि ऊपर से थोपे गए नियम अक्सर जमीन पर सफल नहीं होते, जबकि स्थानीय लोग अपनी जरूरतों और पर्यावरण के बीच संतुलन बेहतर ढंग से समझते हैं। यह विचार भारतीय लो. कतंत्र में पर्यावरणीय शासन को अधिक सहभागी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम था। हालांकि गाडगिल रिपोर्ट को तीव्र विरोध का भी सामना करना पड़ा।

कुछ राज्य सरकारों और उद्योग समूहों ने इसे विकास विरोधी करार दिया। उनका तर्क था कि इतनी कड़ी सिफारिशें आर्थिक विकास और रोजगार के अवसरों को बाधित करेंगी। लेकिन गाडगिल ने बार-बार यह स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य विकास को रोकना नहीं, बल्कि उसे टिकाऊ बनाना है। वे कहते थे कि अल्पकालिक लाभ के लिए यदि हम प्रकृति को नष्ट कर देंगे, तो दीर्घकाल में इसका खामियाजा समाज को ही भुगतना पड़ेगा। माधव गाडगिल ने पर्यावरणीय नीतियों में पारदर्शिता और जनसंवाद की आवश्यकता पर भी लगातार जोर दिया। उनका मानना था कि वैज्ञानिकों को प्रयोगशालाओं और विश्वविद्यालयों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें समाज के साथ संवाद करना चाहिए। उन्होंने कई बार कहा कि यदि पर्यावरणीय निर्णयों को आम लोगों की भाषा में नहीं समझाया जाएगा, तो वे केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएंगे। इसी कारण वे लेखन, व्याख्यान और सार्वजनिक चर्चाओं के माध्यम से लगातार सक्रिय रहे। उनका एक महत्वपूर्ण योगदान भारत में जैव विविधता कानूनों के निर्माण और क्रियान्वयन से भी जुड़ा है। वे राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण से जुड़े रहे और जैव विविधता अधिनियम के पीछे की सोच को आकार देने में उनकी भूमिका रही। इस कानून का उद्देश्य न केवल जैव विविधता का संरक्षण करना था, बल्कि स्थानीय समुदायों के अधिकारों को मान्यता देना और जैव संसाधनों से होने वाले लाभों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करना भी था।

यह दृष्टिकोण गाडगिल की उस सोच को दर्शाता है जिसमें संरक्षण और सामाजिक न्याय एक-दूसरे से अलग नहीं हैं। माधव गाडगिल ने शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु से लंबे समय तक जुड़े रहे और वहां पारिस्थितिकी और पर्यावरण विज्ञान को एक मजबूत अकादमिक आधार प्रदान किया। उनके कई शिष्य आज देश-विदेश में पर्यावरणीय शोध और नीति निर्माण में सक्रिय हैं। उन्होंने हमेशा छात्रों को केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित न रहने, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी और सामाजिक सरोकारों को भी समझने के लिए प्रेरित किया। उनकी लेखनी भी उतनी ही प्रभावशाली रही जितना उनका वैज्ञानिक कार्य। उन्होंने अंग्रेजी और मराठी सहित विभिन्न भाषाओं में लिखा और जटिल वैज्ञानिक विषयों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया।

# Y क्रोमोसोम रहित ट्यूमर अधिक घातक होते हैं

**शोधकर्ताओं का अनुमान है कि कैंसर कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप और उसी ट्यूमर के अंदर मौजूद प्रतिरक्षा कोशिक. ाओं में Y क्रोमोसोम के लोप के बीच एक सहसम्बंध भी है, हो सकता है कि विचित्र रासायनिक आकर्षण (कीमोअट्रैक्शन) की वजह से ऐसी प्रतिरक्षा को. शिकाएं रक्त से ट्यूमर में खिंची चली आती होंगी जिनमें Y क्रोमोसोम नदारद होता है। हालांकि अभी इस बात के पुख्ता प्रमाण नहीं हैं। लेकिन इतना पक्का है कि Y क्रोमोसोम की गैर-मौजूदगी कैंसर कोशिकाओं को अधिक आक्रामक बनाती है, और Y क्रोमोसोम रहित प्रतिरक्षा कोशिकाएं कम प्रभावी होती हैं।**

यह बात तो पता है कि पुरुषों में उम्र के साथ कुछ कोशिकाओं से क्रोमोसोम नदारद होने लगते हैं, खासकर कैंसर कोशिकाओं से, लेकिन यह मालूम नहीं था कि क्रोमोसोम की अनुपस्थिति से शरीर पर किस तरह के प्रभाव पड़ते हैं। अब, कैंसर विशेषज्ञों ने कैंसर कोशिकाओं के एक ताजा अध्ययन में पाया है कि यदि कैंसर ट्यूमर से क्रोमोसोम नदारद होता है तो मरीज के लिए अधिक घातक हो सकता है।

दरअसल, 2023 में एरिजोना विश्वविद्यालय के कैंसर विशेषज्ञ थियोडोरस्क्यू और उनके दल ने पाया था कि क्रोमोसोम का नदारद होना मनुष्यों में मूत्राशय के कैंसर की आक्रामकता को बढ़ाता है। उम्र बढ़ने के साथ प्रतिरक्षा कोशिकाओं से भी Y क्रोमोसोम गायब हो सकते हैं, जिससे कैंसर से मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है।

हालिया अध्ययन में उपरोक्त शोधदल ने कैंसर-कोशिका जीनोम के विशाल भंडार से प्राप्त जानकारी के आधार पर दो समूहों की तुलना की। Y क्रोमोसोम विहीन और ल क्रोमोसोम सहित। उन्होंने पाया कि पुरुषों में, कई प्रकार के कैंसर में, कैंसर ट्यूमर से Y क्रोमोसोम नदारद हो तो वे उन मरीजों की तुलना में जल्दी मर जाते हैं जिनके कैंसर ट्यूमर में Y क्रोमोसोम मौजूद होता है। यह भी पता चला कि Y क्रोमोसोम का लोप कैंसर कोशिकाओं और प्रतिरक्षा कोशिकाओं दोनों में होता है। गौरतलब है कि प्रतिरक्षा कोशिकाएं शरीर की रक्षा के लिए ट्यूमर पर हमला करती हैं। अब, महज कैंसर कोशिकाओं से Y क्रोमोसोम का लोप होता है तो उनमें अन्य उत्परिवर्तनों की संख्या और गंभीरता बढ़ती है। साथ ही, कुछ ऐसे परिवर्तन भी हो सकते हैं जिससे ट्यूमर प्रतिरक्षा प्रणाली की नजर से बच निकले, उसकी पकड़ में न आए, लेकिन यदि Y क्रोमोसोम का लोप प्रतिरक्षा कोशिकाओं में भी हो जाता है तो असर अलग होते हैं Y क्रोमोसोम का लोप प्रतिरक्षा कोशिकाओं को निष्क्रिय कर देता है और प्रतिरक्षा तंत्र को शांत कर देता है, जिससे वे कैंसर से लड़ने के उतनी काबिल नहीं रहतीं। यानी, एक तो ट्यूमर बहुरूपिया, ऊपर से प्रतिरक्षा कोशिकाओं की नजर कमजोर। यह स्थिति मरीज के लिए घातक साबित होती है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि कैंसर कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप और उसी ट्यूमर के अंदर मौजूद प्रतिरक्षा कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप के बीच एक सहसम्बंध भी है, हो सकता है कि विचित्र रासायनिक आकर्षण (कीमोअट्रैक्शन) की वजह से ऐसी प्रतिरक्षा कोशिकाएं रक्त से ट्यूमर में खिंची चली आती होंगी जिनमें Y क्रोमोसोम नदारद होता है। हालांकि अभी इस बात के पुख्ता प्रमाण नहीं हैं। लेकिन इतना पक्का है कि Y क्रोमोसोम की गैर-मौजूदगी कैंसर कोशिकाओं को अधिक आक्रामक बनाती है, और Y क्रोमोसोम रहित प्रतिरक्षा कोशिकाएं कम प्रभावी होती हैं।



**स्रोत फीचर्स**

# बांग्लादेशी खिलाड़ी के बहाने अभिनेता शाहरुख के विरोध का स्तर व औचित्य

निर्मल रानी



भारतीय गोदी मीडिया ने पिछले दिनों बहस के लिए जिस सबसे ज्वलंत मुद्दे को बहस के लिए जरूरी समझा वह था आई पी एल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स में एक बांग्लादेशी खिलाड़ी के खरीदने पर शाहरुख का विरोध और इस पर चर्चा करना। गौरतलब है कि बंगलादेश में छात्रों और जनता के भारी विरोध प्रदर्शनों के बीच शेख हसीना की सरकार 5 अगस्त 2024 को गिर गई थी और उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था साथ ही वे बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई थीं। उसी समय से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक विरोधी हिंसा व प्रदर्शन लगातार हो रहे हैं। कई हिन्दुओं को लक्षित कर जान से मारा जा चुका है। ऐसे में भारतीयों में बंगला देश के विरुद्ध गुस्सा स्वाभाविक है। इसी बीच प्रत्एक वर्ष की भांति इस वर्ष भी इंडियन प्रीमियर लीग (आई पी एल) की विभिन्न टीमों ने अनेक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को बोली लगाकर खरीदा। ऐसा ही एक बांग्लादेशी तेज गेंदबाज था मुस्तफिजुर रहमान। इस बांग्लादेशी खिलाड़ी को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 2026 की नीलामी में रिकार्ड 9.2 करोड़ रूपए की बोली लगाकर खरीदा था। यह IPL इतिहास में किसी बांग्लादेशी खिलाड़ी की सबसे ऊंची बोली थी। कोल. काता नाइट राइडर्स अथवा KKR के मुख्य रूप से जो तीन लोग मालिक हैं उनके नाम हैं बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, अभिनेत्री जूही चावला और उनके पति जय मेहता। गोया यह तीनों ही ज़्ज़त टीम के सह-मालिक हैं परन्तु बी सी सी आई की मर्जी से इस बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान का नाम नीलामी पूल में शामिल किए जाने के बावजूद तथा शाहरुख के साथ साथ जूही चावला और उनके पति जय मेहता के पास भी KKR का स्वामित्व होने के बावजूद साम्प्रदायिकता में ही प्रसिद्धि तलाशने वाले कुछ पेशेवर किस्म के सम्प्रदायकतावादियों द्वारा अपने निशाने पर केवल शाहरुख खान को ही लिया गया। हालांकि इस सम्बन्ध में आने वाली ताजा खबरों के अनुसार अब बीसीसीआई ने के आर के को बांग्लादेश के इस तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से अलग करने व इसके बदले किसी दूसरे खिलाड़ी को रखने की अनुमति दे दी है परन्तु इस विषय पर बी सी सी आई ,जूही चावला व जय मेहता को छोड़कर केवल शाहरुख खान के विरोध में इस्तेमाल किए गए शब्दों व उसके पीछे छुपे इरादों ने न केवल एक बार फिर सम्प्रदायवाद आधारित एक बहस को जन्म दे दिया है बल्कि इसी बहाने सोशल मीडिया पर शाह रुख व निहायत ही घटिया शब्दों में उनकी आलोचना करने वालों की पारिवारिक पृष्ठभूमि व देश के प्रति उनके योगदान व कुर्बानियों की भी तुलनात्मक चर्चा की जाने लगी है। शाहरुख को किसी ने गद्दार कहा तो किसी ने देशद्रोही बताया जबकि कुछ लोगों ने आई पी एल में ज़्ज़त बॉयकॉट की बात की। इस विरोध का कारण केवल यही था कि शाहरुख खान मुस्लिम हैं और बंगलादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान भी मुस्लिम हैं। जबकि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना इन दिनों भारत में पनाह लिए हुए हैं। किसी श्स्वयंभू राष्ट्रवादी श्को कोई आपत्ति नहीं है। पिछले दिनों बांग्लादेश के इस बिगड़े हिंसक साम्प्रदायिक माहौल के बीच पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की मृत्यु पर विदेश मंत्री ने शिरकत की और भारत बांग्लादेश संबंधों को सामान्य बनाने का सन्देश दिया। न किसी धर्मात्मा को बुरा लगा न किसी राष्ट्रवादी नेता को। इन्हें बस सबसे बड़ा अपराधी यदि कोई नजर आया तो वह शाहरुख खान ? वह शाहरुख खान जो सैकड़ों करोड़ आयकर का प्रतिवर्ष भुगतान कर देश की अर्थव्यवस्था में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। उन्हें उनके लंबे और शानदार फिल्मी कैरियर में कई प्रमुख राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मान और पुरस्कार मिल चुके हैं। वे बॉलीवुड के सबसे सफल अभिनेताओं में से एक हैं और उन्होंने 15 फिल्म फेयर अवॉर्ड्स सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं। शाहरुख को 2025 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिल चुका है। यह उनका पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार है। इसके अलावा उन्हें कई स्क्रीन अवॉर्ड्स, जी सिने अवॉर्ड्स, प्प्थ। अवॉर्ड्स और प्रोड्यूसर्स गिल्ड अवॉर्ड्स हासिल हो चुके हैं। भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए उन्हें देश का सर्व प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार 2005 में भारत सरकार द्वारा दिया जा चुका है। इसी तरह 2007 में फ्रांस सरकार द्वारा ऑड्रे दे आर्ट्स एट दे लेट्र्स अवार्ड मिला जबकि 2014 में फ्रांस की सबसे ऊंचा नागरिक सम्मान लीजन ऑफ ऑनर भी मिल चुका है। उन्होंने 2018 में विश्व आर्थिक मंच द्वारा महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के लिए नेतृत्व करने हेतु क्रिस्टल अवॉर्ड प्राप्त किया। जबकि 2011 में बच्चों की शिक्षा के लिए दान कार्य हेतु यूनेस्को का पिरामाइड कॉन मार्नी अवॉर्ड हासिल किया। शाहरुख खान को एडिनबरा यूनिवर्सिटी, बेडफोर्डशायर यूनिवर्सिटी, ला ट्रोब यूनिवर्सिटी आदि से डॉक्टरेट की कई मानद मिल चुकी हैं। इसी तरह 2024 में उन्हें लोकर्नो फिल्म फेस्टिवल (स्विट्जरलैंड) पार्डो आला कारिएरा का लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड हासिल हो चुका है। शाहरुख खान ने 2013 में मीर फाउन्डेशन के नाम से एक गैर -लाभकारी समाज सेवी संस्था गठित की हुई है। जिसके माध्यम से वे एसिड अटैक सर्वाइवर्स, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा राहत,पुनर्वास और व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी कई सामाजिक सेवाओं में सक्रिय योगदान देते रहते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि वे इस काम के लिए खामोशी से और बिना किसी प्रचार व दिखावे के दान करते हैं।

उनकी ये सेवाएं महिलाओं सशक्तिकरण और बच्चों के कल्याण पर केंद्रित हैं। इसी मीर फाउंडेशन ने पंजाब बाढ़ में हजारों बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत किट्स, भोजन, स्वच्छ पानी आदि मुहैया कराया और सैकड़ों क्षतिग्रस्त मकानों के पुनर्निर्माण में अपना सहयोग दिया। उनके द्वारा COVID-19 के दौरान स्वास्थ्य उपकरण दान किए गए। केरल व चेन्नई की बाढ़ में आर्थिक सहायता दी गई । शाहरुख खान नानावती अस्पताल में अपनी मां के नाम पर कैंसर विभाग चलाते हैं तथा बच्चों के कुपोषण के खिलाफ अभियान चलाते हैं। बाल साक्षरता और अस्पताल निर्माण में सहयोग करते हैं। वे मेक-ए-विश फाउंडेशन संस्था के माध्यम से बच्चों की इच्छाएं भी पूरी करते हैं। जहां तक शाहरुख खान को गद्दार या देशद्रोही कहने का प्रश्न है तो ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने वाले जहरीले लोगों को अपने पारिवारिक संस्कारों की तुलना भी शाहरुख खान के पारिवारिक संस्कारों से जरूर करनी चाहिए। गौरतलब है कि आजाद हिन्द फौज के मेजर जनरल शाहनवाज खान शाहरुख खान की मां लतीफ फातिमा को अपनी बेटी के समान समझते थे। यहां तक कि शाहरुख के पिता मीर ताज मोहम्मद खघन से लतीफ फातिमा की शादी भी शाह नवाज खघन के बंगले में ही हुई थी।

यह साबित करता है कि कर्नल शाहनवाज खान का शाहरुख के परिवार से गहरा आत्मीय रिश्ता था। इसीलिए यह भी कहा जाता है कि शाहरुख खान की मां लतीफ फातिमा को आजाद हिन्द फौज के मेजर जनरल शाह नवाज खान ने गोद लिया था या वे उनके लिए पितातुल्य थे। ऐसे संस्कारों में परवरिश पाने वाले शाहरुख खान को गद्दार व देशद्रोही जैसी उपाधियां देने वालों को अपने पारिवारिक संस्कारों व देश के प्रति शाहरुख की कुर्बानियों व सेवाओं की तुलना जरूर करनी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इटली की लुक्रेशिया माघ मेले में कर रही है भजन कीर्तन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम की रेती पर माघ मेला के दौरान इटली से आई 22 साल की लुक्रेशिया दिन-भर भजन-कीर्तन करती हैं। भारतीय संस्कृति में रमी लुक्रेशिया का कहना है कि महाकुंभ ने उनकी जिंदगी ही बदल दी है। श्रद्धा और आस्था का सैलाब उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था।

सनातन की शक्ति को समझकर उन्होंने इसे अपनाने का फैसला किया। विदेशी होकर भी भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं से गहरा जुड़ाव और सबका ध्यान खींच रहा है। लुक्रेशिया सनातन धर्म अपना चुकी हैं। अपने गुरु मनमौजी राम पुरी से दीक्षा भी ले चुकी हैं। लुक्रेशिया महाकुंभ के दौरान भी प्रयागराज आई थीं। संगम लोअर मार्ग स्थित नेमिषारण्य आश्रम में रह रहीं लुक्रेशिया 'जय सियाराम', 'जय सीताराम' और 'हर हर महादेव' के जयकारों के साथ मंत्रोच्चार सीख रही हैं। भारतीय संस्कृति की तरफ उनका झुकाव, साधना और श्रद्धा के मेले में हर तरफ चर्चा हो रही है। मेले में साधु-संतों के साथ लुक्रेशिया भी साधना में लीन हैं। आश्रम में हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन करती हैं। भक्ति गीतों व मंत्रों का अभ्यास करती हैं। विदेशी पहनावे के बावजूद उनके विचार और भाव पूरी तरह भारतीय सनातन संस्कृति में रचे-बसे दिखाई देते हैं। लुक्रेशिया ने कहा कि सनातन धर्म ने मुझे अंदरूनी शांति दी है। जीवन को समझने की नई दिशा दी है। मैं तीसरी बार भारत आई हूं। 2024 में मैंने राजस्थान की यात्रा की थी। जहां भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से मेरा गहरा जुड़ाव हो गया। इसके बाद साल 2025 में मैं महाकुंभ के दौरान प्रयागराज पहुंची। विशाल जनसमूह और भव्य आयोजन को देखकर मैं अभिभूत हो गई। अब मैं माघ मेले के दौरान वह अपने गुरु के पास आई हूं। अब मैं दीक्षा लेकर सनातन परंपरा को करीब से समझ रही हूं। लुक्रेशिया ने कहा कि यह साल मेरे जीवन में एक नई और सकारात्मक शुरुआत लेकर आया है।

## इक्वाडोर में हथियारबंद हमले में तीन लोग मारे गए

**क्विटो।** इक्वाडोर के तटीय प्रांत गुआयास में मोकोली द्वीप पर एक निजी रिहायशी परिसर के अंदर बुधवार देर रात हुए हथियारबंद हमले में तीन लोग मारे गए। गृह मंत्री जॉन रीमबर्ग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि बंदूकधारी कई सुरक्षा घेरों को तोड़कर मोकोली गोल्फ क्लब के स्पोर्ट्स कोर्ट में जबरन घुस गए। कई गाड़ियों में आए हमलावरों ने पुलिस या सेना जैसी वर्दी पहनी हुई थी और उनके पास पिस्तौल और राइफलें थीं। रीमबर्ग ने इक्वाविसा टेलीविजन को बताया कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि पीड़ित कॉम्प्लेक्स में मेहमान थे। तीनों का आपराधिक रिकॉर्ड था जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थों की तस्करी, हत्या और डकैती जैसे अपराध शामिल थे।

### भारत में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के अर्थशास्त्री क्रिस्टोफर गौरोवे का दावा

# वैश्विक अनिश्चितताओं से पार पा लेगा भारत

■ यही कारण है कि पहले भी वैश्विक चुनौतियां का इसने मजबूती से सामना किया है और आगे भी करता रहेगा

**नई दिल्ली।** भारत में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के अर्थशास्त्री क्रिस्टोफर गौरोवे का मानना है कि तमाम वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत अपनी घरेलू मांग के दम पर आने वाले समय में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। गौरोवे ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारत दुनिया के कई अन्य देशों जितनी खुली अर्थव्यवस्था नहीं है।

यह बाहरी कारकों के प्रति उतना संवे. दनशील नहीं है। यही कारण है कि पहले भी वैश्विक चुनौतियां का इसने मजबूती से सामना किया है और आगे भी करता रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत इस समय 'लाभ की स्थिति' में है। उल्लेखनीय है कि सरकार के पहले अग्रिम अनुमान के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र की गुरुवार को जारी 'विश्व आर्थिक स्थिति एवं परिदृश्य' रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। साथ ही, अगले दो साल भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में क्रमश: 6.6 प्रतिशत और 6.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया गया है। संयुक्त राष्ट्र के अर्थशास्त्री ने कहा कि भारत में पारिवारिक खर्च ऊंचा बना हुआ है, सार्वजनिक निवेश मजबूत है और ब्याज दर कम है। ये सभी कारक विकास को गति दे रहे हैं। हालांकि अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर ऊंचे आयात शुल्क और वैश्विक अनिश्चितताओं का दबाव भी है। घरेलू चुनौतियों के बारे में गौरोवे ने कहा कि दुनिया के कई अन्य देशों की तरह भारत भी सार्वजनिक ऋण के ऊंचे स्तर की समस्या से जूझ रहा है। देश के राजस्व का एक बड़ा हिस्सा ब्याज चुकाने पर खर्च हो जाता है। इसके अलावा बेरोजगारी भी एक समस्या है। उन्होंने कहा कि ऋण के बोझ का असर हर देश पर अलग-अलग होता है, और भारत पर दूसरे दक्षिण एशिया देशों के मुक. ाबले दबाव कम है। कई देशों को इसके कारण अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से मदद मांगनी पड़ी है। भारत सरकार का ऋण बनाम जीडीपी अनुपात पिछले वित्त वर्ष में 57 प्रतिशत से ऊपर था। सरकार ने इसे चालू वित्त वर्ष में 56.1 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य तय किया है। वित्त वर्ष 2018-19 में जीडीपी की तुलना में ऋण घटकर 48.9 प्रतिशत रह गया था, लेकिन कोविड-19 महामारी के बाद यह बढ़कर 61. 4 प्रतिशत पर पहुंच गया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करते हुए बताया था कि कुल व्यय का 20 प्रतिशत हिस्सा सरकार ऋणों के ब्याज की अदायगी पर खर्च करेगी। गौरोवे ने कहा कि बदलती वैश्विक राजनीतिक परिस्थितियों में अब दुनिया के कई देश अपने इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर विनिर्माण केंद्रों में विविधता ला रहे हैं जिसका फायदा भारत को मिल रहा है।

# ट्रम्प को अमेरिका पर ध्यान देने की नसीहत

## तेहरान में अशांति और हिंसा के बीच सर्वोच्च नेता खामेनेई ने देश के लोगों को संबोधित किया

**तेहरान।** तेहरान में अशांति के बीच सर्वोच्च नेता खामेनेई ने ट्रम्प को अमेरिका की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की नसीहत दी है। खामेनेई ने कहा कि प्रदर्शनकारी दूसरे देश के राष्ट्रपति को खुश करने के लिए अपनी देश को बर्बाद कर रहे हैं। खामेनेई ने साफ कहा है कि देश विदे. शियों के भाड़े के सैनिकों को बर्दाश्त नहीं करेगा। सुप्रीम नेता का यह ईरानी सरकारी टीवी की ओर से विरोध प्रदर्शनों पर एक रिपोर्ट में हिंसा भड़काने के लिए इजरायल और अमेरिका के 'आतंकी एजेंटों' को दोषी ठहराए जाने के बाद आया है।

ईरान के सरकारी मीडिया ने रात भर देशभर में फैले प्रदर्शनों पर अपनी चुप्पी तोड़ी और आरोप लगाया कि अमेरिका और इजरायल के 'आतंकी एजेंटों' ने आगजनी की और हिंसा भड़काई। अपनी दैनिक सुबह की ब्रीफिंग में सरकारी टीवी ने कहा कि निजी कारों, बाइक, मेट्रो जैसे सार्वजनिक स्थानों, दमकल गाड़ियों और बसों में आग लगाई गई है। ईरान में बीते दो हफ्तों से लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। बढ़ती महंगाई और गिरती मुद्रा को लेकर जनता का आक्रोश फैल गया, जिसके बाद ईरान सरकार के खिलाफ लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। खामेनेई ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश प्रदर्शनों के आगे नहीं झुकेगा। सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक संबोधन में खामेनेई ने विदेशी समर्थित तत्वों पर देश को अस्थिर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। खामेनेई ने कहा कि सभी को यह जान लेना चाहिए कि इस्लामी गणतंत्र



■ दूसरे देश को खुश करने के लिए किए जा रहे प्रदर्शन

हजारों सम्मानित लोगों के खून के दम पर सत्ता में आया है और यह उपद्रवियों के सामने पीछे नहीं हटेगा। राजधानी में जारी अशांति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारी अमेरिकी राष्ट्रपति को खुश करने के लिए काम कर रहे हैं।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर उन्हें देश चलाना आता होता तो वे अपना देश ठीक से चलाते क्योंकि अमेरिका के भीतर ही कई समस्याएं हैं। ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता ने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के हाथ 1000 से अधिक ईरानियों के खून से रंगे हुए हैं। उनके इस बयान को जून में ईरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिका द्वारा किए गए हमलों के संदर्भ में देखा जा रहा है। खामेनेई ने अपने समर्थकों से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए युवाओं से कहा कि अपनी तैयारी और एकता बनाए रखें क्योंकि एक एकजुट राष्ट्र किसी भी दुश्मन पर विजय प्राप्त कर सकता है। उल्लेखनीय है कि ईरान में आर्थिक नीतियों को लेकर देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। ईरान में सरकार विरोधी व्यापक प्रदर्शनों के बीच कुछ प्रदर्शनकारी देश में शाह वंश की वापसी की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी निर्वासित युवराज रजा पहलवी के आह्वान का समर्थन करते नजर आ रहे हैं। अशांत ईरान में प्रदर्शनकारियों ने 'पहलावी वापस आएंगे' के नारे लगाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक निर्वासित युवराज रजा पहलवी अगले सप्ताह मार-ए-लागो में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात कर सकते हैं। हालांकि अभी तक इस मुलाकात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन ट्रम्प और पहलवी की मुलाकात यरुशलम प्रेयर ब्रेकफास्ट में होगी। स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने कहा कि स्वीडन प्रदर्शनकारियों की आवाज सुनता है और उनकी 'स्वतंत्रता के लिए साहसी लड़ाई' का समर्थन करता है। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा कि ईरानी जनता एक बार फिर दमन के खिलाफ उठ खड़ी हुई है। हम उनकी आवाज सुनते हैं और स्वतंत्रता के लिए उनके साहसी संघर्ष का समर्थन करते हैं। स्वतंत्रता और बेहतर भविष्य की स्पष्ट मांगों को हिंसा और दमन से लंबे समय तक चुप नहीं कराया जा सकता। बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर ने भी ईरान के प्रदर्शनकारियों की प्रशंसा की। बेल्जियम पीएम ने कहा कि कई वर्षों के दमन और आर्थिक कठिनाइयों के बाद साहसी ईरानी स्वतंत्रता के लिए खड़े हो रहे हैं। वे हमारे पूर्ण समर्थन के पात्र हैं। हिंसा के माध्यम से उन्हें चुप कराना अस्वीकार्य है। राजधानी तेहरान के पूर्वी हिस्से में एक हिंसक घटना सामने आई। एक सरकारी इमारत में आग लगा दी गई।

## ट्रम्प का दावा: ईरानी शहर पर प्रदर्शनकारियों का कब्जा

■ ईरान के 100 शहरों में 13 दिनों से महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन जारी, अब तक 45 की मौत

**तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान के दूसरे सबसे बड़े शहर मशहद पर अब प्रदर्शनकारियों का कब्जा हो गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर लिखा दस लाख से ज्यादा लोगों ने प्रदर्शन किया। ईरान का दूसरा सबसे बड़ा शहर प्रदर्शनकारियों के नियंत्रण में आ गया है। सरकार की सुरक्षा बलों ने शहर छोड़ दिया है। मशहद की आबादी करीब 40 लाख है। यह शहर तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा के पास स्थित है। यह ईरान का सबसे बड़ा धार्मिक शहर है। मशहद में इमाम रजा का पवित्र दरगाह भी है, जो शिया मुसलमानों का एक बहुत बड़ा तीर्थ स्थल माना जाता है। हालांकि, शहर पर कब्जे को लेकर ट्रम्प के दावे की पुष्टि नहीं हो पाई है। किसी भी भरोसेमंद रिपोर्ट में यह साबित नहीं हुआ है कि सुरक्षा बल पूरी तरह शहर छोड़ चुके हैं या मशहद पूरी तरह प्रदर्शनकारियों के कब्जे में चला गया है। ईरान में महंगाई के खिलाफ 13 दिनों से चल रहे प्रदर्शन के बीच गुरुवार रात को हालात और खराब हो गए।

## कीव पर रूसी हमलों में चार लोगों की मौत 25 अन्य घायल

**कीव।** यूक्रेन पर पूरी रात रूस ने बड़े पैमाने पर ड्रोन एवं मिसाइल से हमला किया जिसमें राजधानी कीव में कम से कम चार लोग मारे गए और 25 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। कीव के अभियोजक कार्यालय ने कहा कि मृतकों में से तीन एक आवासीय परिसर के निवासी थे और चौथा 58 वर्षीय आपातक. ालीन चिकित्सा कर्मी था जिसकी सहायता प्रदान करने के दौरान मौत हो गई। कार्यालय ने यह भी कहा कि घायलों में चिकित्सा कर्मी, बचावकर्मी और एक पुलिस अधिकारी शामिल हैं। इस हमले से कीव के सात जिले प्रभावित हुए, जिसमें दूतावास भवन, एक किडरगार्टन और अन्य सुविधाओं सहित 19 अपार्टमेंटों को नुकसान पहुंचा। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि रूस ने हमले में 242 ड्रोन और 36 मिसाइलें दागीं, जिनमें रूसी रॉकेट प्रक्षेपण परिसर, कपुस्टिन यार परीक्षण स्थल से दागी गई एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल भी शामिल थी। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी सेना ने इस हमले को अंजाम दिया, जिसमें ओरेश. निक हाइपरसोनिक मिसाइल का उपयोग किया गया, जो परमाणु पेलोड ले जाने में भी सक्षम है और इसका लक्ष्य यूक्रेन में महत्वपूर्ण सुविधाएं थीं।

# ट्रम्प बोले: मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल्स का राज चल रहा

■ जमीनी हमले कर इन्हें खत्म करेंगे, मेक्सिको की राष्ट्रपति बोलीं: अमेरिका कहीं का मालिक नहीं

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला पर कार्रवाई के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि उनका प्रशासन जल्द ही जमीन पर मौजूद ड्रग कार्टेल को निशाना बनाने के लिए कार्रवाई शुरू करेगा। ट्रम्प ने फाक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में दावा किया कि मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल का राज है। यह अमे. रिका में हर साल 2.5 लाख से 3 लाख लोगों की मौत का कारण बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि समुद्र के रास्ते से ड्रग्स की तस्करी को 97 प्रतिशत तक रोक दिया है, इसलिए अब जमीन पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि उन्होंने योजनाओं के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने ट्रम्प के बयानों का कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने मादुरो की गिरफ्तारी के बाद कहा कि अमे. रिका किसी भी क्षेत्र का मालिक नहीं है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने साफ किया कि मेक्सिको दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को पूरी तरह खारिज करता है। ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने शीनबाम से कई बार अमेरिकी सैनिक भेजकर कार्टेल्स को खत्म करने की पेशकश की, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। शीनबाम ने जोर देकर कहा कि मेक्सिको एक स्वतंत्र और संप्रभु देश है। यहां सहयोग तो किया जा सकता है, लेकिन हस्तक्षेप नहीं। उन्होंने ड्रग तस्करी रोकने में दोनों देशों के बीच चल रहे सहयोग का जिक्र किया, लेकिन अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी को सिरे से नकार दिया। ट्रम्प ने अक्टूबर 2025 में कहा था कि वो ड्रग तस्करी से निपटने के लिए मेक्सिको में अमे. रिकी सेना और खुफिया अधिका. रियों को भेजने की तैयारी कर रहे हैं। ये दावा अमेरिकी न्यूज चौनल एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट में किया गया था। रिपोर्ट में दो मौजूदा और दो रिटायर्ड अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि इस मिशन में सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) भी शामिल हो सकती है। इन अधिकारियों के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन ने मेक्सिको में ड्रग कार्टेल्स को निशाना बनाने के लिए इस आप. रेशन की प्लानिंग पर काम शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि इस संभावित मिशन से जुड़ी शुरुआती ट्रेनिंग शुरू हो चुकी है। प्लान के मुता. बिक, मेक्सिको की जमीन पर भी आपरेशन हो सकता है।

# जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में कड़ाके की ठंड जारी

## तापमान में तेजी से गिरावट, द्रास का तापमान शून्य से नीचे 24.6 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख इन दिनों शीत लहर के साथ कड़ाके की ठंड की गिरफ्त में है। पूरे क्षेत्र में तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है और कई स्थानों पर मौसम का अब तक का सबसे न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया है।



मौसम विभाग के अनुसार श्रीनगर में इस मौसम की सबसे सर्द रात रिकॉर्ड की गई, जबकि द्रास न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 24.6 डिग्री सेल्सियस के साथ लद्दाख में सबसे ठंडा स्थान रहा। कड़ाके की ठंड के कारण श्रीनगर की प्रसिद्ध डल झील के किनारे बर्फ की चादरें जम गई है। विभाग के अनुसार कश्मीर घाटी, श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 6.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पिछली रात के शून्य से नीचे 5.1 से नीचे है। अनंतनाग जलि के पहलगाम पर्यटक रिजॉर्ट में कल रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 7.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से नीचे 9.2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया था। दक्षिण कश्मीर में, पुलवामा और शोपियां में क्रमश: शून्य से नीचे 7.5 और 7.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह जम्मू में तापमान 5. 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कटरा में 3.5, बनिहाल में शून्य से नीचे 0.9, बटोटे में 1.0, भद्रवाह में शून्य से नीचे 3.4 डिग्री, कठुआ में 6.0, और पुंछ में 1.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश में सबसे ज्यादा ठंडा स्थान रहा। लेह में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 14.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि कारगिल में तापमान शून्य से नीचे 13.2 तक गिर गया।

# रूस का यूक्रेन पर 242 ड्रोन और 35 मिसाइलों में हमला

**कीव।** रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव समेत कई इलाकों पर गुरुवार रात बड़ा हवाई हमला किया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदि. मिर जेलेंस्की के मुताबिक हमले में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने 242 ड्रोन, 13 बैलिस्टिक मिसाइलें, एक ओरेशनिक मीडियम-रेंज बैलिस्टिक मिसा. इल और 22 क्रूज मिसाइलें दागीं।

हमले के बाद कई इलाकों में बिजली और हीटिंग सप्लाई बाधित हुई है। जेलेंस्की ने कहा कि हालात सामान्य करने के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है और एनर्जी स्टाफ की बैठक बुलाकर मरम्मत और संसाधनों की समीक्षा की जाएगी। हमले में यूक्रेन स्थित कतर दूतावास की एक इमारत भी ड्रोन की चपेट में आई।



■ जेलेंस्की बोले: हमले 4 की मौत, दर्जनों घायल

# अमेरिका दो रूसी नागरिकों को करेगा रिहा

## तीन भारतीयों समेत अन्य के भविष्य पर संशय बरकरार

**मास्को।** रूस ने शुक्रवार को जानकारी दी कि अमेरिकी सेना ने जिस तेल टैंकर को अपने कब्जे में लिया था, उससे दो रूसी नागरिकों को रिहा करने के लिए अमेरिका मान गया है। रूसी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के इस फैसले का स्वागत किया है।



■ जहाज पर मौजूद तीन भारतीय नागरिकों समेत चालक दल के अन्य सदस्यों के भविष्य को लेकर स्थिति अभी साफ नहीं है

हालांकि, जहाज पर मौजूद तीन भारतीय नागरिकों समेत चालक दल के अन्य सदस्यों के भविष्य को लेकर स्थिति अभी साफ नहीं है। मामले में अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने बुधवार को उत्तरी अटलांटिक में रूसी झंडे वाले टैंकर 'मैरिनेरा' (पूर्व नाम बेला 1) को जब्त कर लिया था। इस जहाज पर कुल मिलाकर 17 यूक्रेनी, छह जार्जियाई, तीन भारतीय और दो रूसी नागरिक सवार थे। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बताया कि उनके अनुरोध पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों रूसी नागरिकों को रिहा करने का फैसला लिया है। जखारोवा ने कहा कि हम इस फैसले का स्वागत करते हैं और अमेरिकी नेतृत्व का आभार जताते हैं। मंत्रालय ने कहा कि वे अपने नागरिकों की जल्द घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। हालांकि, रूसी बयान में भारतीयों या अन्य देशों के नागरिकों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। रूसी विदेश मंत्रालय की यह बयान मास्को द्वारा वाशिंगटन से समुद्री नेविगेशन की स्वतंत्रता पर अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करने और उसकी 'नव-उपनिवेशवादी' प्रवृत्तियों को सख्ती से खारिज करने के एक दिन बाद आई है। गुरुवार को रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हम वाशिंगटन से अंतर्राष्ट्रीय समुद्री नियमों का पालन करने और मैरिनेरा टैंकर जैसे जहाजों के खिलाफ अवैध कार्रवाई बंद करने की मांग करते हैं। दूसरी ओर, व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने स्पष्ट किया कि टैंकर को अमेरिकी प्रति. बंधों का उल्लंघन करने के आरोप में पकड़ा गया है।

# पहले गोली मारेंगे, फिर बात करेंगे: डेनमार्क

## कहा: हमारे सैनिकों को इजाजत की जरूरत नहीं, ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी पर जवाब

**कोपनहेगन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी के बीच डेनमार्क का जवाब आया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने धमकी दी है कि अगर कोई विद. ेशी ताकत उनके इलाके पर हमला करती है, तो सैनिक आदेश का इंतजार किए बिना तुरंत जवाबी कार्रवाई करेंगे और गोली चलाएंगे।

■ यह नियम पहली बार 1940 में तब लागू हुआ था जब जर्मनी ने डेनमार्क पर हमला किया था



बिना आदेश हमला करने का नियम 1952 का है। तब डेनमार्क ने अपनी सेना के लिए एक नियम बनाया था, जिसके मुताबिक विदेशी ताकतों के देश पर हमला करने की स्थिति में सैनिकों को तुरंत लड़ना होगा। इसके लिए उन्हें किसी सीनियर अधिकारी की इजाजत लेने की जरूरत नहीं होती। यह नियम पहली बार 1940 में तब लागू हुआ था जब जर्मनी ने डेनमार्क पर हमला किया था। उस समय कम्युनिकेशन सिस्टम ठप हो गया था और सैनिकों को समझ नहीं आया था कि क्या किया जाए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह नियम आज भी लागू है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका की तरफ से ग्रीनलैंड पर कब्जा करने या फिर उसे खरीदने जैसी बयान दिए गए हैं। ग्रीनलैंड अटलांटिक महासागर में बसा एक द्वीप है। यह पिछले 300 साल से डेनमार्क से जुड़ा है। यहां की विदेश और रक्षा नीति डेनमार्क देखता है। पिछले साल एक सर्वे में 85 प्रतिशत लोगों ने अमेरिकी कब्जे का विरोध किया था। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नीलसन ने बार-बार कहा है कि हमारा देश बिकाऊ नहीं है। 1951 का छोटा रक्षा समझौता 2004 में अपडेट किया गया, जिसमें ग्रीनलैंड की सेमी-आटोनामस सरकार को शामिल किया गया, ताकि अमे. रिकी सैन्य गतिविधियां स्थानीय लोगों को प्रभावित न करें। इस समझौते की शुरुआत दूसरे विश्व युद्ध के दौरान हुआ, जब डेनमार्क नाजी कब्जे में था और उसके वाशिंगटन दूत ने अमेरिका के साथ ग्रीनलैंड के लिए रक्षा समझौता किया। उन्हें डर था कि नाजी ग्रीनलैंड को अमेरिका पर हमले के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। उस समय अमेरिकी सैनिकों ने द्वीप पर कई आधार बनाए और जर्मनों को हटाया। युद्ध के बाद अमेरिका ने कुछ बेस अपने पास रखे, लेकिन कोल्ड वार खत्म होने पर ज्यादातर बंद कर दिए। अब अमेरिका के पास सिर्फ पिटुफिक स्पेस बेस बचा है, जो मिसाइल ट्रैकिंग करता है। डेनमार्क की भी वहां हल्की मौजूदगी है, जैसे डाग स्लेज वाली स्पेशल फोर्सेस। हाल में डेनमार्क ने अपनी बेस अपग्रेड करने का वादा किया है। अमेरिका के व्हाइट हाउस में यह विचार किया जा रहा है कि ग्रीनलैंड के नागरिकों को प्रति व्यक्ति 10 हजार (9 लाख रुपये) से 1 लाख डालर (90 लाख रुपये) तक का भुगतान कर उन्हें डेनमार्क से अलग होकर अमेरिका में शामिल होने के लिए राजी किया जाए। इस योजना को एक 'बिजनेस डील' के तौर पर देखा जा रहा है।

